हरिभूमि

जबलपुर

मंगलवार, 25 फरवरी 2025

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

MPIDC
MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश

अनंत संभावनाएं

उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

मध्यप्रदेश में उद्योग एवं रोज़गार का नया युग प्रारंभ

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
समापन समारोह

मुख्य अतिथि
अमित शाह
केंद्रीय मंत्री, गृह एवं सहकारिता मंत्रालय

गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

25 फरवरी, 2025
सायं 4:30–6:00 | मुख्य हॉल
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल

मुख्य आकर्षण

- एमपी मोबिलिटी एक्सपो
- सेंट्रल इंडिया फैब्रिक एंड फैशन एक्सपो
- ओडीओपी विलेज
- कन्ट्री सेशन
- एमपी पवेलियन
- एग्जीबिशन एवं एक्सपो
- एमपी बिजनेस एग्जीक्यूटिव मीट (बी2बी मीटिंग)
- मध्यप्रदेश सरकार एवं बिजनेस मीट (बी2जी मीटिंग)

CII Confederation of Indian Industry

EY Shape the future with confidence

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP www.investmp.in

D-11197/24

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : जन. सम्पर्क/2025

महाकुंभ के समापन में 2 दिन शेष, अब तक करीब 62.97 करोड़ श्रद्धालु लगा चुके डुबकी

महाशिवरात्रि के स्नान को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बढ़ा भारी भीड़ के बावजूद लोग व्यवस्थाओं की कर रहे तारीफ

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

महाकुंभ का सोमवार को 43वां दिन था। मेला खत्म होने में 2 दिन और बचे हैं। शाम 4 बजे तक 1.05 लाख से ज्यादा लोगों ने स्नान किया। संगम स्टेशन से लेकर संगम तक भीड़ ज्यादा थी। दोपहर तक भीड़ कम होना शुरू हो गई। 13 जनवरी से अब तक 62.97 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं।

प्रयागराज में एंट्री पॉइंट पर पार्किंग के आसपास जाम की स्थिति है। शहर के अंदर चौराहों पर भी बीच-बीच में जाम लग रहा है। प्रयागराज पहुंचने वाली गाड़ियों को संगम से 10 किमी पहले पार्किंग में रोका जा रहा है। उसके बाद मेला क्षेत्र तक ऑटो, ई-रिक्शा या शटल बसों से जा सकते हैं।ऐसे में बहुत श्रद्धालु 10 किमी तक पैदल चलने को मजबूर हैं।

श्रद्धालुओं ने सीएम योगी को दिया धन्यवाद

महाशिवरात्रि के स्नान को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह दिखाई दे रहा है। उन्होंने प्रशासन और सरकार के कामों की भी तारीफ की। श्रद्धालु विनेश चौधरी ने बातचीत में कहा कि महाकुंभ में आकर मुझे अच्छा लगा है। प्रशासन ने मेला क्षेत्र में अच्छी व्यवस्थाएं की हैं, जिसके चलते किसी भी तरह की मुश्किलें नहीं आईं। मैं सीएम योगी को धन्यवाद देना चाहूंगी, जिन्होंने श्रद्धालुओं की हर एक सुविधा का ख्याल रखा है।श्रद्धालु पवन चौधरी ने बताया कि मैं राजस्थान के बीकानेर शहर से आया हूं और महाकुंभ में प्रशासन ने अच्छी व्यवस्थाएं की हैं। मैं लोगों को बताना चाहूंगा कि संगम के पानी को लेकर जिस तरह के भ्रामक दावे किए जा रहे हैं, वह गलत है। श्रद्धालु अनुज ने कहा कि मैंने संगम में स्नान किया है और यहां पर अच्छे इंतजाम हैं। गुजरात से आए श्रद्धालु प्रवीण सिंह चौहान ने बताया कि महाकुंभ मेला ने साबित कर दिया है कि सनातन धर्म ही सबसे आगे है।

कैटरीना ने स्वामी से लिया आशीर्वाद

अभिनेत्री कैटरीना कैफ प्रयागराज के अरैल स्थित परमार्थ निकेतन आश्रम पहुंची। कैटरीना ने परमार्थ निकेतन आश्रम के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती से आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा किमैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मैं इस बार यहां आ सकी। मैं वास्तव में बहुत खुश और आभारी हूं।

महाशिवरात्रि पर नहीं निकलेगी शोभायात्रा

महाशिवरात्रि पर प्रयागराज शहर में 16 किमी लंबी शोभायात्रा निकाली जाती है। कई मंदिरों से भी जुलूस निकाले जाते हैं। पुलिस ने कमेटी से बात करके शोभायात्रा न निकालने पर राजी कर लिया है।

महाकुंभ हादसे की जांच भी न्यायिक आयोग ही करेगा

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरकार के आश्वाशन पर महाकुंभ क्षेत्र में अमावस्या के दिन हुई सभी

तीनों हादसों में हुई मौतों और लापता लोगों का पता लगाने की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग वाली जनहित याचिका निस्तारित कर दी। सरकार ने कोर्ट को बताया कि न्यायिक आयोग के जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है।

अभिनेता अक्षय कुमार ने लगाई डुबकी।

खबर संक्षेप

गणोजी-कान्होजी के वंशजों से मांगी माफी

मुंबई। विक्की कौशल द्वारा छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में अभिनीत फिल्म 'छावा'

को देश के सभी हिस्सों से प्यार मिल रहा है, लेकिन ऐसा लगता है कि यह मराठा योद्धाओं गनोजी और कान्होजी शिर्के के वंशजों को नाराज कर रही है। इसके बाद निर्देशक लक्ष्मण उतेकर ने उनसे माफी मांग ली है।

महाकुंभ से लौट रहे 5 श्रद्धालु झुलसे

मथुरा। यमुना एक्सप्रेसवे पर सोमवार तड़के अयोध्या से लौट रहे

राजस्थान के श्रद्धालुओं की स्कॉर्पियो मांट क्षेत्र में टायर फटने के बाद पलट गई। दो श्रद्धालु किसी तरह बाहर निकल ही पाए कि गाड़ी में आग लग गई। लपटों में घिरे पांच लोगों को बमुश्किल निकाला गया।

आप के 32 विधायक संपर्क में: बाजवा

चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा का सत्र अब से कुछ ही देर में शुरू होने वाला है । विपक्ष के नेता प्रताप

सिंह बाजवा ने सत्र शुरू होने से पहले ही मीडिया कर्मियों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि आम आदमी पार्टी के 32 विधायक उनके संपर्क में है। उनका इरादा सरकार को तोड़ने का नहीं है।

जयपुर में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, पुलिस से उलझे

जयपुर। राजस्थान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस और पुलिस के बीच हल्की भिड़ंत भी हो गई। कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बैरिकेडिंग से रोकने का प्रयास किया, इससे कार्यकर्ता उग्र हो गए।

नगर निगम चुनावों से पहले राज- उद्धव मिले

मुंबई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे की

मुलाकात ने राजनीतिक अटकलों को हवा दे दी है। रविवार को अंधेरी इलाके में एक शादी समारोह में दोनों ने आमने-सामने बातचीत की। यह मुलाकात ननि चुनावों में खास मानी जा रही।

पीएम मोदी ने बिहार और असम को दी सौगातें, नीतीश को 'लाडला' सीएम बताया

जंगलराज लाने वाले और पशुओं का भी चारा डकारने वाले राज्य में नहीं कर सकते विकास

एजेंसी ▶▶ भागलपुर

मध्ययप्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट का उद्घाटन करने के बाद पीएम मोदी बिहार के भागलपुर पहुंचे। यहां पीएम मोदी ने कहा कि जंगलराज वालों को हमारी धरोहर और आस्था से नफरत है। महाकुंभ में यूरोप की जनसंख्या से ज्यादा लोग अब तक कुंभ में डुबकी लगा चुके हैं। बिहार से गांव-गांव के लोग कुंभ में डुबकी लगा रहे हैं। लेकिन, येजंगलराज वाले लोग महाकुंभ को गाली दे रहे हैं।

राम मंदिर पर अनर्गल टिप्पणी कर रहे हैं। ऐसे लोगों ने बिहार को पीछे धकेला। लेकिन, अब एनडीए सरकार के नेतृत्व में बिहार को वहीं पहचान मिलेगा जो भगवान बुद्ध और सम्राट अशोक के समय में हुआ करती थी। पीएम मोदी ने बिहार में शुरू हुई कई योजनाओं ने नाम भी गिनाएं। उन्होंने कहा कि हम नालंदा विवि के प्राचीन गौरव को आधुनिक भारत से जोड़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही केंद्र सरकार विक्रमशिला विवि को सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनाने जा रहे हैं।

> ये जंगलराज वाले लोग महाकुंभ को गाली दे रहे, राम मंदिर पर ये अनर्गल टिप्पणी कर रहे, विकास के नाम पर सिर्फ भ्रष्टाचार किया

केंद्र सरकार विक्रमशिला विवि को सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनाएगी

भागलपुर के बुनकरों को काफी फायदा मिलेगा

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया के देशों में तसर सिल्क की डिमांड बढ़ रही है। एनडीए सरकार रेशम उद्योग को बढ़ावा देने के लिए काफी जोर दे रही है। कई प्रोजेक्ट पर काम भी कर रही है। इससे भागलपुर के बुनकरों को काफी फायदा मिलेगा।

और ये लालू परिवार क्या बदलेगा हालात

पीएम नरेंद्र मोदी ने लालू परिवार हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग पशुओं का चारा खा सकते हैं। वह कभी भी परिस्थितियों को बदल नहीं सकते हैं। एनडीए सरकार ने इसे बदला है। पहले यूरिया के लिए किसान लाठी खाता था। यूरिया की कालाबाजारी होती थी। आज देखिए किसानों को पर्याप्त खाद मिलती है।

देश के करोड़ों किसानों के खाते में पैसे पहुंचे : पीएम मोदी ने अंगिका भाषा में लोगों को प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि मैं शहीद तिलका मांझी की धरती को नमन करता हूं। बाबा अजगैबीनाथ के आशीष वाले इस धरती पर आना मेरा सौभाग्य है। आज देश के करोड़ों किसानों के खाते में पैसे पहुंचे हैं। किसान सम्मान निधि की किस्त जारी की गई है। बिहार के 75 लाख के अधिक परिवार के किसानों के खाते में राशि डाली गई है।

खगड़िया में रजिस्टर हुआ एफपीओ

पीएम मोदी ने कहा कि दलहन और तिलहन में हम आत्मनिर्भर हों, यहां अधिक से अधिक फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगे, किसान खुशहाल हो, इसके लिए सरकार एक से एक कदम उठा रही है। पीएम मोदी ने कहा कि मक्का, केला और धान पर काम करने वाला एफपीओ खगड़िया में रजिस्टर हुआ है। आज 10,000 एफपीओ बनाने का पूरा हो गया है। 10,000वें किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) यह कदम किसानों को बाजार में बेहतर पहचान और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा अवसर प्रदान करेगा।

अब बारी मखाना की

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते सालों में भारत का कृषि निर्यात बहुत बढ़ा है। इसलिए किसानों को उत्पाद की ज्यादा कीमत मिल रही है। अब बारी बिहार के मखाना की है। इसलिए बजट में मखाना बोर्ड बनाने का एलान किया गया है।

पहले तो छोटे किसानों का हक भी बिचौलिए हड़प लेते थे

पीएम मोदी ने कहा कि अब एक रुपया दिल्ली से निकलता है तो सौ पैसा किसानों को मिलता है। पहले छोटे किसानों का हक भी बिचौलिए हड़प लेते थे। मोदी और नीतीश किसानों का हक का किसी को नहीं खाने देंगे। जब कांग्रेस और राजद वाले जब सरकार में थे तब जितना खेती किसानी का बजट रखा था उतना पैसा एनडीए सरकार आपके खाते में भेज चुकी है।

असम में कई कार्यक्रमों में की शिरकत

एडवांटेज असम निवेश और शिखर सम्मेलन होगा आज

असम चाय के 200 साल पूरे होने पर किया जा रहा आयोजन

गुवाहाटी। पीएम नरेंद्र मोदी सोमवार को असम के दो दिवसीय दौरे पर गुवाहाटी पहुंचे। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि पीएम मोदी मंगलवार को एडवांटेज असम 2.0 निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस प्रदर्शनी में असम राज्य के विभिन्न निवेश अवसरों और बुनियादी ढांचे के विकास की जानकारी दी जाएगी। दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी सोमवार शाम को गुवाहाटी स्थित सरुसजाई स्टेडियम में आयोजित झुमुर नृत्य प्रदर्शन में भी भाग लिया। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि यह प्रदर्शन असम के चाय बागानों के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया और इस नृत्य प्रदर्शन में प्रधानमंत्री मोदी कलाकारों और दर्शकों का अभिवादन किया। झुमुर नृत्य के बाद राज्य की विशिष्ट सांस्कृतिक थीम पर एक लेजर शो भी आयोजित किया गया।

हजारों कलाकारों ने झुमुर नृत्य प्रस्तुत किया

मोदी की इस यात्रा का एक खास अवसर असम चाय के 200 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित है। कार्यक्रम में 8,500 से अधिक कलाकारों द्वारा झुमुर नृत्य प्रस्तुत किया गया। भारत के 61 मिशन प्रमुखों के साथ गणमान्य व्यक्ति भी आएंगे।

दिग्गज, भूटान के कृषि मंत्री, उद्योगपति आएंगे

मोदी मंगलवार सुबह पूर्ण सत्र में शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इसमें असम के राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री एस जयशंकर, सर्बानंद सोनोवाल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, पबित्र मार्गेरिटा, कोनराड संगमा, माणिक साहा, भूटान के कृषि मंत्री और देश के शीर्ष उद्योगपति शामिल होंगे।

नवी मुंबई के साइबर सेल पहुंचे 'गालीबाज' यूट्यूबर

अलाहबादिया और चंचलानी ने अपने बयान दर्ज कराए, रैना देश से बाहर, नोटिस जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियाज गॉट लैटेंट शो में विवादित बयान देने वाले यूट्यूबर रणवीर अलाहबादिया और यूट्यूबर आशीष चंचलानी सोमवार को महाराष्ट्र के नवी मुंबई साइबर सेल में पहुंचे हैं। दोनों का स्टेटमेंट नवी मुंबई में रिकॉर्ड किया गया। इससे पहले अलाहबादिया को सोमवार को अपना बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया था। इंडियाज गॉट लेटेंट शो के ऑर्गनाइजर समय रैना देश के बाहर हैं, जिनसे पुलिस ने संपर्क किया है।

18 से ज्यादा लोगों पर एफआईआर

पहले भी दर्ज हुआ था चंचलानी का बयान

इससे पहले 11 फरवरी को भी खार पुलिस ने इस मामले को लेकर यूट्यूबर आशीष चंचलानी का बयान दर्ज किया था। साइबर पुलिस ने कुछ यूट्यूबर्स और सोशल इन्फ्लुएंसर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, जिन्होंने समय रैना के इंडियाज गॉट लेटेंट शो में हिस्सा लिया था। अब तक इस शो में हिस्सा लेने वाले 30 से ज्यादा लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा चुकी है।

महाराष्ट्र में सरकार गठन के बाद महायुति में तनाव चुनाव जीतने के बाद से ही 'गठबंधन' में बढ़ा दबाव

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में महायुति को जबरदस्त बहुमत मिला। विधानसभा की 288 सीटों में से 235 पर महायुति की तीन पार्टियां काबिज हो गईं। अब तक माना जा रहा था कि महायुति की सरकार में आपसी तनाव की स्थिति कम देखने को मिलेगी और विपक्ष की जबरदस्त कमजोरी से उसे 5 साल तक शासन करने में आसानी होगी, पर अब कुछ अनबन है।

सियासी बयानबाजियों ने दरार की बातों को दी हवा

नहीं बैठ रही पटरी

- *मुख्यमंत्री-मंत्री पदों को लेकर खींचतान*
- *जिलों के प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति पर मतभेद*
- *शिवसेना नेताओं की सुरक्षा घटाने पर विवाद*
- *शिंदे और फडणवीस की बैठकों में मतभेद*

'मुझे हल्के में नहीं लेना चाहिए' से बढ़ी हलचल
शिवसेना और भाजपा के बीच खटपट की खबरों ने महायुति में दरार की अटकलों को हवा दी है। एकनाथ शिंदे के बयान ने हलचल बढ़ा दी है।

शिंदे को मंत्री का चैलेंज

राजनीति में कोई परमानेंट नहीं

महाराष्ट्र की राजनीति में भाजपा और शिंदे भले ही साथ में सरकार चला रहे हैं, लेकिन दोनों के बीच शीत युद्ध भी जारी है। शिंदे को एक और चैलेंज मिला है। उनके ही गढ़ ठाणे में भाजपा के मंत्री गणेश नाइक ने सोमवार को जनता दरबार लगाया और बोले सियासत में कोई परमानेंट नहीं होता।

दिल्ली विधानसभा में पहले ही दिन भारी हंगामा, स्पीकर गुप्ता की चेतावनी

यहां गैर-जिम्मेदारपूर्ण रवैया कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई सरकार के गठन के बाद सोमवार को दिल्ली विधानसभा का सत्र शुरू हो गया। सत्र के पहले ही दिन दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी को स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने चेतावनी दे दी। स्पीकर चुने जाने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विजेंद्र गुप्ता को बधाई दी, बाद में आतिशी ने भी उन्हें बधाई दी और साथ ही इस बात पर आपत्ति जताई कि मुख्यमंत्री कार्यालय से अंबेडकर और भगत सिंह की फोटो हटा दी गई है। उन्होंने कहा कि भाजपी दलित और सिख विरोधी है। इसके साथ ही आप के विधायकों ने सदन में शोर मचाना शुरू कर दिया। इस पर विधानसभा स्पीकर अपनी कुर्सी छोड़कर खड़े हो गए। उन्होंने आतिशी से कहा, ये जो समय है, ये शिष्टाचार संबोधन था। राजनीतिक मंच नहीं बनाना चाहिए था। मैं कड़े शब्दों में आतिशी जी के व्यवहार की निंदा करता हूं।

प्रतिमा हटाने पर विवाद बढ़ा

कुर्सी छोड़ अध्यक्ष बोले- अकारण इसे राजनीतिक मंच न बनाएं

स्पीकर ने आतिशी को दी चेतावनी

उन्होंने कहा कि उन्होंने सौहार्द पूर्ण वातावरण में चल रहे इस सदन को बिना कारण के डिस्टर्ब करने की कोशिश की, मुद्दा उठाने के लिए आपको पूरा समय मिलेगा, आप जितने मर्जी मुद्दे उठाइए लेकिन अगर आप मुद्दा उठाने से पहले यहां इस तरह का वातावरण बनाना चाहेंगी तो ये विपक्ष का गैर-जिम्मेदार पूर्ण रवैया बर्दाश्त नहीं होगा।

आंबेडकर और भगत सिंह की तस्वीर पर बढ़ा विवाद : आतिशी ने मुख्यमंत्री दफ्तर से बाबा साहब भीमराव आंबेडकर और भगत सिंह की तस्वीरें हटाने पर जोरदार हंगामा किया।

सीएम गुप्ता समेत मंत्रियों और विधायकों ने ली शपथ
इसके पहले दिल्ली विधानसभा में प्रोटेम स्पीकर अरविंदर सिंह लवली ने सभी नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई है। सबसे पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शपथ ली।

मोहल्ला क्लीनिक के बाद बसों का भी बदला जाएगा नाम

मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलने के बाद भाजपा सरकार मोहल्ला बसों का नाम बदलने पर विचार कर रही है। आप ने मोहल्ला बसों के नाम से दिल्ली में छोटी बसें चलाने की योजना बनाई थी, मगर सड़कों पर नहीं उतार पाई। इस योजना के तहत 150 बसें आ चुकी हैं जो पिछले तीन महीने से कुशक नाला बस डिपो में खड़ी हैं।ये बसें दिल्ली विधानसभा चुनाव की अधिसूचना की घोषणा के पहले ही आ चुकी थीं। इसका एक कारण सत्ता में उस समय के नेताओं और अधिकारियों के बीच तालमेल न होना भी रहा था।

ईसीआई की दो दिनी कॉन्फ्रेंस

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अफसरों से करेंगे मंथन

नई दिल्ली। भारत निर्वाचन आयोग ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों की दो दिनी कॉन्फ्रेंस आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह सम्मेलन 4-5

मार्च को इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट नई दिल्ली में होगा। यह पहला मौका होगा जब मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में बैठक होगी। इसकी विशेषता यह है कि पहली बार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को एक जिला निर्वाचन अधिकारी और एक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को नामांकित करने के निर्देश दिए गए हैं।

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन की 18 नई नीतियों को लांच करते पीएम मोदी

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 24, 25 फरवरी 2025 भोपाल

पहले दिन बरसा निवेश

पहले दिन कुल 8 बड़े उद्योगपतियों के साथ करीब 3.50 लाख करोड़ रुपए के एमओयू
इसके अलावा 4100 किमी सड़क नेटवर्क के लिए 1 लाख करोड़ का अलग से करार

पीएम बोले-अपनी क्षमता से देश के शीर्ष पांच राज्यों में शामिल होगा मप्र

दो दिवसीय जीआईएस 2025 का प्रधानमंत्री ने किया शुभारंभ

पीएम मोदी ने कहा-मप्र में निवेश करने का यही समय, सही समय

देश की ईवी क्रांति का लीडिंग स्टेट बना मप्र, मप्र मैन्युफैक्चरिंग के नए सेक्टर्स के लिए शानदार डेस्टिनेशन

प्रधानमंत्री ने उद्योगपतियों को दिया टैक्सटाइल टूरिज्म और टेक्नोलॉजी में निवेश का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मप्र तेज गति से ग्रोथ करने वाले राज्यों में से एक है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जनवरी 2025 तक मप्र में दो लाख इलेक्ट्रिक वाहन रजिस्टर्ड हुए, यह देश के अन्य राज्यों के मुकाबले से अधिक है। यह 90 फीसदी ग्रोथ रेट है। इतना ही नहीं कभी खराब सड़कों की वजह से मप्र में वाहन ठीक से नहीं चल पाते थे, आज वही मप्र भारत के रिवॉल्यूशन में लीडिंग राज्यों में से एक है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे का एक बड़ा हिस्सा मप्र से होकर गुजरता है। मप्र के पास 5 लाख किमी का रोड नेटवर्क है। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को मप्र के सबसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 (जीआईएस) का शुभारंभ करते हुए बोल रहे थे।

मोदी ने कहा कि मप्र तेज गति से ग्रोथ करने वाले राज्यों में से एक है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जनवरी 2025 तक मप्र में दो लाख इलेक्ट्रिक वाहन रजिस्टर्ड हुए, यह देश के अन्य राज्यों के मुकाबले से अधिक है। यह 90 फीसदी ग्रोथ रेट है

मप्र में औद्योगिक विकास के लिए अनुकूल ईकोसिस्टमः सीएम

सीएम डॉ. यादव ने कहा कि किसी भी प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए 4 मूलभूत संसाधनों की आवश्यकता होती है, भूमि, जल, बिजली और कुशल कार्यबल। प्रदेश में सरप्लस बिजली है, भरपूर पानी है, विशाल लैंड बैंक है और कुशल मानव संसाधन है। यहां की कानून-व्यवस्था भी निवेश अनुकूल है। मप्र में औद्योगिक विकास के लिए अनुकूल ईकोसिस्टम तैयार है।

- **मप्र अगले पांच वर्ष में राज्य की अर्थव्यवस्था को करेगा दोगुना**
- **बड़े से बड़ा और छोटे से छोटा निवेशक भी हमारे लिए है अतिथि**

◆ टैक्सटाइल, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी देश के विकास को गति देंगे

मोदी ने कहा कि टैक्सटाइल, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी आगामी वर्षों में देश के विकास को गति देंगे। मप्र सहित देश में मेडिकल टूरिज्म की अपार संभावनाए हैं। हेल्थ एंड वेलनेस क्षेत्र को प्रोत्साहित किया जा रहा है। एमएसएमई सेक्टर को गति देने के लिए सप्लाई चैन को विकसित किया जा रहा है। ईज-ऑफ-डूइंग बिजनेस को प्रोत्साहित करने के लिए कानूनों को समाप्त किया है।

पीएम मोदी ने सीएम यादव की तारीफ की

- मोदी ने वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव की जमकर पीठ थपथपाई और बधाई दी।
- उन्होंने जीआईएस के भव्य आयोजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जमकर तारीफ की

विद्यार्थियों की परीक्षा बाधित न हो, इस कारण 20 मिनट की देरी से आया

प्रधानमंत्री मोदी ने जीआईएस के शुभारंभ कार्यक्रम में 15-20 मिनट विलंब पहुंचने पर खेद जताया। उन्होंने कारण बताते हुए कहा कि उन्हें ज्ञात हुआ है कि सोमवार को10 वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों की परीक्षा है। वीआईपी मूवमेंट होने से विद्यार्थियों को कोई परेशानी न हो, इस उद्देश्य से उन्होंने अपना शेड्यूल 20 मिनट की देरी हुई। इसके लिए क्षमा प्रार्थी हूं।

लीथियम बैटरी और न्यूक्लियर एनर्जी में भी निवेश आ रहा

प्रधामनंत्री मोदी ने कहा कि दो दशक पहले लोग मप्र में निवेश करने से डरते थे। जिस प्रदेश में बसें ठीक से नहीं चल पाती थीं, वह राज्य अब इलेक्ट्रिक व्हीकल के मामले में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। लीथियम बैटरी और न्यूक्लियर एनर्जी में भी निवेश को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मप्र में शत-प्रतिशत रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण किया जा चुका है। रानी कमलापति स्टेशन के चित्र सभी का मन मोह रहे हैं। इसी तर्ज पर प्रदेश के 80 रेलवे स्टेशनों को विकसित किया जा रहा है। विमान सेवा के लिए ग्वालियर और जबलपुर के एयरपोर्ट को विस्तार दिया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा...

विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने प्रदेशवासी प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की थीम 'अनंत संभावनाएं' है। अनंत संभावनाएं केवल एक विचार नहीं, बल्कि मप्र के प्रत्येक क्षेत्र में अवसरों की व्यापकता को दर्शाने वाला दृष्टिकोण है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प समस्त भारतवासियों ने लिया है, हमारा लक्ष्य देश को 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है। राज्य सरकार अगले 5 वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। डॉ. यादव ने कहा कि उद्योग एवं रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पहली बार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत 6 विभाग शहरी विकास विभाग, पर्यटन विभाग, खनिज विभाग, नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग एवं एमएसएमई विभाग की अलग से समिट हो रही है।

औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन के लिए 18 नई नीतियां की लॉन्च

पीएम मोदी ने रिमोर्ट का बटन दबाकर प्रदेश में औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन के लिए लागू 18 नवीन नीतियों का शुभारंभ किया। इसके तहत मप्र उद्योग नीति 2025, एमएसएमई नीति, एक्सपोर्ट प्रमोशन नीति, लॉजिस्टिक्स नीति, स्टार्टअप नीति, मध्यप्रदेश एनीमेशन, वीआर, गैमिंग कॉमिक्स और विस्तारित रियलिटी नीति, जीसीसी नीति, सेमी कंडक्टर नीति, ड्रोन संवर्धन और उपयोग नीति, फिल्म पर्यटन नीति, पर्यटन नीति, पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज नीति, सिटी गैस डिस्टिब्यूशन नीति, विमानन नीति, नवकरणीय ऊर्जा नीति, स्वास्थ निवेश प्रोत्साहन नीति और एकीकृत टाउनशिप नीति शामिल हैं।

पहले दिन इन कंपनियों के साथ हुए 'एमओयू'

जीआईएस के पहले दिन कुल 8 बड़े उद्योगपतियों के साथ करीब 3.50 लाख करोड़ रुपए के एमओयू हुए। इसमें एमटीपीसी-एनजीईएल और एमपीपीजीसीएल के साथ रिन्यूबल पॉवर एनर्जी में 1.20 लाख करोड़ रुपए के निवेश के लिए एमओयू हुए। इसी तरह एनटीपीसी न्यूक्लियर के साथ ऊर्जा के क्षेत्र में 80 हजार करोड़ रुपए के निवेश के लिए एमओयू हुए। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ रिन्यूबल एनर्जी पर 60 हजार करोड़, अवाडा ग्रुप के साथ सोलर, विंड, हाईब्रिड रिन्यूबल एनर्जी के लिए 50 हजार करोड़ रुपए, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन के साथ ऊर्जा पर 26,800 करोड़ रुपए, रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन के साथ 21 हजार करोड़ तथा ओपीजी पावर जनरेशन प्रालि. के साथ 13,400 करोड़ रुपए के निवेश पर एमओयू हुए।

दिग्गजों ने दिखाई रुचि

अडाणी समूहः एक लाख 10 हजार करोड़

समिट में आना मेरे लिए सौभाग्य का विषय है। अडाणी ग्रुप मध्यप्रदेश में 50 हजार करोड़ रुपए का निवेश कर चुका है। भविष्य में उनके समूह की एक लाख 10 हजार करोड़ रुपए की योजना है। यह निवेश सीमेंट, खनन और ऊर्जा क्षेत्र में होगा, इससे वर्ष 2030 तक एक लाख 20 हजार रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

गौतम अडाणी, चेयरमैन, अडाणी ग्रुप

अवाडा समूह 50 हजार करोड़

अवाडा समूह की मध्य प्रदेश में 50 हजार करोड़ रुपए के निवेश से सोलर-विंड पॉवर प्रोजेक्ट स्थापना की योजना है। प्राकृतिक संसाधनों का भंडार होने के साथ मप्र देश का दिल है। हमारा समूह मालवा और बुंदेलखंड में नए उद्योग लगाएगा। मप्र में जल देवी, वायु देवी की कृपा है। इस कारण ग्रीन एनर्जी उत्पादन के लिए मप्र अनुकूल है। इस क्षेत्र में हमारा समूह 15 हजार करोड़ का निवेश करेगा।

विनीत मित्तल
चेयरमैन, अवाडा समूह

मप्र में निवेश करना बुद्धिमानी का काम

गोदरेज मध्यप्रदेश में अपना निवेश बढ़ाएगी। मप्र लगातार हर क्षेत्र में विकास कर रहा है, इसलिए यहां निवेश करना उद्योगपतियों के लिए बुद्धिमानी का काम है। मालनपुर में गोदरेज का निवेश है। मध्यप्रदेश में क्वालिटी एजुकेशन, बेहतर खान-पान और अच्छी आबो-हवा है।

नादिर गोदरेज
मैनेजिंग डायरेक्टर
गोदरेज इंडस्ट्री

मप्र कृषि क्षेत्र का पावर हाउस

मध्य प्रदेश कृषि क्षेत्र में पावर हाउस है। यहां निवेश की अपार संभावनाएं नजर आती हैं। सीएम मोहन यादव का भी उद्योगपतियों को भरपूर सहयोग मिल रहा है।

संजीव पुरी
चेयरमैन, आईटीसी ग्रुप

आईटी सेक्टर के लिए अपार संभावनाएं

मध्य प्रदेश में आईटी के लिए बेहतर माहौल बन चुका है। इंदौर में 100 से ज्यादा आईटी कंपनियां हैं। इंदौर आईटी का हब बन चुका है। दूसरे शहरों में भी आईटी इंडस्ट्री में निवेश आ रहे हैं। क्वालिटी एजुकेशन, बेहतर खान-पान और अच्छी आबो हवा आईटी प्रोफेशनलों को आकर्षित करती है। आईटी सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए आईटी पार्क विकसित हो रहा है। जिसमें स्पेस पाने वाली कंपनियों को एसईजेड की रियायत मिल रही है।

संजय दुबे
एडिशनल चीफ सेकेट्री, मप्र शासन

युद्ध लड़ने के लिए बनाया गया था यह रोबोट, अब क्लब में बजा रहा डीजे

एजेंसी ▶▶| कैलिफोर्निया

आज के समय में इंसानों जैसे दिखने वाले रोबोट बनाए जाते हैं। ये रोबोट वो सभी काम करने में सक्षम होते हैं, जिन्हें इंसान कर सकते हैं। हालांकि, कुछ रोबोट्स को खास मकसदों से तैयार किया जाता है। ऐसे ही विशेष रोबोट होते हैं 'वॉर रोबोट', जो युद्ध लड़ने के काम आते हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि अमेरिका में युद्ध लड़ने के लिए बनाया गया एक रोबोट अब क्लब में डीजे बजा रहा है।

फैंटम रोबोट ने डीजे बजाकर जीत लिया सबका दिल

कैलिफोर्निया के शहर सैन फ्रांसिस्को के एक क्लब में हाल ही में डीजे नाइट का आयोजन किया गया था। इस दिन किसी इंसान के बजाय युद्ध के लिए डिजाइन किए गए एक रोबोट ने डीजे बजाया था। इस रोबोट का नाम 'फैंटम' है और इसे फाउंडेशन रोबोटिक्स लैब्स नामक कंपनी ने बनाया है। फैंटम ने टेम्पल नाइट क्लब में 'टेक गीगापार्टी' के दौरान डीजे बजाकर सबका दिल जीत लिया। यह एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ट्रेड एक्सपो और नेटवर्किंग इवेंट था।

जानिए किस उद्देश्य से बनाए जाते हैं ये रोबोट

फाउंडेशन रोबोटिक्स लैब्स ने फैंटम को नाइट क्लब में डीजे बजाने के लिए तैयार नहीं किया था। इसे राष्ट्रीय रक्षा और सैन्य उद्देश्यों के लिए बनाया गया था। इस स्टार्टअप के ग्राहकों में ऑटो निर्माता, सैन्य संचालन और निवेश कल विषयक और अमेरिकी रक्षा विभाग शामिल हैं। फैंटम जैसे अन्य रोबोट अमेरिकी सेना में रखरखाव और दूरदराज के क्षेत्रों में विमानों में ईंधन भरने जैसे गैर-लड़ाकू कामों के लिए इस्तेमाल किए जा रहे हैं।

फैंटम से क्यों बजवाया गया था डीजे

इस कंपनी के सह-संस्थापक माइक लेब्लांक ने बताया, हमारा मानना है कि ऐसे रोबोट भविष्य के युद्ध के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं। इसलिए, ऐसे रोबोट डिजाइन किए जा रहे हैं जो बड़े, तेज और मजबूत हों। फैंटम को डीजे बजाने के लिए इस्तेमाल करने के पीछे भी एक खास वजह थी। कंपनी ऐसा करके यह दिखाना चाहती थी कि ऐसे रोबोट मनोरंजन के लिए भी उपयोग किए जा सकते हैं।

फैंटम ने 30 मिनट तक बजाया था डीजे

क्लब में मौजूद लोगों ने फैंटम के द्वारा बजाए गए गानों पर डांस किया और उसकी तारीफ भी की। हालांकि, बीच-बीच में संगीत थोड़ा ऑफ बीट भी हो रहा था। इस रोबोट का डीजे सत्र 30 मिनट तक चला और इसके दौरान सभी को आनंद आया। लेब्लांक ने अपने रोबोट की तारीफ करते हुए कहा, हमारे लिए यह एकदम सही अनावरण है, क्योंकि हमारा रोबोट ऐसा ही है। यह एक मजेदार पल है।

रोचक खबरें

35 साल की महिला करेगी 80 साल के बूढ़े से शादी

न्यूयार्क। उम्र तो बस संख्या है। आजकल के युवाओं में ट्रेंड काफी चल रहा है। खासकर उन लोगों के बीच जिन्हें अपने से बड़ी उम्र की महिलाएं या मर्द पसंद आ जाते हैं। हाल ही में बॉलीवुड एक्टर साहिल खान ने अपने से 22 साल छोटी लड़की से शादी की। इसके अलावा भी देश में मटुकनाथ और जूली जैसे कई एज गैप कपल के कई उदाहरण देखने को मिल जाएंगे। लेकिन विदेशों में तो ये बहुत आम बात होती जा रही है। हालांकि, अमेरिका के विस्कोंसिन की रहने वाली 35 साल की टिफनी की लव स्टोरी कुछ ज्यादा ही अजीब है। जिस उम्र में लोग भगवान का नाम जपते हैं और मरने का इंतजार करते हैं, उस उम्र के पुरुष के साथ टिफनी शादी की तैयारी में जुटी हैं। जी हां, 35 साल की टिफनी को अपने से 45 साल बड़ा 80 साल का एक बूढ़ा पसंद है। टिफनी के इस फैसले के बाद लोग जहां इन्हें बीमार कहने लगे हैं, तो इनके परिवार के लोग भी नाराज हो गए हैं।टिफनी ऑनलाइन डर्टी वीडियोज बनाती हैं। उनके अच्छे खासे प्रशंसक भी हैं।

■ लोग कहते हैं बीमार फैमिली वाले भी नाराज

कैसे हुई दोनों की मुलाकात?

टिफनी ने बताया कि वो अपने 80 साल के बॉयफ्रेंड से रिटायर्ड हाउस (एक तरह का वृद्धाश्रम, जहां रिटायर हो चुके लोग रहते हैं।) में मिली थी। इसके बाद वो उन्हें अपने घर लेकर चली आई। लेकिन, जब से टिफनी ने अपने रिश्ते के बारे में खुलासा किया है। लोग अजीब कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने पूछा है कि उसके पास कितने पैसे हैं? जिसका जवाब देते हुए टिफनी ने लिखा कि मुझे मैकडॉनल्ड्स ले जाने के लिए काफी है। एक अन्य शख्स ने लिखा है कि आप दोनों एक-दूसरे के साथ खुश हैं। ये ज्यादा महत्वपूर्ण है। एक अन्य ने लिखा है कि ये मत सोचो कि लोग क्या कहते हैं, अपने दिल की सुनो. वैसे आपको बता दें कि टिफनी अक्सर इस तरह बुजुर्गों के साथ वीडियो पोस्ट करती हैं, जिसमें वो उनके काफी करीब होती हैं।

जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन को मिला 'बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड' का पुरस्कार

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल को 15वें एआईएमए मैनेजिंग इंडिया अवार्ड्स में प्रतिष्ठित 'बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड' सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान जेएसडब्ल्यू ग्रुप को एक वैश्विक समूह में विस्तारित करने में उनके परिवर्तनकारी नेतृत्व के लिए दिया गया है।

श्री जिंदल को यह पुरस्कार यहां आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और विशिष्ट अतिथि जितिन प्रसाद, वाणिज्य एवं उद्योग; इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री की उपस्थिति में प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र केपीएमजी इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी येजदी नागपुरेवाला ने पढ़ा।

ग्लोब के वित्तीय परिणाम घोषित

अहमदाबाद। ग्लोब टेक्सटाइल्स ने थर्ड क्वार्टर और नौ महीनों के फायनान्शियल रीजल्ट्स की घोषणा की है। कंपनी ने रेवेन्यू और प्रोफिट में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की है, जो कंपनी की बिज़नेस स्ट्रेटेजी और ओपरेशन्स की सफलता दर्शाती है। 31 दिसंबर 2024 को खत्म हुए क्वार्टर के लिए रेवेन्यू 46.2 प्रतिशत 15,159.21 लाख हो गया जबकि पिछले वर्ष की इसी समयावधि में यह 10,367.19 लाख था। कंपनी का नेट प्रोफिट 53.7 प्रतिशत बढ़कर 291.42 लाख हो गया जो पहले 189.55 लाख था।

सालों से पिंजरे में कैद है ये पेड़, मजबूर हो गया वन विभाग तो जंजीरों से भी बांधा

एजेंसी ▶▶| हजारीबाग

आमतौर पशु-पक्षियों को पिंजरे में कैद किया जाता है, क्योंकि पक्षी उड़कर भाग सकते हैं और जानवर पिंजरे से बाहर आकर नुकसान पहुंचा सकते हैं। लेकिन, कभी आपने किसी पेड़ को कैद में देखा है? वो भी जंजीरों से जकड़ा हुआ। ये सुनकर आश्चर्य तो जरूर होगा, लेकिन ये सच है। झारखंड के हजारीबाग में ऐसा पेड़ देखा गया, जिसे सालों से कैद रखा गया है, जैसे वह कहीं भाग जाएगा! दरअसल, हजारीबाग के वन विभाग कार्यालय परिसर में एक बेश कीमती लाल चंदन का वृक्ष बड़ा होकर तैयार हो गया है। ऐसा कहा जाता है कि यह जिले में इकलौता लाल चंदन का तैयार वृक्ष है। इस कारण से इसके चोरी होने का खतरा काफी है। चोरों ने 31 जनवरी 2021 को इस लाल चंदन के पेड़ को चोरी करने की कोशिश की थी। चोरों ने चंदन के वृक्ष के एक हिस्से को काट भी दिया था।

बहुत महंगी है इस पेड़ की लकड़ी चोरी का डर

8 फीट की ऊंचाई तक घेरा गया



उसके बाद इसकी सुरक्षा अब और बढ़ा दी गई। चोरों के खौफ इतना है कि चंदन के इस बड़े पेड़ को लोहे के पिंजरे में कैद किया गया, जंजीरों से जकड़ा गया, ताकि चोर पेड़ को काट न सकें। अगर, काट भी लें तो लेकर भाग न सके। पेड़ के तने को लगभग 8 फीट की ऊंचाई तक लोहे से घेर दिया गया है। यही नहीं, वन विभाग की इस पेड़ पर विशेष नजर रहती है।

न सूखा पड़ता न बिजली गिरती ग्राम देवता करते हैं रक्षा

छतरपुर। जिले में एक ऐसा गांव भी है जहां प्राकृतिक आपदाओं से गांव सुरक्षित रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे गांव में 3 पीढ़ियों से भी पहले से ग्राम देवता मौजूद हैं। गांव के खेरे तक यहां न तो सूखा पड़ता है और न ही आकाशीय बिजली गिरती है। मुड़ेरी गांव के पुजारी रामकरन शुक्ला बताते हैं कि पहाड़ के ऊपर एक अद्भुत शिला है, जिसके भीतर नंदीश्वर महाराज का स्थान है। दरअसल, नंदीश्वर महाराज ग्राम देवता हैं। नंदीश्वर महाराज के दर्शन करने के लिए सभी लोगों को शिला के द्वार से होकर गुजरना पड़ता है। ये नंदीश्वर महाराज की ही कृपा है कि शिला का द्वार तेजी से बढ़ा है। साथ ही गांव में किसी भी तरह की प्राकृतिक आपदा नहीं आती है, यही ग्राम देवता का चमत्कार है।

धरती की सबसे रहस्यमयी जगह जिसे आज तक किसी ने नहीं देखा

वॉशिंगटन। धरती पर कई ऐसी रहस्यमयी जगहे हैं, जिनके बारे में बेहद कम लोग ही जानते हैं। इन रहस्यों में कैलाश पर्वत भी शामिल है। कैलाश पर्वत के रहस्यों के बारे में वैज्ञानिकों को भी नहीं पता है। हिंदू धर्म में कैलाश पर्वत का काफी महत्व है। माना जाता है कि कैलाश पर्वत भगवान शिव का निवास स्थान है। बताया जाता है कि कैलाश पर्वत के अंदर एक रहस्यमयी दुनिया है, जिसे आज त किसी इंसान ने नहीं देखा है।

कैलाश पर क्यों नहीं चढ़ पाता कोई?

कैलाश पर्वत पर किसी व्यक्ति के नहीं चढ़ पाने के पीछे कई कहानियां प्रसिद्ध हैं। कुछ लोग मानते हैं कि अभी भी वहां भगवान शिव, माता पार्वती के साथ रहते हैं। इसलिए, किसी भी जीवित इंसान का पर्वत की चोटी पर पहुंचना नामुमकिन है। माना जाता है कि वहीं इंसान कैलाश पर्वत पर जा सकता है, जिसने अपनी जिंदगी में कभी कोई पाप न किया हो।

कोई नहीं चढ़ पाया है कैलाश पर्वत पर

इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि इस पर्वत पर आज तक कोई चढ़ ही नहीं सका है। इसपर चढ़ने की बहुत लोगों ने कोशिश की, लेकिन कोई चढ़ नहीं पाया। दुनिया के कई पर्वतारोही कैलाश पर्वत पर चढ़ने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन किसी को सफलता नहीं मिली। सबसे हैरानी की बात यह है कि यह पर्वत माउंट एवरेस्ट से दो हजार मीटर छोटा है। माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई 8848 मीटर है, जबकि कैलाश पर्वत करीब 6638 मीटर ऊंचा है। दुनिया की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट पर हजारों लोग चढ़ चुके हैं, लेकिन कैलशा पर्वत पर कोई नहीं चढ़ पाया है।

चढ़ने पर है रोक

फिलहाल कैलाश पर्वत पर किसी के भी चढ़ने पर रोक है, क्योंकि भारत और तिब्बत समेत दुनियाभर के लोगों का मानना है कि यह एक पवित्र स्थान है और पर्वत पर किसी को भी चढ़ने नहीं देना चाहिए। कैलाश पर्वत पर आखिरी बार साल 2001 में पर्वतारोहियों की एक टीम ने चढ़ने की कोशिश की थी, लेकिन फिर वो चढ़ाई पूरी किए बिना ही वापस लौट आए थे।

रेडियोएक्टिव क्षेत्र है

कैलाश पर्वत पर किसी के न चढ़ पाने के पीछे कई वजहें बताई जाती हैं। कहा जाता है कि पर्वत पर थोड़ा सा ऊपर चढ़ते ही व्यक्ति दिशाहीन हो जाता है। वह समझ में ही नहीं पाता है कि जाना कहां है और चूंकि पर्वत पर बिल्कुल खड़ी चढ़ाई है। ऐसे में बिना दिशा का ज्ञान हुए चढ़ाई करना मौत के मुंह में जाने के समान है। कई साल पहले एक पर्वतारोही ने इस पर्वत पर चढ़ने की कोशिश की थी, लेकिन कहा जाता है कि थोड़ा सा ऊपर जाते ही उसके शरीर के बाल और नाखून तेजी से बढ़ने लगे और उसे काफी घबराहट होने लगी, जिसके बाद वह नीचे आ गया। कैलाश पर्वत के बारे में कहा जाता है कि वह एक रेडियोएक्टिव क्षेत्र भी है।

राशिफल

मेष — मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

वृष — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

मिथुन — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

कर्क — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

सिंह — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

कन्या — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

तुला — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

धनु — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

मकर — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

कुंभ — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

मीन — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की

भोलेनाथ खुद बरसाएंगे आशीर्वाद

महाशिवरात्रि के दिन इन खास शिव मंदिरों में करें दर्शन, चर्म रोग से मिलेगा निजात

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व है।जिसके चलते जिले भर के शिव मंदिरों में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। बुंदेलखंड का केदारनाथ कहे जाने वाले जटाशंकर धाम और मतंगेश्वर महादेव जैसे मंदिरों में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मतंगेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के दिन मेले का आयोजन भी होता है। छतरपुर जिले से लगभग 55 किलोमीटर दूर भगवान शिव का एक ऐसा अनोखा धाम है, जिसे लोग बुंदेलखंड के केदारनाथ के नाम से जानते हैं। वैसे तो इस तीर्थ स्थल को लोग जटाशंकर धाम के नाम से भी जानते हैं, क्योंकि इस तीर्थ स्थल में भगवान शिव की एक शिवलिंग मौजूद है, जो स्वयंभू हैं। श्री जटाशंकर धाम के युवा पुजारी राजकिशोर बड़गइयां बताते हैं कि इसे बुंदेलखंड का केदारनाथ कहा जाता है। यहां हर वर्ष महाशिवरात्रि पर लाखों श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं।



श्मशान के सामने बना चाय का ठेला, बिना दुकानदार के चल रहा है 100 साल से!

कोलकाता। चाय को पसंद करने वालों की कमी पूरी दुनिया में नहीं है। भले ही इसे लेकर तरह-तरह की बातें कही जाती हैं, लेकिन कोई भी इसे छोड़ने के लिए तैयार नहीं होता है। चाय की लाख खामियां जानने के बाद भी लोग इसका स्वाद छोड़ नहीं पाते। यही वजह है कि आप सभी चाय की दुकानों पर बराबर भीड़ देख सकते हैं। आज हम आपको एक ऐसे ही टी स्टॉल के बारे में बताएंगे, जो 100 सालों से चल रही है। श्मशान के सामने मौजूद ये चाय की दुकान 100 साल से भी ज्यादा पुरानी है और अब इस पर कोई दुकानदार नहीं बैठता है। दिलचस्प तो ये है कि इसके बाद भी यहां कभी चोरी नहीं हुई और ग्राहकों की संख्या भी अच्छी-खासी रहती है। ये टी स्टॉल पश्चिम बंगाल में मौजूद है, जिसकी शुरुआत स्वतंत्रता सेनानी और ब्रू बॉन्ड कंपनी के लिए काम कर चुके नरेश चंद्रा शोम ने की थी। आज तक ये चाय की रेहड़ी इसी तरह चल रही है।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

शब्द पहेली - 5789



■ मंगल सैणचा, बैंगलोर

बाएँ से दाएँ
1.द्वेष,झगड़ा,रार-3
4.बुरकापोश-5
8.गागर,घड़ा-3
9.प्याऊ (उर्दू-3)
10.पैंदा,तला-2
12.बरस,वर्ष-2
13.सतत,लगातार-5
16.मजार,समाधि-4
17.उदारता,बड़पन्न-4
18.वायदा,कसम-2
19.महीना,माह-2
20.हमसफर-4
23.आदेश,आज्ञा-4
25.कहानी लेखक-5
28.गधा,गर्दभ-2
29.श्रवणेंद्रिय-2
31.बारिश,वर्षा-3
33.देवर्षि-3
35.दया करना-3,2
36.चिंतन

ऊपर से नीचे
1.कुपुत्र-3
2.अधिकार-2
3.सलाह,राय-4
4.अफसोस,खेद-4
5.शीतकालीन फसल-2
6.दलहन-2
7.ठंडा,सर्द-3
11.जिज्ञासा,उत्साह-3
12.बारिश का मौसम-3
13.धारावाही,अविराम, सीरियल-5
14.रीत,परंपरा-2
15.जीवनसाथी, हमराही-5
21.मोर-3
22.जल,नीर-2
24.पीहर-3
26.गजशाला, हाथी घर-4
27.करतब, करामात-4
28.उपभोग,खर्च-3
30.नेत्र,चक्षु,आंख-3
31.सवारी गाड़ी-2
32.रहन,गिरवी वस्तु-2
34.ताकत,जोर,बल-2

शब्द पहेली -5788 का हल

म	न	मो	ह	न	■	र	वा	ना	हो	ना
न	■	म	क	र	■	त	ल	ना	■	का
मो	ह	■	■	गि	■	ज	■	■	क	म
ह	म	■	आ	स	ल	गा	ना	■	मा	या
क	ल	र	व	■	क्ष	■	म	त	ल	ब
■	■	■	भ	ला	■	जो	र	■	■	■
ज	ग	म	ग	■	मौ	■	ख	चा	ख	च
मी	ल	■	त	म	त	मा	ना	■	र	म
न	त	■	■	हा	■	ल	■	■	ल	क
दा	■	म	चा	न	■	खा	रि	श	■	दा
र	म	णी	य	ता	■	ना	ट	क	का	र

सूडोकु नवताल- 5799

★☆☆☆☆ सरल

		2				1		
				2	5	7	3	
	9	4		6	7			2
	5		4		3			9
	8			9			7	
1			6		8		2	
6			7	4		9	5	
	4	5	8	3				
		8				6		

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 5798 का हल

9	1	6	2	3	7	4	5	8
8	2	3	4	5	9	1	7	6
4	5	7	1	6	8	3	9	2
5	6	8	7	1	2	9	3	4
1	7	4	9	8	3	2	6	5
2	3	9	5	4	6	8	1	7
7	4	1	8	9	5	6	2	3
3	8	5	6	2	1	7	4	9
6	9	2	3	7	4	5	8	1

जबलपुर
मंगलवार, 25 फरवरी 2025
- फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष -13
- वर्ष : 19, अंक : 292
- पृष्ठ : 2+6+6=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 30
न्यून. 13

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मप्र में निवेश की अनंत संभावनाएं

मध्य प्रदेश में बिजली, पानी की कमी नहीं है। हम देश में सोलर पंप्स में लीडर हैं। पीएम कुसुम योजना में हम सबसे आगे हैं। मध्य प्रदेश में निवेश की अनंत संभावनाएं हैं।

दिनेश पाटीदार
चेयरमैन, शक्ति पंप

फूड प्रोसेसिंग, आईटी और सोलर में करेंगे निवेश

मप्र में पतंजलि की मौजूदा समय में यहां चार से पांच यूनिट कंपनी की संचालित हैं। यहां निवेश बढ़ाने से मप्र के किसानों को अधिक लाभ होगा। देश का संभवत सबसे बड़ा सोया प्रोसेसिंग का काम पतंजलि मप्र में कर रहा है। पांच लाख टन सोयाबीन को प्रोसेस करते हैं। भविष्य में हम फूड प्रोसेसिंग आईटी और सोलर में इंवेस्ट करेंगे।

आचार्य बालकृष्ण, एमडी
पतंजलि ग्रुप

यहां निवेश की संभावनाएं देखने आया हूं

मैं पहली बार मध्यप्रदेश आया हूं और भोपाल में यह देखना चाहता हूं कि यहां क्या संभावनाएं हैं। स्विट्जरलैंड, आइसलैंड, लिचेंस्टाइन और नॉर्वे सहित यूरोपीय फ्री ट्रेड एसोसिएशन देशों ने भारत के साथ व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत अगले 15 वर्षों में भारत में 100 बिलियन डॉलर का निवेश किया जाएगा। अब हमें यह सुनिश्चित करना है कि स्विस कंपनियां भारत आएं और यहां निवेश करें। इस समझौते के तहत भारत और स्विट्जरलैंड के आर्थिक संबंधों को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

मार्टिन यू. माइयर, स्विट्जरलैंड के वाणिज्य दूतावास के महावाणिज्य दूत

मप्र में संसाधनों की कोई कमी नहीं

मध्यप्रदेश में संसाधनों की कोई कमी नहीं है और यहां निवेश की असीम संभावनाएं हैं। हमारे निवेश शिक्षा, बुनियादी ढांचे और चिकित्सा सुविधाओं में हो रहे हैं। हमारी कंपनी में 50 हजार से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें 60 प्रतिशत महिलाएं हैं। हमारा लक्ष्य राज्य की समृद्धि में योगदान देना और सकारात्मक बदलाव लाना है।

सुधीर अग्रवाल, फाउंडर एवं चेयरमैन, सागर ग्रुप

जीआईएस का आज समापन करेंगे शाह

दो केंद्रीय मंत्री खट्टर, शेखावत और अभिनेता पंकज त्रिपाठी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को भोपाल की दो दिवसीय इन्वेस्टर्स समिट का समापन करेंगे। शाह की उपस्थिति में एमपी स्टेट को ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड और एनडीडीबी यानि नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के बीच एमओयू पर दोनों ही कंपनियों के अधिकारी हस्ताक्षर करेंगे। समापन अवसर पर दो केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र शेखावत और अभिनेता पंकज त्रिपाठी भी मौजूद होंगे। समिट में दूसरे दिन केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय सचिव श्रीनिवास कटिकिथला के साथ इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला के स्वागत उद्बोधन से होगा। इस दौरान खट्टर मध्य प्रदेश सरकार द्वारा तैयार इलेकट्रिक व्हीकल को बढ़ावा देने के लिए ईवी पोर्टल का लोकार्पण भी करेंगे। प्रदेश के शहरों में विकास को बढ़ावा देने के लिए डेवलपिंग सिटी टुमारो पर भी विशेष चर्चा होगी। समिट के दूसरे दिन प्रदेश में पर्यटन को बढ़ाने के लिए फ्यूचर रेडी एमपी में पर्यटन और संस्कृति के योगदान पर परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। इसमें केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र शेखावत, केंद्रीय सचिव पर्यटन मंत्रालय वी विद्यावति, प्रमुख सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति मप्र शिव शेखर शुक्ला, इतिहासकार केके मोहम्मद, एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स के प्रेसीडेंट अजीत बजाज, एक्टर पंकज त्रिपाठी, इंडियन होटल्स कंपनी के रोहित खोसला, मेक माय ट्रिप के समीर बजाज, जहानुमा होटल के डायरेक्टर अली राशिद सहित अन्य लोग मौजूद रहेंगे और निवेश को लेकर विचार

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

खबर संक्षेप

हॉस्टल की दूसरी मंजिल से कूदी छात्रा, गंभीर

शिवपुरी। सीएम राइज स्कूल में 10वीं की छात्रा स्कूल से आते ही भागकर दूसरी मंजिल पर पहुंची और छलांग लगा दी। गंभीर हालत में उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां से उसे ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। पुलिस जांच कर रही है लेकिन आत्महत्या के प्रयास क्यों किए पता नहीं चला।

केदारनाथः चार साल में ढाई गुना बढ़ गई आय

केदारनाथ। केदारनाथ मंदिर की आय पिछले चार सालों में 2.3 गुना बढ़ी है। दान, चढ़ावे और विभिन्न सेवाओं से होने वाली आय साल 20-21 में 22.04 करोड़ रुपए थी, जो 2023-24 में बढ़कर 52.9 करोड़ रुपए हो गई। श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने एक सूचना के अधिकार आवेदन के जवाब में दिया है।

काशी विश्वनाथ मंदिर में वीआईपी दर्शन पर रोक

वाराणसी। महाकुंभ की अंतिम तिथि होने की वजह से वाराणसी में लाखों भक्तों के आने का अंदाजा है। विश्वनाथ मंदिर में भी पहुंचने वाले 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं को दर्शन प्राप्त करेंगे। महाशिवरात्रि पर दारानगर से मंदिर मार्ग से गुजरने वाले सबसे बड़े शिव बारात को 27 फरवरी को निकालने का निर्णय लिया है।

खुफिया एजेंसी ने पहले ही दी थी चेतावनी

यूक्रेन सरकार यूरोप में रूस के दूतावासों पर आतंकवादी हमले की योजना बना रही है

फ्रांस में रूसी वाणिज्य दूतावास में विस्फोट मॉस्को ने कहा- आतंकवादी हमले के संकेत

विस्फोट स्थल पर करीब तीस दमकल कर्मी पहुंचे

एजेंसी ▶▶ मार्सिले (फ्रांस)

फ्रांस के मार्सिले में सोमवार को रूसी वाणिज्य दूतावास में एक विस्फोट हुआ। इसको लेकर रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि यह एक आतंकवादी हमले जैसा लगता है। करीब तीस दमकल कर्मी विस्फोट स्थल पर पहुंचे।

हालांकि, रूसी समाचार एजेंसी 'तास' ने फ्रांस के बीएफएमटीवी की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं हैं। तास ने एक पत्रिका की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि अज्ञात लोगों ने वाणिज्य दूतावास के बागीचे में दो पेट्रोल बम फेंके थे। घटनास्थल के पास एक चोरी की कार भी मिली।

रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने कहा कि हम मांग करते हैं कि फ्रांस तत्काल और गहराई से घटना की जांच करे और रूस की विदेश में स्थित सुविधाओं की सुरक्षा बढ़ाने के उपाय करे

अज्ञात लोगों ने वाणिज्य दूतावास के बागीचे में दो पेट्रोल बम फेंके

घटनास्थल के पास एक चोरी की कार भी मिली

रूस के विदेश मंत्रालय ने की जांच की मांग

जखारोवा ने कहा कि रूस इस घटना की तत्काल और गहन जांच की मांग करता है और रूसी सुविधाओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए कदम उठाने की अपील करता है। उन्होंने कहा कि मार्सिले में रूसी वाणिज्य दूतावास में हुए धमाके में आतंकवादी हमले के सभी संकेत हैं।

एसवीआर ने दी थी हमले की चेतावनी

रूस की विदेश खुफिया सेवा (एसवीआर) ने 19 फरवरी को चेतावनी दी थी कि यूक्रेन सरकार यूरोप में रूस के दूतावासों पर आतंकवादी हमले की योजना बना रही है, खासकर जर्मनी, बाल्टिक और स्कैंडिनेवियाई (नॉर्वे, स्वीडन और डेनमार्क) देशों में।

राष्ट्रपति मैक्रों ने चाकूबाजी को भी बताया था आतंकवादी हमला

इससे पहले फ्रांस में चाकू से हमले का मामला भी सामने आया था, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और तीन घायल हो गए थे। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इस हमले को इस्लामी आतंकवाद बताया था।

यूक्रेन पर हमले को 3 साल पूरे, हमले के लिए भी यही दिन चुना

रूस ने यूक्रेन पर तीन साल पहले 24 फरवरी 2022 को हमला किया था। रूस के वाणिज्यिक दूतावास पर हमले के लिए भी यही दिन चुना गया। बताया जा रहा है कि हमले के लिए फेंका गया दूसरा डिवाइस फटा नहीं। इसके बाद बम डिस्पोजल एक्सपर्ट को मौके पर बुलाया गया।
बता दें कि हाल ही में, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्सिले में भारतीय वाणिज्यिक दूतावास का उद्घाटन किया था, जो इस हमले के केंद्र से कुछ दूरी पर है।

पहले फ्रांस में रूस के खिलाफ प्रदर्शन हुए थे

इस घटना से पहले, फ्रांस में रूस के खिलाफ कई विरोध प्रदर्शन हो चुके हैं, खासकर 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद। फ्रांस के प्रमुख शहरों जैसे पेरिस और मार्सिले में रूस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए हैं, जिनमें रूस के आक्रमण के खिलाफ आवाज उठाई गई थी।

किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी

9.8 करोड़ किसानों के खाते में पीएम मोदी ने भेजे 2000 रु.

22,000 करोड़ से अधिक रुपए ट्रांसफर किए गए

एजेंसी ▶▶ पटना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के भागलपुर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी की। इस योजना के तहत 9.8 करोड़ किसानों के बैंक खातों में कुल 22,000 करोड़ से अधिक रुपए ट्रांसफर किए गए। यह योजना छोटे और सीमांत किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, ताकि वे खेती से जुड़े खर्चों को आसानी से पूरा कर सकें। इस योजना के तहत पात्र किसानों को हर चार महीने में 2,000 रुपए की वित्तीय सहायता दी जाती है, जिससे वे सालाना कुल 6,000 रुपए प्राप्त करते हैं। यह राशि सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की जाती है, जिससे वे बीज, खाद और अन्य कृषि जरूरतों को पूरा कर सकें।

18वीं किस्त में 9.6 करोड़ किसानों को मिला था लाभ

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के अनुसार 18वीं किस्त के दौरान 9.6 करोड़ किसानों को इस योजना का लाभ मिला था, जबकि 19वीं किस्त में यह संख्या बढ़कर 9.8 करोड़ हो गई। इससे यह स्पष्ट होता है कि योजना का दायरा लगातार बढ़ रहा है और अधिक किसान इस सहायता का लाभ उठा रहे हैं।

अब तक वितरित हो चुके हैं 3.46 लाख करोड़ रुपए

सरकार इस योजना के तहत अब तक 3.46 लाख करोड़ रुपए वितरित कर चुकी है। 19वीं किस्त जारी होने के बाद यह आंकड़ा बढ़कर 3.68 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। यह दुनिया की सबसे बड़ी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) योजना बन चुकी है, जिससे किसानों को वित्तीय सुरक्षा मिल रही है।

महिला ने प्रेमी के साथ की करतूत

पति से ठगे 38 लाख... नकली सोना रखकर असली सोने के गहने गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

सरकारी नौकरी दिलाने के बहाने रची साजिश

एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर ससुराल वालों को लाखों रुपए का चूना लगा दिया। इतना ही नहीं नकली सोना घर पर रखकर असली सोने के जेवरात गायब कर दिए।

मामले का खुलासा होने के बाद पीड़ित ने मदन महल थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने महिला और उसके बॉयफ्रेंड के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एफआईआर के बाद से ही लगातार पुलिस दोनों को तलाश कर रही थी।

रतलाम में चलती ट्रेन से अलग हुआ इंजन

यात्री घबराकर नीचे उतरे, 30 मिनट तक खड़ी रही 'गाड़ी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम

कपलिंग टूटने से इंजन मेन यूनिट से अलग हो गया

यहां सोमवार को 1000 से अधिक यात्रियों को लेकर जा रही डीजल इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (डेमू) ट्रेन का इंजन अलग हो गया और कुछ दूरी तक दौड़ता चला गया। उधर, अचानक डिब्बों के पहिए थम जाने से घबराए यात्री डिब्बों से नीचे उतर गए। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। यह खराबी सुबह करीब 11 बजे बदायला चौरासी स्टेशन के पास हुई, जब रतलाम से चलकर डीईएमयू जावरा के पास पहुंच रही थी।

दो युवकों ने गोली मारकर दी जान

एक ने अवैध कट्टे से तो दूसरे ने राइफल से खुद को उड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

मौत के कारणों की जांच में जुटी पुलिस

जिले में अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों द्वारा गोली मारकर आत्महत्या का मामला सामना आया है। पहली घटना में 26 साल के युवक ने सोमवार सुबह अपने घर के पीछे बने मैरिज गार्डन में खुद को गोली मार ली। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। वहीं, कोतवाली थाना क्षेत्र में 18 साल के युवक ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उसने रविवार रात को अपने भाई की लाइसेंसी राइफल से खुद को गोली मारी है।

'सुप्रीम' फैसलाः हिंदू-मुस्लिमों के लिए एक है यह कानून

कानूनी तलाक न होने पर भी दूसरे पति से मिलेगा गुजारा भत्ता.. व्यभिचार पर पत्नी नहीं होगी हकदार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया है। इस फैसले के मुताबिक, एक महिला अपने दूसरे पति से क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता मांग सकती है। भले ही उसकी पहली शादी कानूनी तौर पर खत्म न हुई हो। कोर्ट ने साफ किया कि तलाक का आधिकारिक दस्तावेज जरूरी नहीं है।

तेलंगाना हाईकोर्ट का फैसला पलटा

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने महिला की अपील को मंजूर कर लिया। तेलंगाना हाईकोर्ट ने महिला को उसके दूसरे पति से गुजारा भत्ता देने से मना कर दिया था। हाईकोर्ट का तर्क था कि महिला की पहली शादी कानूनी तौर पर खत्म नहीं हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को पलट दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, यह ध्यान रखना चाहिए कि सीआरपीसी की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता पत्नी को मिलने वाला कोई फायदा नहीं है।

यह था मामला

अपील करने वाली महिला ने अपने पहले पति से तलाक लिए बिना ही दूसरी शादी (प्रतिवादी से) कर ली थी। दूसरे पति को महिला की पहली शादी के बारे में पता था। दोनों साथ रहे, उनका एक बच्चा भी हुआ। बाद में घरेलू झगड़ों के चलते दोनों अलग हो गए। महिला ने धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता मांगा। पारिवारिक अदालत ने महिला को गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। लेकिन हाईकोर्ट ने इस आदेश को रद्द कर दिया।

रेलवे और मप्र में बिजली खरीद समझौता

मंत्री वैष्णव बोले- 100 फीसदी विद्युतीकरण का लक्ष्य करेंगे पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्लोबल निवेशक सम्मेलन (जीआईएस) में राज्य के साथ बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वर्चुअल संबोधन में कहा कि सरकार 2030 तक रेलवे को नेट जीरो बनाने का लक्ष्य पर काम कर रही है।

रेलवे अगले साल तक 100 फीसदी विद्युतीकरण का लक्ष्य पूरा कर लेगा। साथ ही हम नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग में भी प्रगति कर रहे हैं। केंद्रीय रेल मंत्री ने कहा कि अब तक रेलवे का 97 प्रतिशत से अधिक विद्युतीकरण हो चुका है और वित्त वर्ष 2025-26 तक 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो जाएगा। नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से बिजली प्राप्त करने की क्षमता में इजाफा किया गया है। रेलवे को 1500 मेगावाट से 1.5 गीगावाट की क्षमता तक बिजली आपूर्ति की जा चुकी है। सोमवार को मध्य प्रदेश के साथ 170 मेगावाट बिजली खरीद का समझौता इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह समझौता रेलवे, वारी एनर्जी और रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड के बीच हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश जो भी नवीकरणीय ऊर्जा उत्पन्न कर सकता है रेलवे उसे खरीदने के लिए तैयार है, बशर्ते आपूर्ति स्थिर रहे। अगर मध्य प्रदेश परमाणु ऊर्जा संयंत्र भी स्थापित कर सकता है तो रेलवे खरीदने के लिए तैयार है।

■ 170 मेगावाट बिजली खरीद पर सहमति

अपने देश की करारी हार पर ऐसे बौखला रहा है पाक मीडिया, दावा सुनकर नहीं रुकेगी हंसी

22 पंडितों के जादू-टोने से पाक के खिलाफ जीती टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया था

भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान को 6 विकेट से रौंद डाला। यह हार पाक टीम और उसके फैंस के लिए निराश कर देने वाली इसलिए भी है क्योंकि पाकिस्तान के लिए अब सेमीफाइनल के दरवाजे लगभग बंद हो गए हैं। एक तरफ सरहद के उस पार लोग निराश दिखे, वहीं भारतीय फैंस ने जमकर पटाखे फोड़े।

अब एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग पाकिस्तान की हार पर चर्चा करते दिख रहे हैं। एक व्यक्ति ने तो यह दावा तक कर दिया कि टीम इंडिया ने कुछ जादू-टोना करके पाकिस्तान पर जीत प्राप्त की है।

अलग खबर

उधर, माला लेकर रिजवान कर रहे थे टोटका

भारत-पाकिस्तान मुकाबले में पाक टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान टीम के अच्छे प्रदर्शन के लिए टोटका करते हुए नजर आए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में रिजवान हाथ में तस्बीह लेकर बैठे हुए हैं। तस्बीह एक पवित्र माला है जो आमतौर पर मुस्लिम धार्मिक गुरुओं के हाथों में नजर आती है। कमेंटेटर आकाश चोपड़ा कहते हैं कि रिजवान कुछ कर रहे हैं। उन्होंने पूछा कि उनके हाथ में आखिर क्या है? इसका जवाब कमेंटेटर और पूर्व पाकिस्तानी खिलाड़ी वहाब रियाज ने बताया कि यह तस्बीह है। रियाज ने आगे तस्बीह के धार्मिक महत्व के बारे में भी बताया।

हरिभूमि
सहेली
जबलपुर, मंगलवार
25 फरवरी 2025

नन्हे बच्चों के हाथों में मोबाइल होने से वे बहुत कुछ ऐसा देख-सुन रहे हैं, जिससे उनके मन की सुकोमलता-मासूमियत खत्म हो रही है, बचपना छीज रहा है, वे समय से पहले परिपक्व हो रहे हैं। इस तरह बच्चों का स्वाभाविक नैसर्गिक विकास प्रभावित हो रहा है। ऐसे में बच्चों की परवरिश कैसे हो, अभिभावकों को यह समझना बहुत जरूरी है।

गुम होती बचपन की मासूमियत

कवर स्टोरी
अंशु सिंह

जीवन के सबसे अनमोल पल होते हैं बचपन के। यह जिंदगी का सबसे खूबसूरत और मासूम समय होता है। तभी तो वयस्क होने पर भी हम अपने अंदर के बच्चे को जीवित रखना चाहते हैं, ताकि उसी आनंद का अनुभव कर सकें। लेकिन आज बच्चों का बचपना, उनकी मासूमियत कहीं गुम-सी हो गई है। उनकी सोच और बोल में सयानापन साफ झलकता है।

बदल गया लालन-पालन का तरीका

हर पीढ़ी एक-दूसरे से भिन्न और आगे होती है। एक समय था, जब बड़े-बुजुर्ग छोटे बच्चों को खाना खिलाने के लिए उनके सामने थाली में चावल फैला दिया करते थे। बच्चा अपने तरीके से उसे खाने की कोशिश करता था। थाली के बाहर चावल बिखरे होते थे। वह उन्हें भी चुन-चुन कर खाने का प्रयास करता था। लेकिन आज ऐसा नहीं है। स्मार्टफोन के जमाने में दो से तीन वर्ष के बच्चों के हाथों में भी मोबाइल होता है, जिसे देखते हुए वे

खाना खाते हैं। इतना ही नहीं, खुद माताएं भी स्मार्टफोन में कार्टून या राइम्स लगाकर बच्चों को खाना खिलाती दिखाई दे जाती हैं। फिर चाहे वह घर हो या कोई रेस्तरां। नन्हे-नन्हे नाजुक हाथों में वजनदार मोबाइल फोन अब एक आम बात हो गई है। नतीजा यह हुआ है कि बहुत कम उम्र से बच्चों को मोबाइल फोन देखने की लत लग जाती है। इससे आगे चलकर उनका पूरा व्यक्तित्व प्रभावित होने लगता है।

स्मार्टफोन ने बदला बच्चों का व्यवहार

छह वर्षीय अनिकेत की मां रोशनी को यह समझने में वक्त लगा कि मोबाइल पर वीडियो गेम्स, रील्स आदि की लत के कारण कैसे बेटे का व्यवहार भी क्षण-क्षण बदलता रहता था। जब वह किसी मोबाइल गेम में डूबा रहता था, तो किसी की नहीं सुनता था। पैरेंट्स की हिदायतों को अनसुना करना आम बात हो चुकी थी। परंतु जब वह किसी सामान्य गतिविधि में लिप्त रहता, खेल या ड्राइंग कर रहा होता, तो उसकी बातों और व्यवहार में मासूमियत होती थी। यानी कहीं न कहीं इंटरनेट और सोशल मीडिया से मिलने वाली गैर-जरूरी सूचनाएं, उसके मन-मस्तिष्क पर गहरा असर डाल रही थीं। उसकी बोली में कड़वाहट, गुस्सा और आक्रोश भर रहा था। सहनशक्ति क्या होती है, वह तो उसे मालूम ही नहीं था। रोशनी ने तय किया कि वह बेटे के सामने मोबाइल फोन नहीं देखेगी या कम से कम देखेगी, ताकि उसे कोई गलत संदेश न जाए।

पैरेंट्स को देखकर बनती है आदत

हम सभी जानते हैं कि छोटे बच्चे का मन कच्ची मिट्टी-सा होता है। वे अपने बड़ों और पैरेंट्स को जो भी करते देखते हैं, वैसा ही खुद करने की कोशिश करते हैं। इन दिनों वयस्क किस तरह से मोबाइल फोन की गिरफ्त में हैं, यह सच किसी से छिपा नहीं है। किशोर उम्र बेटे के पिता और फिल्ममेकर अभिजीत सिन्हा कहते हैं, '2010 के आस-पास से बाजार में सस्ते स्मार्टफोन और सेललुर डाटा की उपलब्धता बढ़ती गई। घर-घर में स्मार्टफोन पहुंच गया, बड़ों के साथ बच्चों की दुनिया बदल गई। उनके आपसी रिश्ते बदल गए। संवाद कम हो गया। बच्चे जल्दी

बोर होने लगे और मोबाइल उनका साथी बन गया। ऐसा नहीं है कि उससे पहले बच्चों के पास मनोरंजन के कोई साधन नहीं थे। 80 के दशक में टीवी पर बच्चों को लेकर अनेक शो आते थे, जिनका वे बेसब्री से इंतजार भी करते थे। उन शोज का कंटेंट संस्कार देने वाले और ज्ञानवर्धक होता था। कार्यक्रम बच्चों की उम्र को ध्यान में रख कर तैयार किए जाते थे। उनमें हिंसा, वयस्क थीम की कोई जगह नहीं होती थी। आज इंटरनेट के जमाने में बच्चों के पास हर प्रकार की सामग्री पहुंच जा रही, जो उन पर गलत प्रभाव भी डालती है। वे संवेदनहीन हो रहे हैं।'

शिक्षा जगत में बढ़ती प्रतिस्पर्धा छीन रहा बचपन

निजी स्कूल में अंग्रेजी की शिक्षिका अनाइवा की माने, तो छोटे बच्चों की मासूमियत गुम होने का एक और प्रमुख कारण है, शिक्षा जगत में बढ़ती प्रतिस्पर्धा। अंकों का दबाव। पहली-दूसरी कक्षा से ही एक प्रतिस्पर्धा सी शुरू हो जाती है। दूसरे बच्चों से तुलना की जाने लगती है। पैरेंट्स ही अपने बच्चों से सवाल करने लगते हैं कि क्लास के अमुक स्टूडेंट ने इतने अच्छे अंक लाए, तो आप क्यों नहीं ला सकते या सकतीं? बच्चों में परीक्षा का डर कुछ ऐसे भर दिया जाता है कि वह खेलना-कूदना या दोस्तों से मिलना-जुलना सब छोड़ देता है। इससे कम आयु में ही व्यक्तित्व में गंभीरता और सयानापन झलकने लगता है। एग्जाम की थोड़ी भी तैयारी कम हुई या टेस्ट में नंबर कम आएं, तो बच्चे इतने अधिक भावुक हो जाते हैं मानो आगे जीवन में करने को कुछ बचा ही न हो। यह सब अभिभावकों और पीयर ग्रुप के दबाव के कारण ही होता है। इससे उनका कोमल मन आहत होता है और वे कुछ कह भी नहीं पाते। मशहूर शायर निदा फाजली कहा करते थे, 'बच्चों के छोटे हाथों को चांद सितारे छूने दो, चार किताबें पढ़कर ये भी हम जैसे हो जाएंगे।' a

बच्चे को दें मन की करने की आजादी

डॉ.आरती आनंद
क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट

21वीं सदी में सब कुछ इतनी जल्दी-जल्दी हो रहा है कि बच्चे खुद ही खुद के अभिभावक बन गए हैं। जो जानकारी अभिभावकों से जाननी चाहिए, वे जानकारी एलेक्सा और सोशल मीडिया से आसानी से मिल जाती है। ऐसे में अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चे को बच्चे ही रहने दें। असमय अनावश्यक अपेक्षाएं न पालें। उन्हें खेलने और अपने मन का करने की आजादी दें। अपनी महत्वाकांक्षाओं को कुछ समय किनारे रख, बच्चों के साथ प्यार से बातें करें, समय व्यतीत करें। आज ये सब नहीं हो पा रहा है। एकल परिवारों के पैरेंट्स के पास समय की कमी होती है। यही बच्चों के लिए बड़ी चुनौती बन जाती है और वे छोटी उम्र में बड़े हो जाते हैं।

पति-पत्नी के बीच तकरार-मतभेद होना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन यह लंबे समय तक खींचे, बड़े विवाद को जन्म देकर अलग-अलग होने के रास्ते बनाने लगे तो बात बड़ी चिंता की हो जाती है। जरूरी है पति-पत्नी आपसी संवाद से बढ़ती दरार को पाटें, सामंजस्य बनाएं और मधुरता का समावेश कर, विवाह संबंध को प्रगाढ़ बनाएं।

बढ़ते तलाक के इस दौर में दांपत्य को कैसे बचाए रखें

मैरिड लाइफ
नम्रता नदीम

'अपने दांपत्य को बचाए रखने के लिए मैं क्या कर सकती हूं?' शालिनी ने मैरिज काउंसलर से जानना चाहा। वह पैंतीस साल की है, दो बच्चों की मां है, एक बड़ी और नामी कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। इस लिहाज से आत्मनिर्भर है। लेकिन अपने वैवाहिक भविष्य को लेकर चिंतित है। बदलते समाज की तस्वीर में जो एक बहुत चिंताजनक स्थिति है, वह यह है कि तलाक की दर में उन समुदायों में भी निरंतर वृद्धि हो रही है, जिनमें विवाह समझौता (कांट्रैक्ट) नहीं बल्कि ऐसा संस्कार है, जो जन्मों तक कायम रहती है यानी धार्मिक दृष्टि से अटूट है। भले ही विधि ने कुछ शर्तों के साथ तलाक की अनुमति दे रखी है। हालांकि शालिनी की उसी व्यक्ति से शादी हुई है, जिससे वह प्यार करती थी, लेकिन संबंध कब नई करवट ले ले, आज के दौर में कुछ नहीं कहा जा सकता है। इसलिए शालिनी की चिंता को समझा जा सकता है। अच्छी बात यह है कि शालिनी अपनी शादी को बचाए रखना चाहती है, इसके लिए प्रयासरत है।

जरूरी है समस्या पर करें बात

गौरतलब है कि आत्मीय संबंधों में चिंताओं या समस्याओं पर वार्ता करना आज भी अच्छा नहीं समझा जाता है, लोग संकोच करते हैं या कहें उन्हें इस बात का डर रहता है कि कहीं विवाद और न बढ़ जाए। नतीजतन, जो लोग थोड़ी-सी बातचीत से अपने संबंध सुधार सकते हैं, वे जबरन खामोशी के कारण दुखी, परेशान और तनावग्रस्त रहते हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जब दो व्यक्तियों में आपस में प्यार होता है तो वह बराबरी के पायदान पर होते हैं। ऐसे में दोनों पार्टनर तय कर सकते हैं कि वह किस तरह से एक-दूसरे को देखें-समझें और व्यवहार करें। दोनों ही अपने संबंध को मिलकर सींचते हैं। यह बहुत जरूरी होता है। अनेक संबंध इसलिए खटाई में पड़ जाते हैं कि एक व्यक्ति को उस तरह से समझा या व्यवहार नहीं किया जाता, जिस तरह से वह चाहता है। ऊपर हम जिस शालिनी की बात कर रहे हैं, उसने यह सब कुछ देखा है। कॉलेज के दिनों में उसका एक दोस्त था, जो उसकी परवाह नहीं करता था। लेकिन शालिनी इस संबंध में इतने लंबे समय तक फंसी रही कि अन्य प्यार भरे विकल्पों को उसने तलाश ही नहीं किया।

संबंध बचाए रखने के तीन आसान रास्ते

विवाह या दांपत्य संबंध को बचाए रखने के लिए तीन बहुत ही आसान रास्ते हैं। अकसर नुकसान लापरवाही से होता है बजाय जान-बूझकर की गई क्रूरता से। इसलिए तीन बातों का ध्यान रखें।

जीवनसाथी को उच्च वरीयता प्रदान करें: पहली बात, अपने जीवनसाथी को उच्च वरीयता प्रदान करें। याद करें, आप जब अपनी शादी के शुरुआती दिनों में अपने पति के फोन में 'फेवर्ड' सूची सबसे पहले देखा करती थीं, आपको एक सुख की अनुभूति होती थी कि ऐसी लिस्ट में आपका नाम सबसे पहला होता था। फोन लिस्ट लगभग बेवकूफी का पैमाना प्रतीत हो सकती है, लेकिन अगर आप दोनों अलग-अलग तरह से एक-दूसरे की वरीयता सूची को टॉप पर नहीं रखेंगे, तो इससे एक प्रकार का असंतुलन दिखेगा जो मधुर संबंध के लिए सही नहीं है।

ध्यान देकर सुनें: दूसरा रास्ता है ध्यान दें। जब एक ही पार्टनर ध्यान दे रहा हो तो क्या अनकही बातों को सुना जा सकता है, नहीं। इसलिए सुनें। तारीफ करने के लिए समय निकालें। इससे दोनों पार्टनर खुश रहते हैं।

एक-दूसरे को स्पेस दें: तीसरा और अंतिम रास्ता है कि एक-दूसरे को स्पेस दें। यह हो सकता है कि पार्टनर अब उतना अधिक चिंतित न होता हो, जितना आपकी शुरुआती मुलाकातों में हुआ करता था। इस नई स्थिति में आपकी प्रतिक्रिया बेचैनी या गुस्से वाली नहीं होनी चाहिए बल्कि हालात में, बातचीत में और समझौतों में भावुकता होनी चाहिए। इसका अर्थ होता है कि आप अपने पार्टनर को अच्छी तरह से समझती हैं। यानी, दांपत्य को प्रगाढ़ बनाने के लिए आप दोनों का साझा प्रयास जरूरी है। a

घर पर ही करें पेडीक्योर पैर दिखेंगे सॉफ्ट-अट्रैक्टिव

स्किन केयर
नीलोफर

अपने चेहरे को सुंदर बनाए रखने के लिए तो हम कई तरह की चीजों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन कई बार अपनी कोहनियों, घुटनों, पैरों की सुंदरता को नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि हमारे ओवरऑल लुक में सिर से पैर तक सभी का महत्व होता है। अगर पैरों की देख-भाल के प्रति जरा भी लापरवाही बरतेंगी तो ये भद्दे, रूखे और अनाकर्षक लगते हैं।

करें प्रॉपर केयर: शरीर के हर अंग की सफाई के साथ-साथ पैरों की त्वचा की देखभाल भी बहुत जरूरी है। पैरों की फटी एड़ियां, गंदे नाखून, जगह-जगह से कटे हुए नाखून पैरों के प्रति हमारी लापरवाही को प्रदर्शित करती है, जिसका हमारे व्यक्तित्व पर बुरा असर होता है। हाथों और पैरों की सुंदरता के लिए सैलून जाकर ज्यादा पैसे खर्च करने की बजाय आप घर पर ही मेनीक्योर और पेडीक्योर कर सकती हैं।

रिमूव करें नेल पॉलिश: पेडीक्योर करने के लिए सबसे पहले नाखूनों को अच्छी तरह काट लें और इन पर लगी हुई नेल पॉलिश को, नेलपॉलिश रिमूवर से साफ कर लें। इसके बाद इस पर फुट क्रीम लगाएं।

मसाज: पैरों की साफ-सफाई के बाद उसकी त्वचा को चमकीला बनाने के लिए मॉयश्चराइजर लेकर पैरों पर हल्की मसाज करें। इसके लिए आप इलेक्ट्रिक फुट मसाजर का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। पैरों की मसाज के बाद इसकी चिकनाहट को किसी कॉटन से साफ कर लें।

डेड स्किन हटाएं: नेल पॉलिश रिमूव करने के बाद पैरों को पानी में भिगोएं। गुनगुने पानी में थोड़ा सा नमक डालकर उसमें थोड़ा शैंपू मिलाएं और कम से कम 10 मिनट पैरों को उसमें भिगोएं। ऐसा करने से नाखूनों के आस-पास की त्वचा नरम हो जाती है। अब पैरों को बाहर निकालकर पोंछ लें और इन्हें अच्छी तरह रगड़कर साफ करें। इससे डेड स्किन निकल जाती है।

नेल्स ट्रिमिंग: अपने नेल्स को अगर आप लंबे रखना चाहती हैं तो उनकी अच्छे से ट्रिमिंग करें। फुट फाइलर की मदद से नाखूनों के किनारों को साफ करें और प्यूमिक स्टोन से अपनी एड़ियों को रगड़कर साफ करें, जिससे डेड स्किन की सफाई हो सके।

नेल पॉलिश लगाएं: पेडीक्योर करने के बाद नाखूनों पर नेल पॉलिश लगाने से पहले एक बेस कोट लगाएं। इसके सूखने के बाद अपनी मनपसंद कलर की नेल पॉलिश लगाएं। जब पहला कोट सूख जाए, तब दूसरा कोट लगाएं। जब दूसरा कोट सूख जाए, उसके बाद नेल पॉलिश को कवरेज देने के लिए एक हल्का कोट लगाएं और इसे भी अच्छी तरह सूखने दें। a

अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 9285163700, Email: gdc.indore@gmail.com

मेडिकल एडवाइस
डॉ. श्वेता मेंदिरत्ता
एचओडी-ऑब्स्टेट्रिक्स, गायनेकोलॉजी
मैरिंगो एशिया अस्पताल, एनसीआर

महिलाओं में पीसीओडी समस्या हार्मोनल डिसऑर्डर की वजह से होती है। ऐसा किन वजहों से होता है, पीसीओडी के मुख्य लक्षण क्या हैं, इससे बचाव और उपचार के तरीके के बारे में यहां डिटेल में बता रहे हैं।

अनहेल्दी लाइफस्टाइल से बढ़ती है पीसीओडी की प्रॉब्लम

पीसीओडी की प्रॉब्लम को पॉलीसिस्टिक ओवरी डिसऑर्डर कहते हैं। यह एक हार्मोनल डिसऑर्डर है। यह प्रॉब्लम 15 से 45 साल की उम्र तक की महिलाओं में किसी भी उम्र में हो सकती है। लेकिन जब प्यूबर्टी के बाद मेनार्की स्टेज यानी जब उन्हें पीरियड्स शुरू होते हैं, उस समय ज्यादा देखने को मिलता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में तकरीबन 20-25 प्रतिशत महिलाओं को पीसीओडी की प्रॉब्लम है।

कैसे होती है यह प्रॉब्लम: जब महिलाओं के शरीर में हार्मोन असंतुलित हो जाते हैं तो पीसीओडी की प्रॉब्लम देखने को मिलती है। कहने का मतलब है कि उनके शरीर में फीमेल हार्मोंस एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन के बजाय मेल हार्मोंस टेस्टोस्टेरोन और एंड्रोजन का लेवल बढ़ जाता है। इससे उनकी ओवरी से हर महीने रिलीज होने वाले अंडे की प्रक्रिया गड़बड़ा जाती है। पूरी तरह मैच्योर न होने के कारण अंडे का ओवोल्यूशन नहीं हो पाता। इससे महिला का पीरियड साइकल अनियमित हो जाता है। अपरिपक्व अंडे ओवरी में छोटे-छोटे सिस्ट के रूप में बदल

जाते हैं, जिसकी वजह से महिला को कई तरह की प्रॉब्लम्स फेस करनी पड़ती हैं।

पीसीओडी के प्रमुख लक्षण: पीसीओडी को आप कुछ लक्षणों से पहचान सकती हैं, जैसे- पीरियड्स समय पर न आना, चेहरे पर अनचाहे बाल आना, सिर के बाल झड़ना, पिंपल्स होना, वजन बढ़ना और मूड स्विंग होना। आगे चलकर महिला में एनोव्यूलेशन की प्रॉब्लम हो सकती है, जिससे गर्भधारण में समस्या या इंफर्टिलिटी का खतरा भी हो सकता है। यहां बताए गए लक्षण दिखने पर आपको जल्द से जल्द स्त्री रोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए।

पीसीओडी होने के कारण:
- अनियमित दिनचर्या, समय पर खाना न खाना, देर से सोना।
- रेग्युलर एक्सरसाइज न करना।
- जंक फूड या प्रोसेस्ड फूड, ऑयली डाइट का ज्यादा सेवन।
- रूटीन लाइफ में स्ट्रेस में रहना।

ऐसे होता है डायग्नोज: आमतौर पर महिला के फिजिकल चेकअप से ही डॉक्टर पीसीओडी को डायग्नोज कर लेते हैं। ओवरी सिस्ट की जांच के लिए अल्ट्रासाउंड और हार्मोन लेवल का पता लगाने के लिए ब्लड टेस्ट किए जाते हैं।

ट्रीटमेंट का तरीका: पीसीओडी की समस्या को बढ़ने से रोकने के लिए मुख्य रूप से प्रिवेंटिव केयर स्ट्रेटजी यानी लाइफस्टाइल में बदलाव पर जोर दिया जाता है। महिला को सख्ती से हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने, संतुलित-पोषक आहार का सेवन करने और वजन कंट्रोल करने की हिदायत दी जाती है। मरीज की स्थिति के हिसाब से नॉन-हार्मोनल दवाइयां दी जाती हैं, सुधार न आने पर हार्मोनल दवाइयों का कोर्स भी दिया जाता है।

बचाव है संभव: इन बातों पर करें अमल-
- पौष्टिक तत्वों से भरपूर संतुलित और सुपाचय आहार लें, जिसमें कार्बोहाइड्रेट और वसा के अलावा पर्याप्त मात्रा में फाइबर, विटामिंस और प्रोटीन हो।
- रिफाइंड खाद्य पदार्थ, कोल्ड ड्रिंक, पैक्ड जूस जैसी हाई शुगर ड्रिंक्स, ऑयली, प्रोसेस्ड और जंक फूड को खाने से बचें।
- फल, सब्जियां, दालें, अंकुरित अनाज, डेयरी प्रोडक्ट्स, मल्टीग्रेन और सूखे मेवों को आहार में शामिल करें। a

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

शर्मनाक : पाकिस्तानी टीम के लिए नहीं मिल रहे प्रायोजक, हार से गिरी 'ब्रांड वैल्यू'

एजेंसी ▶▶| कराची

पाकिस्तान क्रिकेट एक बार फिर मुश्किल में है और इस बार चैंपियंस ट्रॉफी में खराब प्रदर्शन के बाद राष्ट्रीय टीम के लिए प्रायोजक जुटाना भी सत्ताधारियों के लिए चुनौती बन सकता है। पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी भारत ने रविवार को दुबई में पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया जिससे मेजबान टीम टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर पहुंच गई। भारत से हारने से एक दिन पहले ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड मैच के लिए गद्दाफी स्टेडियम में लोगों की शानदार भीड़ को देखकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अधिकारी आत्मविश्वास से भरे हुए थे।

पीसीबी के लिए चुनौती

बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा, 'लोगों की प्रतिक्रिया और पाकिस्तान से इतर मैच का आनंद लेते देखना एक उत्साहवर्धक अनुभव था। लेकिन अब चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि पाकिस्तान में बचे हुए मैचों के लिए दर्शकों की भीड़ आती रहे क्योंकि हम 29 साल बाद इतने बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहे हैं।'

पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर

1996 के विश्व कप के बाद पाकिस्तान में आठ टीमों की चैंपियंस ट्रॉफी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का पहला टूर्नामेंट है और उम्मीद थी कि घरेलू टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी। सोमवार को न्यूजीलैंड की जीत का मतलब है कि बांग्लादेश और पाकिस्तान दोनों ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

टीम की 'ब्रांड वैल्यू' पर असर

बोर्ड के वाणिज्यिक इकाई के एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा कि अगर पाकिस्तान सेमीफाइनल में नहीं भी खेलता है तो भी पीसीबी को वित्तीय रूप से कोई बड़ा झटका नहीं लगेगा क्योंकि केवल गेट पर्ची और मैदान की आय के अन्य स्रोत ही प्रभावित होंगे। लेकिन संकटग्रस्त टीम की 'ब्रांड वैल्यू' पर असर पड़ने वाला है। उन्होंने कहा, 'हमें मेजबानी शुल्क, टिकट बिक्री सहित आईसीसी राजस्व में हमारा हिस्सा मिलने की गारंटी है, लेकिन अन्य मुद्दे भी हैं जैसे कि लोगों का इस बड़े टूर्नामेंट में रुचि खत्म होना और प्रसारणकर्ता द्वारा आधे भरे हुए स्टेडियम दिखाना आदि। और सबसे बड़ी चिंता यह है कि यहां क्रिकेट के प्रति दीवानगी के बावजूद भविष्य में पाकिस्तान क्रिकेट को एक ब्रांड के रूप में बेचना आसान नहीं होगा।'

हम एक जैसी गलतियां दोहरा रहे : रिजवान

दुबई। पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने कहा कि उनके खिलाड़ी लगातार एक जैसी गलती दोहरा रहे हैं और स्वीकार किया है कि यहां भारत से मिली हार के बाद उनकी टीम का चैंपियंस ट्रॉफी अभियान लगभग खत्म हो गया है। पाकिस्तान को रविवार को यहां भारत के हाथों छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था जिससे उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें लगभग समाप्त हो गई हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड ने उसे 60 रन से हराया था। ग्रुप ए में उसका आखिरी मुकाबला 27 फरवरी को बांग्लादेश से होगा। रिजवान ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, 'हमारा सफर लगभग समाप्त हो चुका है। अब हमें अन्य मैचों के परिणाम पर निर्भर रहना होगा। एक कप्तान के रूप में मुझे इस तरह की स्थिति पसंद नहीं है। हमें अपनी किस्मत खुद लिखनी चाहिए थी।'

भारत से हार पर शोएब से लेकर आमिर-अकरम तक ने उठाए सवाल

मंदबुद्धि कप्तान, अजीब खिलाड़ी... पाकिस्तान के दिग्गजों ने अपनी ही टीम की बखिया उधेड़ी

एजेंसी ▶▶| कराची

एक और आईसीसी टूर्नामेंट और एक और बार भारत ने पाकिस्तान को धूल चटा दी। रविवार को दुबई में खेले गए चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले में रोहित एंड कंपनी ने रिजवान की टीम को छह विकेट से हरा दिया और लगभग टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। वहीं, टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंच गई। भारत के खिलाफ आईसीसी टूर्नामेंट में एक और हार के बाद पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर्स से लेकर लोग बौखला गए हैं।

कुछ समय पहले पाकिस्तान में इस बात तक की चर्चा हुई थी कि भले ही पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी हार जाए, लेकिन भारत के खिलाफ जीत दर्ज करे। अब स्थिति ऐसी है कि न तो उन्हें भारत के खिलाफ जीत मिली और न ही चैंपियंस ट्रॉफी के अगले दौर में पहुंच सके। इसके बाद कई दिग्गज पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब अख्तर, मोहम्मद हफीज, शोएब मलिक, मोहम्मद आमिर और अहमद शहजाद ने अपनी ही टीम की बखिया उधेड़ी है। इन सभी ने हार पर अलग अलग एनालिसिस किया, लेकिन सभी ने टीम चयन पर जरूर सवाल खड़े किए। सभी का मानना था कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने गलत टीम चयन किया था और उन्हें इसका अंजाम भुगतना पड़ा।

अख्तर ने रिजवान को मंदबुद्धि बताया

हार के बाद एक पाकिस्तानी टीवी चैनल पर बोलते हुए अख्तर ने कहा, 'क्या आप बाबर को विराट से बेहतर मानेंगे? क्या आप श्रेयस अय्यर को खुशदिल शाह से बेहतर मानेंगे? क्या आप रोहित शर्मा को मोहम्मद रिजवान से बेहतर मानेंगे? पिछले दस सालों से मैं सुन रहा हूं कि ये एक टैलेंटेड ग्रुप है। प्रतिभा कहां है? आप रन बनाकर और विकेट लेकर स्टार बन जाते हैं। मुझे कोई प्रतिभा नहीं दिखती। जब उनसे पूछा गया कि लोग उनकी बात सुनना चाहते हैं, तो अख्तर ने कहा, 'मैं 2011 से टीवी पर हूं, मेरा विश्वास करें, मैंने सब कुछ कह दिया है। मैं 2001 से देश के लिए क्रिकेट देख रहा हूं। अगर आप मंदबुद्धि लोगों को कप्तान बनाते हैं और अजीब लोगों को आने देते हैं, तो यही होगा।'

कठोर कदम उठाने की जरूरत : अकरम

दुबई में भारत से पाकिस्तान की हार के बाद दिग्गज गेंदबाज वसीम अकरम ने अपनी निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रशंसक अब खाली वादों और उम्मीदों को बर्दाश्त करने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'हमें कठोर कदम उठाने की जरूरत है। अब बहुत हो गया है! हम सफेद गेंद के क्रिकेट में वर्षों से उन्हीं खिलाड़ियों के साथ हार रहे हैं। अब समय आ गया है कि साहसिक कदम उठाया जाए और निडर क्रिकेट खेलने वाले युवा खिलाड़ियों को लाया जाए।

रिजवान कप्तानी के लायक नहीं

सिर्फ वसीम अकरम ही नहीं, मोहम्मद आमिर, अहमद शहजाद और राशिद लतीफ जैसे पूर्व दिग्गज पाकिस्तानी क्रिकेटरों ने भी रिजवान को कप्तान बनाए जाने पर सवाल खड़े किए हैं। 'हारना मना है' शो पर इन तीनों ने कहा कि वह रिजवान को एक कप्तान के तौर पर नहीं देखते हैं। शहजाद ने तो टीम में गुटबाजी का भी आरोप लगाया और कहा कि सात-आठ खिलाड़ियों का एक ग्रुप है, जिसका बाबर और रिजवान हिस्सा हैं। ये आपस में फैसला करते हैं कि कौन कप्तान बनेगा। अगर कोई प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिखता है तो वह उसे बाहर करने पर तुल जाते हैं।

'दिल के अरमां आंसुओं में बह गए'

मोहम्मद हफीज और शोएब मलिक ने भी पाकिस्तान की हार पर प्रतिक्रिया दी है। मलिक ने तो गाना गाया, 'दिल के अरमां आंसुओं में बह गए'। इस शो में हफीज और मलिक के साथ सना मीर और शोएब अख्तर भी शामिल हुए। मलिक और हफीज ने कहा कि पाकिस्तान में टैलेंट की कमी नहीं है, बल्कि उन्हें कोई सही रास्ता दिखाने वाला नहीं है। हफीज और मलिक ने कहा कि पाकिस्तान टीम में प्लानिंग की कमी है। वहीं, सना मीर ने भी 'अब तो आदत सी है हमको ऐसे जीने में...' गाया। सना मीर ने कहा- जब लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने दो विकेट पर 100 रन बना लिए थे तो मेरे एक दोस्त का मैसेज आया कि लगता है हम अब मैच हार जाएंगे। मैंने कहा कि हम तब ही हार गए थे जब टीम का चयन हुआ था।

सीएसके ने श्रीराम को नियुक्त किया सहायक गेंदबाजी कोच

चेन्नई। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर श्रीधरन श्रीराम आगामी इंडियन प्रीमियर लीग चरण में चेन्नई सुपर किंग्स के सहायक गेंदबाजी कोच होंगे। पांच बार की चैंपियन टीम ने सोमवार को इसकी घोषणा की। चेन्नई सुपर किंग्स ने 'एक्स' पर घोषणा करते हुए पोस्ट किया, 'हमारे सहायक गेंदबाजी कोच श्रीराम श्रीधरन को सलाम। चेपॉक की पिच से लेकर ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश में कई वर्षों तक कोचिंग देने वाले श्रीधरन गर्व के साथ इस नयी यात्रा पर निकल पड़े हैं।' बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी के पूर्व ऑलराउंडर श्रीधरन टीम में स्टीफन फ्लेमिंग (मुख्य कोच), माइक हसी (बल्लेबाजी कोच) और एरिक सिमंस (गेंदबाजी सलाहकार) के साथ काम करेंगे। सीएसके की स्पिन गेंदबाजी लाइनअप में आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, श्रेयस गोपाल, नूर अहमद, दीपक हुड्डा और रचिन रविंद्र शामिल हैं। श्रीधरन (49 वर्ष) ड्वेन ब्रावो की जगह लेंगे जो अब गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर (मार्गदर्शक) के रूप में शामिल हो गए हैं।

दिल्ली और गुजरात की नजरें बेहतर प्रदर्शन पर

बेंगलुरु। बल्लेबाजों के कमजोर प्रदर्शन से जूझ रहे गुजरात जाइंट्स और दिल्ली कैपिटल्स मंगलवार को यहां महिला प्रीमियर लीग मैच में जगह आमने-सामने होंगे तो जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेंगे। दोनों टीम को अपने पिछले मुकाबले में शिकस्त का सामना करना पड़ा है।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Bhopal, (M.P.)

NOTICE INVITING TENDER No. 335/MTN/2025 (BW)

No./2459/22/D-12/NIT-Maint./2025 Bhopal, Dated : 24.02.2025

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

Name of work : Repair/Maintenance of Rural Roads.

• **Table-1: Name of Work –** Within 05 Year Maintenance (BW)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Burhanpur	1	1876000.00

• **Table-2 : Name of Work –** Post 5 Year Maintenance (BW)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Sagar	1	7446000.00

• **Table-3 : Name of Work –** Post 10 Year Maintenance (BW)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Balaghat	1	4597000.00
2	Harda	1	4121000.00

• **Table-4 : Name of Work –** Post 15 Year Maintenance (BW)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Balaghat	1	3376000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **28.02.2025 from 17:30 hrs.** and last date for online bid submission is **17.03.2025 (17:00 hrs.).**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER (Tender)
M.P. Madhyam/118939/2025
"मेरी सड़क" ऐप डाउनलोड कर, फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग करें।

मीराबाई चानू मोटापे के खिलाफ लड़ाई में शामिल

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मोटापे के खिलाफ लड़ाई में शामिल होते हुए ओलंपिक रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को जोर देते हुए कहा कि जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव इस 'बड़ी स्वास्थ्य समस्या' से निपटने में महत्वपूर्ण अंतर पैदा कर सकते हैं। इस पहल की शुरुआत सोमवार को हुई जब प्रधानमंत्री मोदी ने मोटापे से निपटने के प्रयासों का नेतृत्व करने के लिए चानू सहित विभिन्न क्षेत्रों से 10 व्यक्तियों को नामित किया। प्रधानमंत्री ने इससे एक दिन पहले ही लोगों से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आग्रह किया था जिसके बाद उन्होंने यह घोषणा की।

यू मुंबा ने राकेश को बनाया मुख्य कोच

मुंबई। पूर्व भारतीय कप्तान और तीन बार के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता राकेश कुमार प्रो कबड्डी लीग में मुख्य कोच के रूप में नौ साल बाद यू मुंबा में वापस आएंगे। फ्रेंचाइजी ने सोमवार को इसकी घोषणा की। पहले पीकेएल में सबसे अधिक राशि में बिकने वाले खिलाड़ी रहे राकेश तीसरे सत्र में फ्रेंचाइजी में शामिल हुए थे। यू मुंबा के सीईओ सुहैल चंडोक ने कहा, 'निश्चित रूप से भारत के सबसे महान कबड्डी खिलाड़ी, अर्जुन पुरस्कार विजेता, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण, वह खुद यू मुंबा के पूर्व खिलाड़ी हैं और हमारे परिवार में वापस आ गए हैं।

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (लोककर्म विभाग)

-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक PRO- 587	कार्य का विवरण	कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एंव EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	Date:- 24/02/2025 2025_UAD_404534_1	वार्ड क्र 72 के अंतर्गत कचनार क्लब के बाजू से पंकज कुमार इन्स्पेक्टर जी के घर तक M-30 सी. सी. सड़क निर्माण कार्य (महापौर अनुशंसा)	02 माह रू. 14.35 लाख	2000/- 10764/-	28/03/2025
2	Date:- 24/02/2025 2025_UAD_404534_2	वार्ड क्र 72 के अंतर्गत कंचन विहार में श्री छाया डुप्लेक्स फेस-2 से जैन प्रोविजन होते हुए जैन मंदिर तक M-30 सी. सी. सड़क निर्माण कार्य (महापौर अनुशंसा)	02 माह रू. 15.86 लाख	2000/- 11898/-	28/03/2025
3	Date:- 24/02/2025 2025_UAD_404534_3	वार्ड क्र 74 के अंतर्गत कंचन सेन जी के घर से दुर्गा मंदिर तक M-30 सी.सी. सड़क निर्माण कार्य (महापौर अनुशंसा)	02 माह रू. 11.26 लाख	2000/- 8447/-	28/03/2025
4	Date:- 24/02/2025 2025_UAD_404534_4	वार्ड क्र 74 के अंतर्गत सतीश दीक्षित जी के घर से कृष्णा धाम गेट से लिटिल किंगडम स्कूल तक M-30 सी. सी. सड़क निर्माण कार्य (अध्यक्ष अनुशंसा)	02 माह रू. 12.71 लाख	2000/- 9532/-	28/03/2025

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संसोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेवसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोककर्म विभाग, नगर निगम जबलपुर

MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
Regd. Office - Block No. 8, 3rd Floor, Shakti Bhawan, Rampur, Jabalpur-482 008 (M.P.)
CIN: U40109MP2002SGC015120 Tel No: 0761 2666040, Extn.: 270-2473/2425 Fax- 0761-2660048
Website: www.mpez.co.in email: cepurez@yahoo.in

NOTICE INVITING TENDER

No.SE/SDL/PUR/1305 Jabalpur, dtd: 27.10.2024

Online tenders are invited from the Contractors having A class electrical license issued from Electrical Inspectorate, Govt. of MP Bhopal and registered with the MPPKVVCL with registration fee* of Rs 1 Lakh plus applicable GST or registered in QC Portal as erection Contractor for survey, installation, testing and commissioning of 11 KV line, 11/0.433 KV distribution transformer, LT line and replacement of LT Cable under different schemes in the area of O&M Circle MPPKVVCL ANUPPUR as per scope of work detailed below:-

S. No.	TS No. (For e-Tendering) Discom- EZ/Pur	Particular of work	Approx. Value (Rs. in Lakhs)	Tender fee (in Rs)	Due date & time of opening of tender online from 17.00 Hrs (*)
1	SE/SDL/PUR/1305 dt.27.10.2024 (e-Tender No.2024_ PKVVC_379355_2)	Empanelment of contractors to award a Contract for survey, Installation, testing and comm-issioning of 11 KV line, KV 11/0.433 KV distribution transformer, LT line and replacement of LT Cable under different schemes in the O&M Circle ANUPPUR	90.40	2360 With GST	03.03.2025

- Firms already registered with MPPKVVCL, Jabalpur and valid on the date of Bid opening, need not to register afresh.
- GST shall be payable extra as applicable at the time of bidding. Present rate of GST is 18%.

NOTE: -
1. Other details can be seen in the complete tender documents available on e-portal https://mptenders.gov.in.
2. Tender documents can be purchased only online and download from main portal https://mptenders.gov.in by making online payment for the prescribed non- refundable tender document fees. Only in case if the tender is dropped without opening, the tender fees shall be refunded after deduction of necessary portal charges. Manual purchase of tender is not allowed. It is mandatory for all the bidders to pay tender document fees to participate in tender.

Superintending Engineer(O&M)
M.P.P.K.V.V.C.L., Anuppur

एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.
LIC HFL — LIC HOUSING FINANCE LTD
एरिया ऑफिस :– 18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर – 482001 (म.प्र.) फोन नं. 0761–2401338, Website: www.lichousing.com

मांग सूचना

(वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण और सिक्योरिटी इन्ट्रेस्टे ऐक्ट 2002 की प्रवर्तन की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग नोटिस) (1) क्रमांक (2) गृह ऋण खाता क्रमांक (3) ऋणी का नाम व पता (4) सम्पत्ति का पता (5) स्वीकृत ऋण राशि एवं दिनांक (6) बकाया राशि क्र .

क्र.	गृह ऋण खाता क्र	ऋणी का नाम व पता	सम्पत्ति का पता	स्वीकृत ऋण दिनांक / स्वीकृत राशि ₹	बकाया राशि ₹
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	120500010836	श्री मनीष कुमार उधवानी सुश्री भावना उधवानी पता फ्लैट नंबर बी2 द्वितीय तल टावर 15 सुखसागर ब्लू ग्वारीघाट रोड जबलपुर एमपी 482002	फ्लैट नंबर बी2 द्वितीय तल टावर 15 सुखसागर ब्लू ग्वारीघाट रोड जबलपुर एमपी क्षेत्र 627 वर्ग फीट	10.01.2018 / 11,00,000 / 18.02.2025	7,39,233.94 + ब्याज व अन्य खर्चे
2.	120500009342	श्री डेनिस नोएल, पता प्लॉट संख्या एफ–06 का हिस्सा, सैनिक सोसायटी, डुमना रोड, जबलपुर, म.प्र. 482001	प्लॉट संख्या एफ–06 का हिस्सा, सैनिक सोसायटी, डुमना रोड, जबलपुर, म.प्र. 482001 क्षेत्र 600 वर्ग फीट	07.03.2017 / 20,00,000/- / 20.02.2025	31,46,771.13 + ब्याज व अन्य खर्चे
3.	120500005188 120500014013	सुश्री अर्चना शुक्ला और स्वर्गीय श्री के सभी ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी राजेश्वर शुक्ला ब्लॉक नंबर 664, पटवारी हल्का नंबर 17/20 नया 60, खसरा नंबर 298/2 प्लॉट नंबर 56,60,61 का हिस्सा खसरा नंबर 297/6, 297/8 मौजा महाराजपुर, जबलपुर, म.प्र. 482001	ब्लॉक नंबर 664, पटवारी हल्का नंबर 17/20 नया 60, खसरा नंबर 298/2 प्लॉट नंबर 56,60,61 का हिस्सा खसरा नंबर 297ध्6, 297/8 मौजा महाराजपुर, जबलपुर, म.प्र. 482001	27.12.2014 / 17,50,000/- / 20.02.2025 / 08.06.2019 / 4,00,000/- / 20.02.2025	23,68,406.86 + ब्याज व अन्य खर्चे / 5,28,660.86 + ब्याज व अन्य खर्चे
4.	120500005562 120500010858	स्वर्गीय श्री राम कृष्ण दुबे के सभी ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी ब्लॉक नंबर 497 पटवारी हल्का नंबर 23 (नया 78), खसरा नंबर 68–1, मौजा करमेता, प्लॉट नंबर 06, खसरा नंबर 418,413,415,416/1, बरौदी करमेता, महाराजपुर, तहसील पनागर, जबलपुर, म.प्र., 482001	ब्लॉक नंबर 497 पटवारी हल्का नंबर 23 (नया 78), खसरा नंबर 68–1, मौजा करमेता, प्लॉट नंबर 06, खसरा नंबर 418,413,415,416/1, बरौदी करमेता, महाराजपुर, तहसील पनागर, जबलपुर, म. प्र. 482001	14.03.2015 / 15,00,000/- / 20.02.2025 / 13.02.2018 / 8,00,000/- / 20.02.2025	12,38,158.27 + ब्याज व अन्य खर्चे / 8,14,301.02 + ब्याज व अन्य खर्चे
5.	120500008110	श्री रुद्र प्रताप सिंह पता मकान नंबर 3577/4, न्यू कंचनपुर, संजय नगर, अधारताल, जबलपुर, म.प्र.–482002	ब्लॉक नंबर 664, पटवारी हल्का नंबर 60, खसरा नंबर 298/1, प्राइवेट प्लॉट नंबर 05, मौजा महाराजपुर, तह पनागर, जबलपुर, म.प्र. –482002 क्षेत्रफल 1229 वर्ग फीट	20.07.2016 / 14,00,000/- / 20.02.2025	29,16,252.33 + ब्याज व अन्य खर्चे
6.	120500008310	स्वर्गीय श्री प्रहलाद खटीक के सभी ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी पता मकान नंबर 447, लाल स्कूल के सामने सदर कैंट सदर बाजार जबलपुर म. प्र. 482001	प्लॉट नंबर 622, चरण 2 भाग 1, चौतन्य सिटी, तिलहरी, मौजा कजरवारा, मंडला रोड, जबलपुर, म.प्र., 482001 क्षेत्र 1000 वर्ग फीट	16.09.2016 / 5,00,000/- / 20.02.2025	4,34,259.00 + ब्याज व अन्य खर्चे
7.	120500014499 120500014502	स्वर्गीय श्री नवीन डेविड के सभी ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, फ्लैट नंबर बी–5, द्वितीय तल, अंकित क्लासिक अपार्टमेंट, गुलाटी पेट्रोल पंप के सामने, ग्राम महाराजपुर मदन महल वार्ड, जबलपुर,म. प्र., 482001	फ्लैट नंबर बी–5, द्वितीय तल, अंकित क्लासिक अपार्टमेंट, गुलाटी पेट्रोल पंप के सामने, ग्राम महाराजपुर मदन महल वार्ड, जबलपुर, म.प्र., 482001	10.08.2019 / 7,00,000/- / 20.02.2025 / 10.08.2019 / 3,00,000/- / 20.02.2025	10,67,286.21 + ब्याज व अन्य खर्चे / 4,08,283.17 + ब्याज व अन्य खर्चे

आपके अनुरोध पर हमने आपको गृह ऋण वित्त राशि के रूप में इकरार नामे की शर्तों के अनुसार स्वीकृत की थी। जिनको आपने स्वीकार किया था । (1) स्वीकृत ऋण राशि स्वीकृति दिनांक एवं आपके खाता संख्या का ब्यौरा ऊपर दिया गया है । (2) आपको विदित है कि आपको प्रदत्त ऋण राशि उपरोक्त (कालम नं. 5) आस्ति प्रतिभूति अनुबंध (रक्षित आस्ति) से रक्षित है। इसके लिए आपने आवश्यक दस्तावेज निष्पादन करके प्रतिभुति के रूप में सम्यबंधक किया है । (3) हम आपको यह भी सूचित करते है कि संपूर्ण ऋण अदा करने हेतु बार – बार मांग नोटिस भेजे गए और मौखिक रूप से अनुरोध किए जाने के पश्चात भी अभी तक आपने ऋण अदा नहीं किया है । इस तरह आपने ऋण की अदायगी में गंभीर अनियमितता बरती है । (4) आज दिनांक तक आपको उपरोक्त राशि देय है (कालम नं . 6) 1 (5) ऊपर लिखे कारणों से हम एतद द्वारा आपको सूचित करते हैं कि इस नोटिस की प्राप्ति के 60 दिन के अंदर आप समस्त देय राशियों की भुगतान करें , न करने की स्थिति में हम सिक्योरिटाईजेशन एक्ट की धारा 13 (4) की शक्तियों का उपयोग करेंगे । (6) उपरोक्त शक्तियों के अधीन कार्यवाही करने पर प्राप्त धनराशि प्रथमतः समस्त व्यय प्रभार व खर्चे हेतु उपयोग की जावेगी । जो हमारी राय में उचित प्रकार से किए गए है या संबंधित हो एवं इसके पश्चात हमारे शेष जैसा कि उपरोक्त अदित है में दिनांक **31.03.2025** से वसूली की तारीख की संविदा गत हित के निस्तारण में प्रयोग की जावेगी एवं शेष धनराशि (यदि कोई हो तो) आपको भुगतान दिया जायेगा। (7) एक्ट की धारा 13 (13) के अन्तर्गत आगाह करे कि इस नोटिस की प्राप्त के पश्चात आप इस नोटिस के दर्शायी गई किसी भी रक्षित आस्ति का अन्तरण , बिक्री पट्टे के द्वारा रक्षित ऋण दाता की लिखित पूर्ण सहमति के बिना नहीं कर सकेंगे । (8) एक्ट की धारा 13 (10) के अन्तर्गत हम आपको यह भी सूचित करते है कि यदि रक्षित आस्तियों बिक्री से प्राप्त हमारे ऋण की भरपाई नहीं होती है तो हम आपके विरूद्ध ऋण वसूली अधिकरण (DRT) में जाकर शेष धन राशि की वसूली के लिए कार्यवाही करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। यह मांग नोटिस दो समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जा रहा है ।

दिनांक : 25.02.2025
स्थान : जबलपुर

आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.

अंधुआ में खड़े ट्रक से कार टकराई, पहरेवा में पेड़ से टकराकर बस भिड़ी तूफान

सिहोरा में 6 और अंधमूक बायपास में 2 कुंभ यात्रियों की टक्कर लगने से मौत

जबलपुर जिले में सोमवार की सुबह 4 बजे दो हृदयविदारक घटना हो गई। प्रयागराज से लौट रही एक तूफान गाड़ी खितौला के पास पहरेवा क्षेत्र में रोड डिवाईडर से टकराकर रॉन्ग साईड से जाकर बस से भिड़ गई। इस हादसे में कर्नाटक के 6 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई गई है।

हरिभूमि, जबलपुर।

इसी प्रकार गैरतगंज रायसेन से प्रयागराज जा रही एक कार देर रात 12.30 बजे रोड किनारे खड़े एक मिनी ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक महिला घायल हो गई। घायलों को मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलने पर जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत बचाव कार्य शुरु कराया।

पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने बताया कि एक वाहन क्रमांक केए 49 एम 5054 तूफान जीप में सवार हैदराबाद निवासी परिवार व रिश्तेदार प्रयागराज महाकुंभ से लौटे। जब वे खितौला पहरेवा नाका से आगे बढ़ रहे थे इस दौरान चालक को नींद का झोंका आया, जिससे जीप अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने के बाद डिवाइडर तोड़ते हुए एक यात्री बस से टकरा गई। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में वीरुपक्शी गुमती निवासी गोकाक बेलगाम, कर्नाटक, बासविराज कुरती निवासी गोकाक बेलगाम कर्नाटक, बालचंद्रा, राजू, सुनील बालकृष्ण, वीरना की इस हादसे में मौत हो गई, जबकि सदाशिव उपलानी और मुस्ताफ घायल हो गए। घायलों में मुस्ताफ की हालत गंभीर बताई गई है जिसे मेडीकल रिफर कर दिया है। मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आनंद कलादंगी, एसडीएम रुपेश सिंघई, तहसीलदार शशांक दुबे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर-एसपी मौके पर पहुंचे

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कहा कि शासन के प्रावधान अनुसार सड़क दुर्घटना निजी अतंर्गत मृतकों के परिजनों को सहायता दी जाएगी और पार्थिव शरीर को सम्मान के साथ उनके निवास कर्नाटक भेजा जाएगा। कलेक्टर, एसपी ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की और घटना की जानकारी ली। घटना के बाद बस चालक मौके से भाग निकला।

120 की स्पीड से चला रहा ड्रायवर

इस हादसे में घायल सदाशिव उपलानी काफी डरा हुआ है। प्रशासनिक अधिकारी की गई पूछताछ के दौरान उसने बताया कि सभी लोग कर्नाटक के बेलगाम गांव के निवासी है। शुक्रवार को किराए की टैक्सी लेकर प्रयागराज कुंभ स्नान करने के लिए निकले थे। प्रयागराज से स्नान करने के बाद लौट रहे थे। सदाशिव के मुताबिक जीप को 120 किलोमीटर की रफ्तार से चला रहा था। इस दौरान ड्राइवर को अचानक नींद का झोंका आने के कारण हादसा हो गया।सदाशिव सबसे पीछे बैठा हुआ था। तेज धमाका के अलावा उसे कुछ याद नहीं।

देर रात अंधुआ बायपास में हादसा, 2 की मौत

इसी प्रकार संजीवनीनगर अतंर्गत अंधुआ बायपास में गैरतगंज रायसेन से प्रयागराज कुंभ जा रहे यात्रियों की एक कार रोड किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक महिला घायल हो गई। रात्रि संभागीय गश्त कर रहे सीएसपी बरगी सुनील नेमा सबसे पहले मौके पर पहुंचे और उन्होंने घायल महिला को मेडीकल पहुंचाया। इधर संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक कार क्रमांक एमपी 04 ईडी 9540 में सवार होकर गैरतगंज जिला रायसेन निवासी 28 वर्षीय श्रीमति वर्षा लोधी, गैरतगंज निवासी 51 वर्षीय अश्वनी चौधरी और 22 वर्षीय सौरभ सराठे के साथ प्रयागराज जा रही थी। कार अश्वनी चौधरी चला रहे थे। सौरभ सराठे कार के अगले सीट पर और वर्षा कार के पीछे वाली सीट पर बैठी थी। देर रात लगभग 12.30 बजे कार अंधुआ बायपास पहुंची। मुख्य रोड में दाहिने तरफ मध्य डिवाईडर के पास बिना लाईट, बिना संकेत और बिना सुरक्षा के इंतजाम किए एक खड़े मिनी ट्रक क्रमांक एमपी 15 जी 5338 से उनकी कार टकरा गई। जिससे कार चालक अश्वनी चौधरी एंव सौरभ सराठे बुरी तरह घायल हो गये तथा वर्षा को दाहने पैर की जांघ में चोटे आ गई। तीनों घायलों को 108 एम्बुलेंस से उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां अश्वनी चौधरी और सौरभ सराठे की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए आरोपी मिनी ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 285, 125(ए), 106(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

जबलपुर से रायपुर ट्रेन कैंसल

अब चांदाफोर्ट जाएगी नई वंदे भारत ट्रेन, यात्रियों में निराशा

जबलपुर। वंदे भारत ट्रेन से जबलपुर से रायपुर की यात्रा की आस लगाए बैठे यात्रियों को निराशा होगी। यह ट्रेन अब जबलपुर से गोंदिया होकर महाराष्ट्र के चांदाफोर्ट जाएगी। कुछ समय पहले ही इस ट्रेन को जबलपुर से गोंदिया होकर रायपुर तक चलाने की घोषणा की गई थी। इसकी समय सारणी भी जारी हो गई थी। अब नया प्रस्ताव रेलवे बोर्ड के पास भेजा गया है। माना जा रहा है कि जल्द नई समय सारणी को हरी झंडी मिल सकती है। जबलपुर से चांदा फोर्ट की दूरी 476 किमी है। वंदे भारत ट्रेन अपना सफर 8.35 घंटे में तय करेगी। हालांकि रेलवे अधिकारी पुष्टी नहीं कर रहे हैं।

एक ही ट्रेन है रायपुर के लिए

जबलपुर से रायपुर के बीच अभी केवल एक ही ट्रेन अमरकंटक एक्सप्रेस है। यह कटनी होकर जाती है। इसमें सीट मिलना मुश्किल होता है। ऐसे में रायपुर आने-जाने वाले यात्रियों को बस से मंडला होकर जाना पड़ता है। इसमें किराया भी अधिक चुकाना पड़ रहा है। कई बार बसों में भी सीट नहीं मिल पाती है। जबलपुर-रायपुर के बीच वंदेभारत को चलाने की घोषणा से यात्रियों ने राहत की सांस ली थी।

ऐसा रहेगा नया शेड्यूल

ट्रेन जबलपुर से सुबह 6.30 बजे रवाना होगी। 6.40 बजे मदन महल, 7.10 बजे नैनपुर, 8.28 बजे बालाघाट, 9.30 बजे गोंदिया, 11.53 बजे नागभीर और 1.45 बजे चांदफोर्ट पहुंचेगी। चांदफोर्ट से दोपहर 3.45 बजे चलकर शाम 6.18 बजे नागभीर, 5.50 बजे गोंदिया, 6.35 बजे बालाघाट, 8.15 बजे नैनपुर, रात 11.30 बजे जबलपुर आएगी।

मालवाहक की टक्कर से 3 मजदूर घायल

जबलपुर। कटंगी थाना अतंर्गत राजघाट पौड़ी तिराहा पर रोड किनारे खड़े तीन मजदूर को एक मालवाहक चालक ने टक्कर मार दी, जिससे तीनों मजदूर घायल हो गए। ठेकेदार द्वारा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। कटंगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यू कंचनपुर चौधरी मोहल्ला गणेश चौक निवासी 61 वर्षीय ठेकेदार उत्तम चंद गत दिवस अपने मजदूर अरविन्द, केशव अहिरवार और सोनू खान के साथ सेंटिंग के काम से ठेके के लिए राजघाट पौड़ी तिराहा पर उतरे, तभी शाम लगभग 6 बजे वह टॉयलेट के लिए रोड किनारे दूसरी तरफ चला और रोड के उस तरफ तीनों मजदूर खड़े थे। रोड क्रास करते समय ठेकेदार ने देखा कि कटंगी तरफ से आ रही एक सफेद रंग का मालवाहक क्रमांक एमपी 20 एल ए 2719 के चालक ने रोड़ किनारे खड़े उसके लड़के अरविन्द और मजदूर केशव अहिरवार, सोनू खान को टक्कर मार दी, जिससे तीनों रोड़ किनारे गिर गये और तीनों के हाथ, पैर एवं शरीर में चोटें आ गयीं।

आयोग ने जनहित में लिये दो संज्ञान

जबलपुर। मप्र मानव अधिकार आयोग की क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मुख्य पीठ में शहर के जनहित के दो मामलों सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, संबंधितो को निर्देश देकर प्रतिवेदन तलब किया है। जिले के सिहोरा विकासखंड के अंतर्गत संकुल केन्द्र गोसलपुर के तहत संचालित होने वाले एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय मुस्कुरा में प्राइमरी विद्यालय के पुराने भवन में तीन कमरों में आठ कक्षाएं संचालित होने का मामला सामने आया है। तीन कमरों में पहली से आठवीं तक के अध्यनरत में छह दर्जन से ज्यादा बच्चे बैठकर शिक्षा ग्रहण कर रहे है। स्कूल के कमरों में क्षमता से ज्यादा बैठकर अध्ययन कर रहे है, इस कारण उन्हें कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ता है। आयोग ने जबलपुर के कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी से मामले की जांच कराकर स्कूल भवनों के रख रखाव/मरम्मत एवं सुधार के लिये की गई कार्यवाही के संबंध में एक माह में प्रतिवेदन मांगा है।

जर्जर भवन में संचालित हो रहा स्कूल

जिले के बरगी रोड स्थित शासकीय माध्यमिक स्कूल रौंसरा के जर्जर भवन में स्कूल संचालित होने का मामला सामने आया है। स्कूल भवन के छत का प्लास्टर टूटकर नीचे गिर रहा है, जो कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों के लिये खतरा बन रहा है। जर्जर भवन में स्कूल संचालित होने के कारण बच्चों एवं शिक्षक की जान को भी खतरा बना हुआ है। आयोग ने जबलपुर के जिला शिक्षा अधिकारी से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन मांगा है।

किसानों को हुआ भारी नुकसान

मटर पर रोग की मार लग रहा रस्ट रोग

जबलपुर। संभाग में मौसम मौसम बार-बार बदल रहा है। फरवरी में ही अचानक गर्मी बढ़ जाने से मटर की फसल में रस्ट नाम का रोग लग रहा है। बीते साल जनवरी में यह समस्या सामने आई थी। इससे किसानों को भारी नुकसान हुआ था। इस बार भी फसल पर पीले, भूरे रंग के धब्बे उभरने लगे हैं। हालांकि, मटर की वैरायटी चयन को लेकर भी आशंका है।

मटर जिले की नकदी फसल मानी जाती है, जिससे किसानों को अच्छी आमदनी होती है। मझौली, सिहोरा, पाटन क्षेत्र में इस रोग के लक्षण फसलों में दिख रहे रहे हैं। पत्तियों पर चकत्ते और स्पॉट बन रहे हैं। इससे पौधों की वृद्धि प्रभावित हो रही है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यह रोग वैरायट चयन की गड़बड़ी के कारण भी हो सकता है। सही रोग प्रतिरोधी वैरायटी का चुनाव न होने से फसल पर रोग का हमला बार-बार हो रहा है। जरूरी है कि बीजों में सुधार किया जाए और ऐसी वैरायटी विकसित की जाए जो इस रोग के प्रति अधिक प्रतिरोधी हो।

जिल के 310 परीक्षा केन्द्रों में 62 हजार विद्यार्थी शामिल

हिन्दी के पर्चे के साथ पांचवी आठवीं की परीक्षाएं शुरु

जबलपुर। जिला शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार, 24 फरवरी से जिले में कक्षा पांचवीं और आठवीं की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। ये परीक्षाएं सत्र 2024-25 के लिए आयोजित की जा रही हैं और 5 मार्च को समाप्त होंगी। परीक्षाओं का आयोजन जिलेभर में 63 जन शिक्षा केंद्रों के अंतर्गत कुल 310 परीक्षा केंद्रों पर किया जा रहा है। कक्षा पांचवीं के लिए सोमवार को पहला प्रश्नपत्र दोपहर 2:30 बजे छात्रों को सौंपा गया। जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा ने बताया जिले के 2,470 शासकीय, मान्यता प्राप्त आशासकीय और अनुदान प्राप्त शालाओं के साथ-साथ डाईस कोड प्राप्त मदरसों में अध्यनरत 62,270 छात्र-छात्राएं पांचवीं और आठवीं की वार्षिक परीक्षा में भाग ले रहे हैं। परीक्षा की व्यवस्था की सतत निगरानी के लिए जिला शिक्षा केंद्र द्वारा सभी जनशिक्षा केंद्र प्रभारी, बीआरसी, बीएसी और जनशिक्षकों को निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं।

हाई कोर्ट ने कलेक्टर को तीन दिन में शपथ पत्र पेश करने दिए निर्देश

किसानों के खेतों में क्यों डाल रहे पावर प्लांट की राखड़

हरिभूमि जबलपुर।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने किसानों के खेतों में पावर प्लांट की राखड़ डालने के मामले में झाबुआ पावर लिमिटेड, मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कलेक्टर सिवनी, पुलिस अधीक्षक और नायब तहसीलदार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कलेक्टर को तीन दिन में शपथ पत्र पेश करने के निर्देश दिए गए हैं।

याचिकाकर्ता सिवनी निवासी रामगोपाल अर्जुले की ओर से अधिवक्ता विशाल बघेल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि जिले के घंसौर ब्लाक अंतर्गत रजगढ़ी गांव में झाबुआ पावर लिमिटेड के बरेला स्थित प्लांट से निकलने वाली फ्लाई एश (राखड़) अवैध रूप से बगैर किसी अनुमति के उसके खेतों में डाली जा रही है।

ईडब्ल्यूएस आयु सीमा मामले में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट में यूपीएससी परीक्षा के लिए ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों को पांच साल की आयुसीमा में छूट देने के मामले में सोमवार को सुनवाई पूरी हो गई है।चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने मामलों पर अपना फैसला सुरक्षित रखने के निर्देश दिये है।

हाईकोर्ट में यह मामले सतना निवासी आदित्य नारायण पाण्डेय व 19 अन्य की ओर से दायर किये गये है। जिसमें कहा गया है कि वह ईडब्ल्यूएस वर्ग से संबंधित हैं। याचिका में केन्द्र सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एण्ड ट्रेनिंग और संघ लोक सेवा आयोग के उन आदेशों को चुनौती दी गई थी, जिनके आधार पर याचिकाकर्ताओं को ईडब्ल्यूएस वर्ग का होने के बाद भी उम्र के आधार पर प्रतियोगी परीक्षा से वंचित किया जा रहा था। बीते 14 फरवरी को सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने यूपीएससी परीक्षा में ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को आयु सीमा में पांच साल की छूट देकर परीक्षा में शामिल करने के आदेश दिये थे। मामले में उभयपक्षों के तर्क पूरे होने के बाद न्यायालय ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया। सुनवाई के दौरान याचिकाकतार्ओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पक्ष रखा।

दिन के तापमान में बनी हुई है स्थिरता

रात से सुबह तक ठंडी, दिन में गर्मी का एहसास

जबलपुर। अब मौसम स्थिर बना हुआ है। पहाड़ी इलाकों में बारिश के बाद दिन के तापमान में स्थिरता बनी हुई है। फिलहाल 1 हफ्ते तक दिन में गर्मी और रात में ठंडक बनी रहेगी उसके बाद गर्मी परवान चढ़ेगी। मौसम पूरी तरह से शुष्क हो गया है, दिन में तेज गर्मी का एहसास होने लगा है। रात के प्रथम पहर से गुलाबी ठण्ड प्रारंभ होती है, जो सूर्योदय के बाद समाप्त हो जाती है।

स्थानीय मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक तापमान में अब लगातार वृद्धि हो रही है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 29.3 डिग्री सेल्सियस सामान्य और न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 63 प्रतिशत और सायं काल 29 प्रतिशत आंकी गई सूर्योदय 6.34 पर और सूर्यास्त शाम 6.11 पर हुआ। उत्तरी पूर्वी हवायें 4 से 5 किलोमीटर प्रतिघण्टे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे कम 8 डिग्री तापमान पचमढ़ी जिले में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 27.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अगले 24 घण्टों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा।

खाद्यान्न की अनुमतिः सीमेंट, आयरन की भी हो रही साइडिंग

कछपुरा मालगोदाम में 'कंसेंट आदेश' का दुरुपयोग

जबलपुर। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के रिजनल अधिकारी आलोक जैन ने रेलवे को कछपुरा माल गोदाम में कंसेंट आदेश नंबर ए.डब्ल्यू.111549 द्वारा 5 अप्रैल 2023 को प्रति वर्ष 1 लाख 20 हजार मेट्रिक टन खाद्यान्न की लोडिंग, अन लोडिंग की अनुमति प्रदान की है।

लेकिन इस कंसेंट आदेश का दुरुपयोग कर उसके नाम पर सीमेंट, आयरन और आदि मिनरल का भी भारी मात्रा में लोडिंग, अन लोडिंग पिदले 2 वर्षो से इस माल गोदाम में निरंतर जारी है। जबकि ''कंसेंट आदोश" में स्पष्ट किया गया है कि रेलवे को केवल खाद्यान्न के साइडिंग की अनुमति दी जा रही है, मिनरल की नहीं। खाद्यान्न की भी साइडिंग ''कंसेंट आदेश" में उल्लेखित मात्रा से ज्यादा हो रही है।

यह शिकायत आज नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, तथा एड. प्रभात यादव ने महाप्रबंधक रेलवे जोन जबलपुर, कलेक्टर, नगर निगम, तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जबलपुर को भेजी है।

कंसेंट आदेश में जल तथा वायु अधिनियमों के अंतर्गत उल्लेखित शर्तों का पालन करने को कहा है। लेकिन अवैध रुप से हो रहे सीमेंट, आयरन तथा मिनरल के साइडिंग से हुए ध्वनि, वायु तथा जल प्रदूषण की मॉनिटरिंग नहीं होने से लोगों का जीवन खतरे में पड़ा है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

चार सप्ताह में स्पष्टीकरण पेश करने के दिए निर्देश

हाई कोर्ट ने निगमायुक्त प्रीति यादव को जारी किया अवमानना नोटिस

मुस्कान पार्क प्रोजक्ट में दुकानों के अवैध निर्माण का मामला

जबलपुर।

मप्र हाई कोर्ट के जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने जबलपुर के मुस्कान पार्क प्रोजक्ट में दुकानों के अवैध निर्माण के मामले में पूर्व आदेश का पलान न किए जाने के रवैये को गंभीरता से लिया।कोर्ट ने नगर निगम, जबलपुर की आयुक्त प्रीति यादव के विरुद्ध अवमानना नोटिस जारी किए हैं।उन्हें चार सप्ताह में स्पष्टीकरण पेश करने के निर्देश दिए गए हैं।

अवमानना याचिकाकर्ता अधिवक्ता मुकेश जैन की ओर से अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि हाई कोर्ट ने 24 जून, 2024 को जनहित याचिका पर आदेश पारित किया था। जिसके जरिए 80 फीट चौड़ी सार्वजनिक रोड पर बिल्डर शंकर मंच्छानी द्वारा मुस्कान पार्क प्रोजक्ट में दुकानों का अवैध निर्माण करने की शिकायत का निराकरण करने के आयुक्त नगर निगम को निर्देश दिए थे। यह निराकरण चार माह की अवधि में किया जाना था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि हाई कोर्ट चौराहे से दूसरे पुल के बीच निर्माणाधीन मुस्कान पार्क के सामने 80 फीट रोड के हिस्से में अवैध रूप से दुकान, फ्रंट एमओएस, पार्किंग व गार्डन आदि का निर्माण कर सार्वजनिक रोड को संकरा करने और जन सामान्य के आवागमन में बाधा डाली जा रही है। हाई कोर्ट से सेकेंड ब्रिज वाले मार्ग पर स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड, नेपियर टाउन जबलपुर स्थित नजूल भूमि पर मुस्कान पार्क का निमाण शंकरलाल मंछानी द्वारा किया जा रहा है। नगर तथा ग्राम निवेश विभाग और आयुक्त नगर पालिका निगम जबलपुर द्वारा उक्त भूमि पर दी गई विकास अनुज्ञा और भवन अनुज्ञा के नक्शे में भवन के सामने स्थित रोड को 80 फीट चौड़ा दिखाया गया है। व्यस्ततम सड़क के मध्य से 40 फीट रोड के क्षेत्र में से मुस्कान पार्क की दिशा की ओर स्थित करीब 25 वें फुट से बिल्डर शंकर मंछानी के द्वारा अवैध रूप से फर्श (फ्लोर) का निर्माण शुरू किया गया, जो कि 50 वे फीट रोड क्षेत्र तक हुआ है। इस प्रकार बिल्डर द्वारा रोड के उक्त हिस्से पर कब्जा कर उसे बिना अनुमति के अपने भवन के फ्रन्ट एमओएस हिस्से के रूप में प्रदर्शित किया गया है और फ्रन्ट एमओएस के लिए विहित 40 फीट लंबाई वाली वास्तविक जगह में से आधी से अधिक लंबाई पर (जो कि करीब 20 फीट के आसपास बैठता है), उसे खाली छोड़ने के स्थान पर उस पर दुकानों का अवैध निर्माण कर उसे उन्हें नगर निगम की अनुमति के बिना चालू भी कर दिया गया है।

उक्त अवैध निर्माण के कारण सार्वजनिक रोड के मध्य से भवन की दूरी 80 फुट से करीब 30 फीट घटकर 50 फीट ही रह गई है। इसके फलस्वरूप मार्ग आंशिक रूप से सकरा होने से पहले की तुलना में आवागमन अपेक्षाकृत कठिन हो गया है। रोड के सकरा होने से और मुस्कान पार्क में कामर्शियल दुकानों के अवैध निर्माण के कारण आगे चलकर जब वाहनों की संख्या में वृद्धि होगी तो आवागमन में बाधा और ज्यादा बढ़ेगी। साथ ही पार्किंग की समस्या भी पैदा होगी। इसलिए इन अवैध निर्मित दुकानों और व्यावसायिक आफिसों को ध्वस्त कर वहां फ्रंट ओपन स्पेस का निर्माण किया जाना आवश्यक है। नगर निगम आयुक्त को मुकेश जैन द्वारा की गई शिकायत का चार माह में निराकरण करने का आदेश दिया था परन्तु नगर निगम आयुक्त द्वारा आदेश का पालन नहीं किया गया। हाई कोर्ट के आदेश का पालन न होने के कारण पहले इस मामले में विविध सिविल याचिका दायर की गई थी। किन्तु आदेश की अवमानना किए जाने के दृष्टिगत न्यायालय द्वारा प्रकरण की विविध सिविल प्रकृति को बदलकर अवमानना की श्रेणी में रखते हुए रजिस्ट्री को निर्देश दिया था।

एमबीबीएस में एक अतिरिक्त मर्सी अटेम्प्ट की मांग

हाई कोर्ट ने एमयू के रजिस्ट्रार व एनएमसी के सचिव को जारी किए नोटिस

जबलपुर। हाई कोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने एमबीबीएस में एक अतिरिक्त मर्सी अटेम्प्ट की मांग करने के मामले में मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी जबलपुर के रजिस्ट्रार और नेशनल मेडिकल कमीशन के सचिव को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया है। याचिकाकर्ता नीमच निवासी हार्दिक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि एमबीबीएस के प्रथम वर्ष में चौथा प्रयास अंतिम प्रयास होता है। यदि कोई छात्र प्रथम वर्ष में उत्तीर्ण नहीं होता है तो उसे एमबीबीएस पाठ्यक्रम छोड़ना पड़ता है। दलील दी गई कि याचिकाकर्ता अपने चौथे प्रयास में गंभीर रूप से बीमार था, इसलिए वह सिर्फ दो अंक से असफल हो गया। याचिकाकर्ता की ओर से मांग की गई कि उसे एक कर्सी अटेम्प्ट की अनुमति दी जानी चाहिए, नहीं तो उसका करियर खराब हो जाएगा।

चेक बाउंस पर छह माह का कारावास

जबलपुर। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी डा. गौरव गर्ग की अदालत ने चेक बाउंस के आरोपित पोलीपाथर निवासी भारत गुप्ता का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ छह माह के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही दो लाख 14 हजार का जुर्माना लगाया। परिवादी बरगी हिल्स निवासी अमित राजपूत की ओर से अधिवक्ता शक्ति प्रताप सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपित ने परिवादी से लिए गए कर्ज की अदायगी के लिए चेक दिया था। जब चेक बैंक में जमा किया गया तो अपर्याप्त राशि होने के कारण बाउंस हो गया। जिसकी सूचना दिए जाने के बावजूद कोई कदम नहीं उठाया गया। लिहाजा, अदालत की शरण ली गई।

स्वच्छ सर्वेक्षण के कार्यों में जुट जाएं अधिकारी-कर्मचारी : निगमायुक्त

जबलपुर। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के कार्यो को अब सभी अधिकारी गंभीरता से लेकर जमीनी स्तर पर सभी मापदण्डों के अनुरूप कार्य करें और जी-जान लगाकर पूरी ताकत के साथ शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के साथ-साथ अन्य निर्धारित मापदण्डों पर कार्य करें। इसके अलावा नागरिकों से भी संवाद कर उन्हें स्वच्छता के संदेशों से अवगत करायें और साकारात्मक फीडबैक देने अपील करें। उक्त निर्देश आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने स्वास्थ्य अमले के साथ-साथ नगर निगम के अन्य अधिकारियों को दिये। निगमायुक्त के निर्देश पर उपायुक्त एवं एस.बी.एम. नोडल अधिकारी संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जयसवाल एवं एस.बी.एम. सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा द्वारा आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के जमीनी परीक्षण की तैयारियों का जायजा लेने मानस भवन के मिनी हॉल में स्वास्थ्य विभाग के सभी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक एवं सबंधित सभी कंसल्टेंट के साथ समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के सभी मापदंडों पर विस्तार से चर्चा की गई।

आईटीआई प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन आज

जबलपुर। संभागीय आईटीआई में 25 फरवरी को सुबह 10:30 बजे से एक दिवसीय आईटीआई प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। ड्राइव में धार की कंपनी वेकमेट इंडिया लिमिटेड द्वारा ट्रेनी पद पर 10 हजार 500 रुपए से लेकर 13 हजार 230 रुपए प्रतिमाह के वेतनमान पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। संस्थान के प्राचार्य ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में कंपनी द्वारा फ़िटर, मशीनिष्ठ, इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कोपा से आईटीआई उत्तीर्ण करने वाले 18 से 25 वर्ष के पुरुष अभ्यर्थियों का लिखित एवं साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा।

जेसीबी, चोरी की रेत से भरी ट्रेक्टर टॉली जब्त

जबलपुर। गोसलपर थानान्तर्गत कल पुलिस ने देवरीघाट बरने नदी में रेत का अवैध खनन किये जाने की मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर ट्रेक्टर टॉली में जेसीबी की मदद से रेत भर रहे आरोपियों को पकडने का प्रयास किया तो ट्रेक्टर टॉली पलटा कर ट्रेक्टर टॉली छोडक़र भाग गया। वही इसदौरान जेसीबी चालक को पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ के दौरान जेसीबी चालकने ने बताया कि वह जेसीबी मालिक के कहने पर रेत का अवैध खनन करने आया था। जेसीबी चालक के पास जेसीबी का लायसेंस नहीं था। पुलिस ने आरोपी जेसीबी चालक को अभिरक्षा में लेते हुए मौके से जेसीबी व ट्रेक्टर टॉली जब्त कर फरार ट्रेक्टर चालक व जेसीबी मालिक पर मामलादर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। गोसलपुर थाना प्रभारी राजेन्द्र सिंह मसकोले ने बताया कि कल उन्हें मुखबिरसे सूचना मिली कि कुछ लोग देवरी घाट बरनेनदी में रेत का अवैध खनन कर ट्रेक्टर टॉली में भरकर उसका अवैध परिवहन कर रहे हैं। पुलिस ने मुखबिर के बताये स्थान परदबिश दी तो वहां एक पीले रंग की जेसीबी मशीन रेत खोदकर ट्रेक्टर टॉली में भरते हुये मिली। पुलिस को देखकर जेसीबी चालक व ट्रेक्टर टॉली चालक वाहन लेकर भागने लगे। इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर जेसीबी चालक को दबोच लिया वही ट्रेक्टर टॉली का चालक टॉली में भरी रेत पलटाकर भाग गया।

महाकोशल चेम्बर चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ

जबलपुर। महाकोशल चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इण्डस्ट्री की चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत अधिकृत मतदाता सूची मुख्य चुनाव अधिकारी सी.ए. राकेश खण्डेलवाल एवं सहायक चुनाव अधिकारी सी.ए. सुकेश कुमार अग्रवाल को प्रदान की गई। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार 25 फरवरी एवं बुधवार 26 फरवरी को (दो दिवस में) दोपहर 12:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत किया जा सकेगा। नामांकन पत्रों की जाँच गुरुवार 27 फरवरी को की जावेगी तदोपरांत 28 फरवरी एवं 01 मार्च को प्रत्याशी जो चुनाव नहीं लड़ना चाहता है अपना नामांकन वापिस ले सकेंगें। मतदान रविवार 09 मार्च को होगा तथा अगले दिवस सोमवार 10 मार्च को मतगणना करके परिणाम घोषित किया जावेगा। महाकोशल चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता, राजेश चंडोक, हेमराज अग्रवाल, शंकर नाग्देव, युवराज जैन गढ़ावाल, अखिल मिश्र, अनूप अग्रवाल, अनिल जैन पाली, हरनारायण राजपूत ने चुनाव कार्यालय को मतदाता सूची प्रदान करते हुए शान्तिपूर्ण चुनाव एवं मतदान में सहयोग करने की सदस्यों से अपील की है।

18 बड़े बकायादारों की सम्पत्तियां हुई कुर्क

जबलपुर।

निगमायुक्त प्रीति यादव द्वारा लगातार राजस्व वसूली अभियान की समीक्षा की जा रही है जिसके चलते वसूली अभियान में तेजी आई है। राजस्व अमले के साथ-साथ नगर निगम के अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा, व्ही.एन. बाजपेयी, प्रशांत गोटिया, श्रीमती अंजू सिंह, मनोज श्रीवास्तव के अलावा अन्य सभी उपायुक्त, सहायक आयुक्त, विभागीय प्रमुखों एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी भी बकाया करों की राशि वसूलने मैदान में उतर आये हैं। जिसके परिणाम स्वरूप आज बड़े बकायादारों के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए एक साथ 18 बड़े करदाताओं की सम्पत्तियाँ अलग अलग संभागों के अंतर्गत कुर्क की गई है। भवनों को कुर्क करने के साथ-साथ बकायादारों को 3 दिन का नोटिस दिया गया है। यदि 3 दिन में बकाया करों की राशि जमा नहीं की जाती है तो वैधानिक प्रक्रियाओं को पूर्ण कराते हुए कुर्क सम्पत्तियों को नीलाम करने की कार्रवाई की जायेगी। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सभी बकायादारों से अपील की है कि समस्त बकाया करों की राशि निगम में जमा कर निगम प्रशासन की अप्रिय कार्यवाही से बचें और लगने वाले अधिभार से भी बचें। कार्रवाई के दौरान संभागीय अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, राजस्व लिपिक एवं नोटिस सर्वर आदि उपस्थिति रहे।

प्रथम, द्वितीय व तृतीय समयमान वेतनमान का लाभ दें : हाई कोर्ट

जबलपुर। मप्र हाई कोर्ट के जस्टिस द्वारिकाधीश बंसल की सिंगल बेंच ने याचिकाकर्ता शासकीय कर्मियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय समयमान वेतनमान का लाभ दिए जाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए सरकार को 90 दिन की मोहलत दी है। याचिकाकर्ता छिंदवाड़ा निवासी शालिनी श्रीवास्तव सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता बालकिशन चौधरी, आशीष चौधरी व प्रशांत मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ताओं ने 10 से 30 वर्ष तक की सेवा पूरी की है। नियमानुसार 10 वर्ष पूरे होने पर प्रथम, 20 पर द्वितीय और 30 वर्ष पूरे होने पर तृतीय समयमान वेतनमान का लाभ मिलना चाहिए। याचिकाकर्ताओं ने इस संबंध में कई बार शिकायतें, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसीलिए हाई कोर्ट आना पड़ा।

आटा चक्की ग्रैडिंग मशीन का लोन हड़पा

एजेंसी संचालक पिता-पुत्र पर मामला दर्ज

जबलपुर।

माढ़ोताल थानान्तर्गत एक महिला उद्यमी द्वारा आटा चक्की व मसाला ग्रैडिंग मशीन लगाने के लिए बैंक से निकाला गया 14 लाख 61 हजार 323 रूपए का लोन ग्राईडिंग मशीन बेचने वाली एजेंसी के संचालकों पिता पुत्र ने अमानत में खयानत कर हड़प लिया। महिला उद्यमी की शिकायत पर आरोपी एजेंसी मालिक पिता-पुत्र पर धारा 409, 406 का मामला दर्ज कर बेवेचना में लिया गया। माढो ताल थाना प्रभारी निलेश दोहरे ने बताया कि त्रिमूर्ति नगर दमोहनाका निवासी श्रीमती हेमा शर्मा को आटा व मसाला का व्यवसाय करने रूपए की जरूरत थी उन्होंने

प्रधानमंत्री सूक्ष्म अन्न प्रक्रिया उद्योग योजना के तहत आटा चक्की व मसाला ग्राईडिंग मशीन लगाने खाद संस्करन उद्योग मंत्रालय के तहत बैंक ऑफ इण्डिया की दीनदयाल चौक स्थित शाखा से एमएसएमई लोन हेतु 25 सितम्बर 2023 को आवेदन किया था मशीन खरीदने हेतु न्यू अंबिका एग्रोएजेन्सी रेलोप्लान्ट अमरावती महाराष्ट में दुकान मालिक मुरलीधर भूतडा व उनके पुत्र तुषार भूतडा की दुकान से 14 लाख 61 हजार 323 रूपए का कोटेशन प्राप्त किया। कोटेशन बैंक में जमा करने के बाद बैंक शाखा ने 14 लाख 61 हजार 323 रूपऐ बैंक ने आरटीजीएस के माध्यम से न्यू अंबिका एग्रो एजेसी अमरावती के खाता में भेजने के बाद बैंक ने हेमला शर्मा को सूचना दी थी कि लोन की राशिएजेन्सी में आहरणहो गई है। जब हेमला शर्मा ने एजेन्सी के मालिक मुरली धर भूतडा व उनके बेटे तुषार भूतडा से मशीन खरीदने की बात की तो दोनों बोले कि मशीन आपके पते पर भेज दीजायेगी। इस तरह पिता पुत्र मशीन की राशि हड़पने के बाद लगातार गुमराह करते रहे।

10 परीक्षा केंद्रों में लगभग चार हजार परीक्षार्थी होंगे सम्मिलित

हायर सेकंडरी, हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा आज से शुरू

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा हाई स्कूल कक्षा 10 वीं की वार्षिक परीक्षाएं आज 25 फरवरी 2025 से आरंभ हो रही हैं। जो 25 मार्च तक चलेगी। 10 परीक्षा केंद्रों में कुल4173 छात्र एंव छात्राएं परीक्षा देंगे जिसका समय नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक का होगा।



कक्षा दसवीं

नियमित- 2388

कक्षा बारहवीं

नियमित-1785
परीक्षा केन्द्र -10

उड़नदस्ता दल गठित होगी निगरानी

प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी अशोक उपाध्याय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक परीक्षा की सफल संचालन की संपूर्ण तैयारी पूर्ण कर ली गई है परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था 20/40/ छात्रों के अनुरूप की गई है। परीक्षार्थी को प्रश्न पत्र शुरू होने से 10 मिनट पहले तक ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जायेगा। प्रत्येक परीक्षार्थी का उपस्थिति पत्रक की फोटो से मिलान किया जायेगा। परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए बोर्ड के निर्देश पर सभी 10 परीक्षा केन्द्रों में विभाग के कर्मचारियों को तैनात किया गया है। विभाग ने सिहोरा विकासखंड में एक भी परीक्षा केन्द्रों को अतिसंवेदनशील घोषित नहीं किया है। परीक्षा केन्द्रों पर नकल रोकने के लिए उड़नदस्ता दल भी बनाए गए है। इसके अलावा परीक्षा कक्षा में लगे सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी की जाएगी।

इन स्कुलों को बनाया गया है परीक्षा केन्द्र

परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सीएम राइज पंडित विष्णु दत्त स्कुल, शासकीय कन्या शाला सिहोरा, लालचंद हाईस्कूल खितौला, यशोदा बाई कन्या शाला खितौला, गाधीग्रांम, गोसलपुर, बालक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंझगवा, कुम्ही सतधारा, अगरिया को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

अखंड रामायण पाठ शुरू, रूद्राभिषेक और बारात कल

महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिरों में तैयारियां पूर्ण

जबलपुर। भगवान भोलेनाथ के विवाह उत्सव के पर्व महाशिवरात्रि की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है महाशिवरात्रि का पर्व कल 26 फरवरी दिन बुधवार को पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जायेगा। शिव मंदिरों में आज से अखंड रामायण पाठ प्रारंभ होंगे, कल भोलेनाथ का रुद्राभिषेक होगा और वहीं कल भरतीपुर से भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली जायेगी। भरतीपुर स्थित शिव पार्वती मंदिर में जोर-शोर से तैयारियां चल रही है।

शिव पंचायतन मंदिर में चारों पहर का अभिषेक कल

नर्मदा तट गौरीघाट स्थित हजारों वर्ष प्राचीन शिव पंचायतन मंदिर में 26 फरवरी बुधवार को शाम 7 बजे से चार पहर का अभिषेक होगा, जो सुबह तक चलेगा। ज्योतिष गणना के अनुसार जबलपुर में मां नर्मदा तट के खारीघाट स्थित प्राचीन गोंडवाना काल के शिव पंचायतन मंदिर में पूजन का अलग महत्व है। पौराणिक ग्रंथों के आधार पर नर्मदा तट पर शिव पंचायतन मंदिर अपने आप में दुर्लभ माना गया है, इस प्राचीन मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 26 फरवरी बुधवार को शाम सात बजे से चार पहर का पूजन अभिषेक शुरु होगा जो सुबह तक चलेगा, इस पूजन अभिषेक का दर्शन करने का महत्व भी किसी पूजन से कम नहीं है। महाअभिषेक पूजन प्रसिद्ध यज्ञाचार्य, भागवत कथा वाचक पंडित राधेश्याम शर्मा शास्त्री के निर्देशन में 11 विप्र पुरोहितों द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा।

जैव-विविधता पुस्तक का विमोचन

मझौली। शासकीय महाविद्यालय मझौली मे डॉ. राजभान साहू द्वारा जनपद पंचायत तथा ग्राम पंचायत की जैवविविधता पुस्तक का अद्यतनीकरण किया गया जिसका विमोचन वार्षिक स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम में विधायक अजय विश्नोई द्वारा किया गया। जिसमे प्राचार्य डॉ. तनुज चमोली, जनभागीदारी अध्यक्ष हेमंत मिश्रा, डॉ. भवानी सिंह ,समस्त प्राध्यापक तथा मझोली के अतिथिगण उपस्थित रहे।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में विद्युत कंपनियों के साथ एमओयू हस्ताक्षरित

जबलपुर। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान भोपाल में मध्यप्रदेश के विद्युत क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण चार मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टेडिंग (एमओयू-समझौता ज्ञापन) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई, एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक अविनाश लवानिया व पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षरित हुए। जिन कंपनियों ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए वे हैं- एनटीपीसी ग्रीन इनर्जी लिमिटेड, ग्रामीण विद्युतीकरण कार्पोरेशन (आरईसी), एनटीपीसी न्यूक्लयिर और पावर फायनेंस कार्पोरेशन (पीएफसी)। मध्यप्रदेश में गैर वैकल्पकि ऊर्जा के क्षेत्र के लिए भी एमओयू हस्ताक्षरित किए गए।

श्री लक्ष्मी नृसिंह महायज्ञ में उमड़ी भक्तों की भीड़

सिहोरा। उपनगर खितौला के सिद्ध स्थल नृसिंह टेकरी मंदिर में 100 वें श्री लक्ष्मी नरसिंह महायज्ञ में प्रतिदिन नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के बड़ी संख्या में भक्तगण पहुंचकर यज्ञशाला की परिक्रमा लगाकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। श्री लक्ष्मी नरसिंह भगवान की असीम कृपा एंव मंदिर के ब्रह्मलीन महंत श्री 1008 द्वारका दास जी महाराज के आशीर्वाद एंव मंदिर के महंत स्वामी गोविंद दास महाराज के सानिध्य में चल रहे इस नौ दिवसीय विशाल एंव भव्य धार्मिक आयोजन का आज मंगलवार को पूर्णाहुति कन्या भोजन भंडारे के साथ ही यज्ञ का समापन होगा तथा बुधवार को शिवरात्रि पर शिव जी का रुद्राभिषेक गौ पूजन एंव जलविहार होगा।

मप्र के कई जिलों में 4-लेन बायपास सहित कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का विकास किया जाएगा

लोक निर्माण विभाग और एनएचएआई ने किये 1 लाख करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर

जबलपुर। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के बीच हाई स्पीड कॉरिडोर एवं एक्सप्रेसवेज के निर्बाध निर्माण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की उपस्थिति रही। इनके अलावा अतिरिक्त मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, एमपीआरडीसी के प्रबंध संचालक भरत यादव और एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी एस.के. सिंह भी इस महत्वपूर्ण समारोह में उपस्थित थे।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में NHAI

5 वर्षों में लगभग 60 हजार करोड़ के कार्य करेगा। प्रयास होगा कि शेष 40 हजार करोड़ के कार्य भी इन 5 वर्षों में प्रारम्भ हो जाएं।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में हुए इस MoU के कारण 2037 तक होने वाले निर्माण कार्य आगामी 5 वर्षों में ही हो सकेगा और ऐसा करने वाला राज्य देश का पहला राज्य मध्य प्रदेश होगा।

यह समझौता मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे के विकास के लिए 1,00,000 करोड़ के निवेश को सुनिश्चित करेगा, जिससे लगभग 4010 किलोमीटर लंबी सड़क परियोजनाओं का निर्माण एवं विकास किया जाएगा। साथ ही, इस एमओयू के तहत सड़क बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इस समझौते के अंतर्गत हाई स्पीड कॉरिडोर, एक्सेस कंट्रोल, 6 लेन, एक्जिस्टिंग रोड के अलावा भी विकास के और द्वार खुलेंगे।

विकास की इस श्रंखला में इंदौर-भोपाल ग्रीनफील्ड हाई स्पीड कॉरिडोर, भोपाल-जबलपुर ग्रीनफील्ड हाई स्पीड कॉरिडोर, प्रयागराज जबलपुर नागपुर एक्सप्रेसवे, लखनादौन-रायपुर एक्सप्रेसवे, आगरा-ग्वालियर राष्ट्रीय राजमार्ग, उज्जैन-झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग, इंदौर रिंग रोड (पश्चिमी और पूर्वी बायपास), जबलपुर-दमोह राष्ट्रीय राजमार्ग, सतना-चित्रकूट राष्ट्रीय राजमार्ग, रीवा-सिद्धी राष्ट्रीय राजमार्ग और ग्वालियर शहर के पश्चिमी छोर पर 4-लेन बायपास सहित कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का विकास किया जाएगा।

उधारी के पैसे वापस मांगने पर धक्का देकर दोस्त को छत से गिराया

जबलपुर। गोहलपुर थाना अतंर्गत लेमा गार्डन मल्टी में रुपए वापस मांगने की बात पर एक दोस्त ने अपने दोस्त के साथ मारपीट की और फिर जी 1 ब्लाक के चौथे माले से धक्का देकर नीचे गिरा दिया जिससे वह घायल हो गया। घायल युवक अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है। घायल युवक को गोहलपुर थाना प्रभारी श्रीमति प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि टेढ़ीनीम दरगाह के पास हनुमानताल निवासी 35 वर्षीय सिराजुउद्दीन अंसारी गत रात लगभग 10.40 बजे अपने दोस्त इरफान अंसारी के साथ लेमा गार्डन मल्टी जी 1 ब्लॉक की प्रथम तल पर गया था। जहां से दोनों चौथे माले पर पहुंचे और उसने अपने दोस्त इरफान अंसारी से अपने 75 हजार रुपए वापस मांगे तो, इसी बात पर इरफान उससे विवाद करते हुए मारपीट कर दी, और उसे चौथे माले से धक्का दे दिया, जिससे वह नीचे गिर गया और उसके दोनों हाथ, कमर, सिर, नाक में गम्भीर चोटें आ गयीं। घायल को सहाबुद्दीन अंसारी ने देर रात 12 बजे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी दर्शगाह स्कूल अंसार नगर गोहलपुर निवासी 24 वर्षीय इरफान अंसारी को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध धारा 109(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

त्रिवेणी संगम, सरयू नदी, अयोध्या धाम, नर्मदा जल का वितरण आज

जबलपुर। संपूर्ण ब्राह्मण मंच एवं कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा, सनातन संस्कृति संपूर्ण विश्व को सदैव सेवा का अवसर प्रदान करती है सनातन संस्कृति परंपरा को निभाने के लिए सर्वे भवंतु सर्व सुखना जीवन का मूल मंत्र है जो भी हमारे मित्र बंधु विप्र बंधु सहयोगीजन शहरवासी महाकुंभ में नहीं जा पाए उन सभी को महाकुंभ प्रसाद गंगा, जमुना, सरस्वती, मां नर्मदा, सरयू नदी, अयोध्या धाम का जल पूरी निष्ठा के साथ आप सभी को प्रदान किया जाएगा। उक्त जल गढ़ा मेनरोड मेहता पेट्रोल पंप के पास आगे ब्रिज बाइक सेंटर संपूर्ण ब्राह्मण मंच कार्यालय से प्रदान किया जाएगा। सभी श्रद्धालुजनों से जो कुंभ किसी कारणवश नहीं जा सके उन्हें आदरपूर्वक सा-सम्मान महाप्रसाद जल के रूप में स्नान करने हेतु एक छोटी सीसी में देने का संकल्प लिया गया है। कल शाम 5:00 बजे 25 फरवरी को हम आप सभी को आमंत्रित करते हैं। महाप्रसाद प्राप्त करने के लिए समय का विशेष ध्यान दें। अपीलकर्ता धनंजय बाजपेई, विजय गुप्ता, सुनीता बाजपेई, सीताराम

कुरचानिया, निशांत शर्मा, रावेंद्र तिवारी, यदुवंश मिश्रा, डॉक्टर अरुण मिश्रा, विवेक कोहली, अखिलेश मेहता, सुधाकर मिश्र, श्रीमती मीरा दुबे, पुष्पा तिवारी, मधुबाला दुबे, आभा तिवारी, डॉ. स्वगतिपति, सुधा मिश्रा आदि हैं।

संत शिरोमणि गाडगे महाराज की 149वीं जयंती भव्य रूप से मनाई

जबलपुर। संयुक्त रजक समाज कनौजिया पंच. जबलपुर के द्वारा समाज के संत शिरोमणि गाडगे महाराज की 149वीं जयंती का अमृत महोत्सव पूरे समाज की गरिमामय उपस्थिति में भव्य रूप से मनाया गया। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, वरिष्ठ समाज सेवी डॉ. पवन स्थापक तथा समाज के वरिष्ठ गणमान्य समाज सेवियों एवं मातृशक्ति के समक्ष समाज के नव निवाचित अध्यक्ष ओमप्रकाश रजक, सचिव जितेन्द्र रजक, कोषाध्यक्ष शारदा प्रसाद रजक ने अपनी समस्त कार्यकारिणी सदस्यों के साथ शपथ गृहण की और सभी का सम्मान किया। उक्त कार्यक्रम स्थल पर सभी के लिए भोजन की व्यवस्था सामाजिक सहयोगियों की तरफ से रखी गई थी। इसमें सिविल लाइन क्षेत्र के पार्षद श्याम कनौजिया ने संत गाडगे महाराज के जीवन के संबंध में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। अंत में समाज के अध्यक्ष के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं सामाजिक परिवारों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित एडवोकेट रूपकमल रजक, सुरेश रजक, मन्टू रजक, संजू रजक, पवन रजक, संतोष कनौजिया, राकेश कनौजिया आदि उपस्थित थे।

वीतराग विज्ञान मंडल एवं जैन युवा फेडरेशन ने किया महामस्तकाभिषेक

श्री महावीर स्वामी दिगंबर जैन मंदिर का मनाया रजत जयंती महोत्सव

जबलपुर। संस्कारधानी में श्री वीतराग विज्ञान मंडल एवं जैन युवा फेडरेशन के जिनशासन सेवकों ने वर्ष 2000 में बड़ा फ़ुहारा स्थित पायल वाला मार्केट में श्री महावीर स्वामी दिगंबर जिनालय का निर्माण कर ऐतिहासिक पंचकल्याणक महोत्सव आयोजित किया जिसमें पूरे देश से हजारों की संख्या में जैन बंधुओं ने जबलपुर पधारकर संस्कारधानी का गौरव बढ़ाया।

फेडरेशन के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन एवं नितिन जैन ने बताया कि गत दिवस जिनालय के सभी जिनबिंबों की स्थापना भगवान महावीर स्वामी मार्ग गोल बाजार स्थित धर्मायतन में कर फाल्गुन कृष्ण दशमी रविवार 23

फरवरी को 25 वर्ष पूर्व होने की खुशी में रजत जयंती महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर श्रावकगणों ने मनोहारी वेदी पर विराजमान मूलनायक 1008 तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी, श्री मल्लीनाथ भगवान एवं श्री पार्श्वनाथ भगवान का क्रमशः महामस्तकाभिषेक किया। मंगल महोत्सव में नगर गौरव पंडित राजेंद्रकुमार जैन, ब्रह्मचारी श्रेणिक जैन, जिनेन्द्र जैन, डॉ. मनोज जैन, राजेश भैया, विराग शास्त्री, मंगलार्थी अनुभव शास्त्री, सहित बड़ी संख्या में जिनशासन सेवक सम्मिलित हुए।

टीआई रविंद्र सिंह को मातृ शोक

जबलपुर। पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी टीआई रविंद्र सिंह की मां श्रीमती केसरी देवी का 92 वर्ष की आयु में देहांत हो गया है। अंतिम शव यात्रा पुलिस लाइन स्थित निवास से बुधवार प्रातः 11:00 ग्वारीघाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

पत्रकार हरिशंकर शर्मा को मातृ शोक

जबलपुर। पत्रकार हरिशंकर शर्मा की माताजी श्रीमती रोहिनी देवी शर्मा का उम्र 98 वर्ष में स्वर्गवास हो गया है। अंतिम यात्रा आज सुबह 9 बजे उनके निवास स्थान नारायण नगर, पार्क के पास, बी.टी. रोड, से तिलवारा मुक्तिधाम हेतु प्रस्थान करेगी। वे अंशुल, अक्षत की दादी थीं।

श्री अशोक पटेल- मंगेली मानेगांव ग्वारीघाट निवासी श्री हेमराज पटेल के पुत्र श्री अशोक पटेल (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती कौशल्या राजपूत- झामनदास चौक लालमाटी निवासी श्री लक्ष्मी नारायण राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या राजपूत (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री सुदीप दीक्षित- स्नेहनगर गढ़ा रोड निवासी श्री सुदीप दीक्षित (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री चंदन बेन- आचार्य विनोबा भावे वार्ड बंशकार मोहल्ला निवासी श्री चंदन बेन (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती तृप्ति दुबे- एलआईजी 45, मुकुट नगर (दुर्ग) निवासी श्री हरि सेवक दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती तृप्ति दुबे (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री कैलाश रजक- शांति नगर दमोहनाका निवासी श्री कैलाश रजक (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री अर्जुन चौहान- वाजपेयी कम्पाउंड सदर निवासी श्री अर्जुन चौहान (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री लटोरी लाल साहू- कटरा अधारताल निवासी श्री लटोरी लाल साहू (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री तीरथ लाल वर्मा- अशोक नगर अधारताल निवासी श्री तीरथ लाल वर्मा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री जयराज सोनकर- भरतीपुर शिव पार्वती मंदिर के पास निवासी श्री जयराज सोनकर (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री सीताराम शुक्ला- ग्रीन सिटी रोड माढ़ोताल निवासी श्री सीताराम शुक्ला (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री लाला चौधरी- रविदास नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री लाला चौधरी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती रीता थापा- मॉडल टाउन बिलहरी निवासी श्री दिलीप कुमार थापा की धर्मपत्नी श्रीमती रीता थापा (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती जमुना बाई रैकवार- चांदमारी सिंधी सिंगल क्वाटर लालमाटी निवासी श्री हल्के लाल रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती जमुना बाई रैकवार (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री प्रवीण मिश्रा- राजुल नगर खजरी खिरिया बायपास के पास निवासी श्री घनश्याम मिश्रा के पुत्र श्री प्रवीण मिश्रा (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सुखमंती बाई देशराज- रामपुर रवि मोहल्ला निवासी श्री नेतराम देशराज की धर्मपत्नी श्रीमती सुखमंती बाई देशराज (96) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री विकास पटेल- पुरानी बस्ती सुहागी निवासी श्री नारायण पटेल के पुत्र श्री विकास पटेल (17) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री मेवालाल पारस- सीएमएम मैस सर्वेंट क्वाटर्स निवासी श्री मेवालाल पारस का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

खबर संक्षेप

सोने में 350 रुपए की मजबूती, चांदी स्थिर

नई दिल्ली। वैश्विक रुख के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 350 रुपये बढ़कर 89,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड ऊंचाई के पास जा पहुंचा। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 88,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

एनटीपीसी और ईडीएफ इंडिया ने मिलाया हाथ

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनपीटीसी और फ्रांस की इलेक्ट्रिसिटी डी फ्रांस (ईडीएफ) की इकाई ईडीएफ इंडिया ने नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के साथ पंपयुक्त जल भंडारण और जलविद्युत परियोजनाएं स्थापित करने तथा वितरण कारोबार में अवसर तलाशने के लिए हाथ मिलाया है।

रुपया चार पैसे टूटकर 86.72 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट के बीच रुपया सोमवार को चार पैसे टूटकर 86.72 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के स्थिर रहने से घरेलू मुद्रा में गिरावट सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय में रुपया 86.58 प्रति डॉलर पर खुला और अंत में 86.72 पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव के मुकाबले चार पैसे की गिरावट है।

सरकार की बैंकों में हिस्सेदारी बेचने मर्चेंट बैंकरों की तलाश

नई दिल्ली। निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने सोमवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और सूचीबद्ध वित्तीय संस्थानों में सरकार की हिस्सेदारी बेचने में मदद के लिए मर्चेंट बैंकरों से बोलियां आमंत्रित कीं। दीपम के आरएफपी (अनुरोध प्रस्ताव) के अनुसार मर्चेंट बैंकरों को तीन साल के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।

क्वालिटी पावर के शेयर की हुई सपाट शुरूआत

नई दिल्ली। ऊर्जा पारेषण उपकरण एवं बिजली प्रौद्योगिकी कंपनी क्वालिटी पावर के शेयर ने सोमवार को बाजार में सपाट शुरुआत की और अपने निर्गम मूल्य 425 रुपये से करीब दो प्रतिशत की बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ। शेयर ने निर्गम मूल्य से 1.65 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 432.05 रुपये पर बाजार में शुरुआत की।

ग्लेनमार्क तीन इकाईयों का 70 लाख डॉलर में करेगी निपटारा

नई दिल्ली। ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स ने सोमवार को कहा कि वह जेनेरिक दवाओं से संबंधित अमेरिका में मुकदमों का निपटारा करने के लिए तीन इकाइयों को 70 लाख अमेरिकी डॉलर का भुगतान करेगी। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि 2023 में उसने तीन वादी समूहों के साथ समझौता किया था। चार अंतिम भुगतानकर्ता वादी- ह्यूमैन इंक, सेंटीन, कैसर फाउंडेशन हेल्थ प्लान और यूनाइटेड हेल्थकेयर सर्विसेज ने 2023 के समझौतों से बाहर निकलने का विकल्प चुना।

ग्राहकों को समय से पहले लोन बंद करने पर मिलेगी राहत, आरबीआई की तैयारी जारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

समय से पहले लोन बंद करने वाले ग्राहकों को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) बड़ा तोहफा देने वाला है। दरअसल, आरबीआई ने व्यक्तियों और सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) के बिजनेस लोन पर लगाए जाने वाले प्री-पेमेंट चार्ज को हटाने का प्रस्ताव रखा है।

- टियर-1 और टियर-2 सहकारी बैंकों व एनबीएफसी आएगे दायरे में

आरबीआई के ड्राफ्ट सर्कुलर में कहा गया, 'टियर-1 और टियर-2 सहकारी बैंकों और शुरुआती स्तर के एनबीएफसी के अलावा उसके दायरे में आने वाली इकाइयां व्यक्तियों और एमएसई कर्जदारों द्वारा व्यावसायिक उद्देश्य के लिए गए फ्लोटिंग रेट लोन के प्री-पेमेंट पर कोई शुल्क/जुर्माना नहीं लगाएंगे।

बिजनेस लोन पर लगाए जाने वाले प्री-पेमेंट चार्ज हटाने का प्रस्ताव

प्रति कर्जदार 7.50 करोड़ की कुल स्वीकृत सीमा लागू होगी

हालांकि, मझोले उद्यमों के मामले में ये निर्देश प्रति कर्जदार 7.50 करोड़ रुपए की कुल स्वीकृत सीमा तक लागू होंगे। बता दें कि मौजूदा मानदंडों के अनुसार विनियमित संस्थाओं (आरई) की कुछ श्रेणियों को पर्सनल कर्जदारों द्वारा व्यवसाय के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए स्वीकृत फ्लोटिंग रेट टेन्योर लोन पर प्री-पेमेंट चार्ज लगाने की अनुमति नहीं है।

बिजनेस लोन में बढ़ोतरी

दूसरी ओर व्यापार, वित्त और पेशेवर/ अन्य सेवाओं के लिए बैंक ऋण 2024-25 की तीसरी तिमाही में तेजी से बढ़ा। आंकड़ों से पता चला कि सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों को ऋण दिसंबर 2024 में 5.4 प्रतिशत की दर से बढ़ा, जबकि इससे पिछली तिमाही में यह 0.3 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। आरबीआई ने कहा कि बैंक ने ऋण राशि के आधे से अधिक पर आठ प्रतिशत से 10 प्रतिशत तक ब्याज दर लगाई। लगभग 16 प्रतिशत ऋण आठ प्रतिशत से कम ब्याज दर पर थे। बाकी ऋण 10 प्रतिशत या उससे अधिक ब्याज दर पर दिए गए।

बैंक लोन और बैंक जमा में गिरावट

इस बीच, आरबीआई ने बताया है कि बैंक लोन और बैंक जमा में अक्टूबर-दिसंबर के दौरान तिमाही आधार पर गिरावट आई है। सालाना बैंक लोन वृद्धि सितंबर 2024 तिमाही में 12.6 प्रतिशत से घटकर दिसंबर 2024 तिमाही में 11.8 प्रतिशत हो गई। इसी तरह जमा वृद्धि 11.7 प्रतिशत के मुकाबले घटकर 11 प्रतिशत रही। कुल लोन में प्रमुख हिस्सा रहने वाले व्यक्तिगत ऋण की सालाना वृद्धि 13.7 प्रतिशत (एक तिमाही पहले 15.2 प्रतिशत) रही।

राज्य के वैश्विक निवेश सम्मेलन इंवेस्ट मध्यप्रदेश का पीएम ने किया उद्घाटन

अदाणी, एनटीपीसी, रिलायंस समेत कई कंपनियां चार लाख करोड़ निवेश करेगी मप्र में

एजेंसी ▶▶| भोपाल

गौतम अदाणी की अगुवाई वाला अदाणी समूह, मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज और सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक एनटीपीसी समेत 10 से अधिक कंपनियों ने सोमवार को मध्यप्रदेश में करीब चार लाख करोड़ रुपए निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई।

अदाणी ने पंप स्टोरेज, सीमेंट, खनन, स्मार्ट-मीटर और तापीय ऊर्जा में 1.10 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश का वादा किया, जबकि रिलायंस ने राज्य में जैव ईंधन परियोजनाएं स्थापित करने के लिए 60,000 करोड़ रुपए के निवेश की प्रतिबद्धता जताई।

अदाणी राज्य में स्मार्ट सिटी व हवाई अड्डा पर करेगी निवेश

राज्य के वैश्विक निवेशक सम्मेलन 'इन्वेस्ट मध्यप्रदेश' का उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी ने किया। इस दौरान अदाणी ने एक नई स्मार्ट सिटी, एक हवाई अड्डा परियोजना और एक कोयला-गैसीकरण परियोजना में 1.10 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश की घोषणा की। उन्होंने कहा, 'आज मुझे पंप स्टोरेज, सीमेंट, खनन, स्मार्ट मीटर और तापीय ऊर्जा के क्षेत्रों में 1,10,000 करोड़ रुपये से अधिक के नये निवेश की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। ये बहु-क्षेत्रीय निवेश 2030 तक मध्यप्रदेश में 1,20,000 से अधिक नौकरियां पैदा करेंगे।'

अदाणी ने इसे मिल का पत्थर करार दिया

अदाणी ने इन परियोजनाओं को 'मध्यप्रदेश के विकास की साझा यात्रा के मील के पत्थर' करार देते हुए कहा कि ये परियोजनाएं राज्य को औद्योगिक और आर्थिक तरक्की में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बनाएंगी। एनटीपीसी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने कहा कि उनकी कंपनी, इसकी सहायक कंपनियां और संयुक्त उद्यमों में इसके भागीदार मध्यप्रदेश में दो गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता स्थापित करने के लिए 1.20 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेंगे।

- अदाणी समूह ने कई क्षेत्रों में 1.10 लाख करोड़ निवेश का किया वादा
- रिलायंस जैव ईंधन परियोजनाओं पर 60,000 करोड़ निवेश करने प्रतिबद्ध
- निवेश से 2030 तक मध्यप्रदेश में 1,20,000 से अधिक नौकरियां पैदा होगी

नवीकरणीय ऊर्जा पर 26,500 करोड़ होंगे निवेश : *मित्तल ने कहा,'हम अगले तीन से पांच वर्षों की अवधि में सौर, पवन, पंप स्टोरेज और बैटरी में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। अहमदाबाद स्थित टॉरेंट पावर ने नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में राज्य में 26,500 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई।*

ओपीजी पावर राज्य में बैटरी स्टोरेज सिस्टम लगाएगी
ओपीजी पावर जनरेशन प्राइवेट लिमिटेड ने राज्य में बैटरी स्टोरेज सिस्टम, छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन और हाइब्रिड (एक ही जगह पर सौर और पवन) बिजली उत्पादन के लिए विनिर्माण सुविधा की स्थापना में 13,400 करोड़ रुपये के निवेश का वादा किया।

पीएफसी राज्य को ऋण सहायता देगी

पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) और रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन (आरईसी) ने राज्य में आगामी परियोजनाओं के लिए क्रमशः 26,800 करोड़ रुपये और 21,000 करोड़ रुपये की ऋण सहायता देने की प्रतिबद्धता जताई।

सनदेव नया डाटा सेंटर करेगा स्थापित

सनदेव रिन्यूएबल्स के संस्थापक सुनील जैन ने राज्य में 750 मेगावॉट का नया डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए अगले पांच वर्षों में 4,330 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की इच्छा व्यक्त की। भोपाल में जारी दो दिवसीय वैश्विक निवेशक सम्मेलन के मंगलवार को आयोजित समापन समारोह में राज्य सरकार द्वारा अलग-अलग कंपनियों की प्रतिबद्धताओं की पूरी सूची जारी किए जाने के बाद निवेश का अंतिम आंकड़ा सामने आएगा।

क्रेडिफिन छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में 300 से अधिक लोगों की करेगी नियुक्ति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- कंपनी इन राज्यों में परिचालन का विस्तार करेगी

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी क्रेडिफिन ने सोमवार को कहा कि वह महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में परिचालन का विस्तार करेगी और अगले दो महीनों में 300 से अधिक कर्मचारियों को नियुक्त करेगी। क्रेडिफिन 11 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में उपस्थिति के साथ, 150 से अधिक स्थानों पर काम करती है और 550 से अधिक लोगों को रोजगार दे रही है। क्रेडिफिन ने एक विज्ञप्ति में कहा कि अपने विस्तार के हिस्से के रूप में, कंपनी इन राज्यों में कार्यबल की भर्ती कर रही है। कंपनी का लक्ष्य अगले दो महीनों में महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में 300 से अधिक लोगों को नियुक्त करना है। कंपनी महाराष्ट्र के नागपुर, मुंबई, नवी मुंबई और पुणे जैसे प्रमुख शहरों और छत्तीसगढ़ में रायपुर, बिलासपुर और कोरबा जैसे स्थानों पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की योजना बना रही है। कंपनी मध्य प्रदेश में, विशेषकर भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर, सागर, रीवा, सतना, नीमच और गुना जैसे शहरों में नए ऋण प्रस्ताव पेश करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। कंपनी मध्य प्रदेश में अबतक वाहन कर्ज दे रही थी। अब वह आवास ऋण देने की तैयारी में है।

वित्तीय सेवा बाजार में प्रमुख इकाई बनेगी

क्रेडिफिन लिमिटेड की सीईओ शल्य गुप्ता ने कहा, "मध्य प्रदेश में आवास ऋण की शुरुआत के साथ-साथ महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में हमारा विस्तार, भारतीय वित्तीय सेवा बाजार में प्रमुख इकाई बनने की हमारी यात्रा में मील का पत्थर है।"

देश में पर्सनल कंप्यूटर की बिक्री बीते साल 3.8% बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में 'पर्सनल कंप्यूटर' (पीसी) की बिक्री 2024 में सालाना आधार पर 3.8 प्रतिशत बढ़कर 1.44 करोड़ हो गई। बाजार अनुसंधान कंपनी आईडीसी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

आईडीसी इंडिया, दक्षिण एशिया और एएनजेड के एसोसिएट उपाध्यक्ष (उपकरण शोध) नवकेंद्र सिंह ने कहा कि कमजोर होते रुपये से उपकरण की लागत बढ़ सकती है, जिसका असर मूल्य-संवेदनशील एसएमबी (लघु और मध्यम व्यवसाय) और उपभोक्ता खंड पर पड़ सकता है। लेकिन सभी चुनौतियों के बावजूद, भारत के पीसी बाजार में 2025 में कम एकल अंक में वृद्धि देखने को मिलेगी। आईडीसी के अनुमानों के अनुसार, वार्षिक आपूर्ति में लगभग एक प्रतिशत और तिमाही आपूर्ति में 1.8 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद एचपी 2024 में 30.1 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी और दिसंबर तिमाही में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ बाजार में सबसे आगे रही।

- सालाना आधार पर बिक्री बढ़कर 1.44 करोड़ हुई

आईडीसी वर्ल्डवाइड क्वार्टरली पर्सनल कंप्यूटिंग डिवाइस ट्रैकर रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में लेनोवो और डेल क्रमशः 7.3 प्रतिशत और 8.1 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 17.2 और 16.1 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी के साथ एचपी के बाद दूसरे स्थान पर रहे।

प्रीमियम नोटबुक की बिक्री 13.8 फीसदी बढ़ी

भारतीय पीसी बाजार में उपभोक्ता खंड में 2024 में 2.6 प्रतिशत और दिसंबर 2024 तिमाही में 2.2 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। बयान में कहा गया है कि प्रीमियम नोटबुक की बिक्री (1,000 डॉलर से अधिक कीमत) 2024 में सालाना आधार पर 13.8 प्रतिशत बढ़ी। वाणिज्यिक खंड में पिछले वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 5.1 प्रतिशत और दिसंबर 2024 तिमाही में सालाना आधार पर 11.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

यूफियस लर्निंग का घाटा कम होकर नौ करोड़ रुपए

नई दिल्ली। शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी यूफियस लर्निंग का घाटा पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में कम होकर नौ करोड़ रुपये रह गया है। यूफियस लर्निंग की आमदनी इस दौरान बढ़कर 225 करोड़ रुपये रही है। कंपनी ने बताया कि उसकी आमदनी में वृद्धि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लागू होने के बाद परिचालन दक्षता और वृद्धि से प्रेरित है। यूफियस लर्निंग के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमित कपूर ने बताया कि कंपनी को चालू वित्त वर्ष में राजस्व में 10 प्रतिशत की वृद्धि और मार्जिन में सुधार जारी रहने की उम्मीद है।कपूर ने कहा, 'हमने कंपनी में कई परिचालन दक्षता तंत्र शुरू किए जिससे मार्जिन में सुधार हुआ। हमारा राजस्व लगभग आठ प्रतिशत बढ़कर 225 करोड़ रुपये हो गया। हमारा घाटा लगभग 18 करोड़ से घटकर नौ करोड़ रुपये रह गया है।'

भारतीय कंपनियों का राजस्व आठ फीसदी तक बढ़ने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- इक्रा ने चौथी तिमाही के लिए जारी किया अनुमान

घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को कहा कि ग्रामीण मांग में सुधार और सरकारी खर्च में तेजी के कारण भारतीय कंपनियों का राजस्व चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में सात से आठ प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है।

इक्रा को उम्मीद है कि वैश्विक राजनीतिक घटनाक्रमों को लेकर अनिश्चितताओं और भारत से वस्तु निर्यात पर दबाव के कारण निजी पूंजीगत व्यय सीमित रहेगा। इसके बावजूद, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर जैसे कुछ उभरते क्षेत्रों और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) जैसे कुछ खंडों में निवेश में वृद्धि जारी रहेगी। निजी निवेश को भारत सरकार की विभिन्न उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन कार्यक्रमों से भी समर्थन मिलेगा।

ग्रामीण मांग बेहतर रहने की उम्मीद : *इक्रा की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सह-समूह प्रमुख किंजल शाह ने कहा, "ग्रामीण मांग वर्ष 2025 की पहली छमाही में बेहतर रहने की उम्मीद है, जिसे खरीफ की अच्छी फसल और चालू रबी सत्र के लिए अनुकूल अनुमानों से मदद मिलेगी। इसके अलावा, 2025 में सामान्य और अच्छी तरह वितरित मानसून भी महत्वपूर्ण है।"*

अदाणी पावर को मिली विदर्भ पावर अधिग्रहण की मंजूरी...

नई दिल्ली। अदाणी पावर को सोमवार को विदर्भ इंडस्ट्रीज पावर लिमिटेड (वीआईपीएल) के अधिग्रहण के लिए कर्जदाताओं की समिति से मंजूरी मिल गई। वीआईपीएल दिवाला कार्यवाही से गुजर रही है। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक वीआईपीएल नागपुर स्थित एमआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र में ताप बिजली संयंत्र का संचालन करती है। अदाणी पावर की समाधान योजना को आगे लागू करने की प्रक्रिया एलओआई (आशय पत्र) की शर्तों और राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, मुंबई की मंजूरियों के अधीन है। शेयर बाजार को दी गयी जानकारी के मुताबिक, 'दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही कंपनी विदर्भ इंडस्ट्रीज पावर की कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) ने अदाणी पावर की समाधान योजना को मंजूरी दे दी है। इस संबंध में, एपीएल को 24 फरवरी, 2025 को समाधान पेशेवर से आशय पत्र मिला।'

एफआईआई की पूंजी निकासी से सेंसेक्स 75 हजार से नीचे आया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- अमेरिकी बाजारों में कमजोर रुख रहा
- बीएसई सेंसेक्स में 856 अंक की गिरावट
- जवाबी शुल्क लगाए जाने को लेकर चिंता जारी

प्रमुख शेयर सूचकांकों में सोमवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 850 अंक से अधिक टूटकर 75,000 के महत्वपूर्ण स्तर से नीचे आ गया। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि अमेरिकी बाजार में कमजोरी और जवाबी शुल्क लगाए जाने को लेकर चिंताओं के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रही।

इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 856.65 अंक यानी 1.14 प्रतिशत टूटकर 74,454.41 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 923.62 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी 242.55 अंक यानी 1.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,553.35 पर बंद हुआ। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 1,542.45 अंक गिर चुका है। सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक, जोमैटो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल, टाटा स्टील और एनटीपीसी में उल्लेखनीय गिरावट हुई। दूसरी ओर महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति, नेस्ले और आईटीसी बढ़त के साथ बंद हुए। इस महीने अब तक विदेशी निवेशकों ने इक्विटी बाजारों से 23,710 करोड़ रुपये से अधिक निकाले हैं। इसके साथ ही 2025 में कुल निकासी एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।

बाजार अमेरिका के शुल्क लगाने की आशंका से चिंतित : *मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, "बाजार अमेरिका के उच्च जवाबी शुल्क लगाने की आशंका से अधिक चिंतित है, जिसका असर भारत सहित विकासशील देशों पर पड़ सकता है।*

निवेशकों को 4.22 लाख करोड़ रुपए का नुकसान

शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट से निवेशकों को 4.22 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में निवेशकों की संपत्ति 2.34 लाख करोड़ रुपये घट गई, जो सोमवार को हुए 4.22 लाख करोड़ रुपये के नुकसान से कम है। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में दो मौकों पर निवेशकों की संपत्ति बढ़ी। सोमवार को बीएसई-सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,22,983.08 करोड़ रुपये घटकर 3,97,97,305.47 करोड़ रुपये रह गया।

दिवालियापन से जूझ रही आस्ट्रेलियन कंपनी केटीएम

आस्ट्रेलिया की केटीएम में बजाज 1362 करोड़ रुपए करेगी निवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रिलियाई बाइक विनिर्माता केटीएम को दिवालियेपन से बचाने के लिए बजाज ऑटो कंपनी में 1,362 करोड़ रुपए निवेश करेगी। इस बात की जानकारी कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में दी है।

- बजाज ऑटो इंटरनेशनल होल्डिंग की केटीएम में 49 .9 फीसदी हिस्सेदारी

बजाज ऑटो, केटीएम की को-ऑनर है। एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक, बजाज ऑटो अपनी सब्सिडियरी बजाज ऑटो इंटरनेशनल होल्डिंग्स में 150 मिलियन यूरो का निवेश करने के लिए तैयार है। बजाज ऑटो इंटरनेशनल होल्डिंग्स के पास दिवालियेपन से जूझ रही केटीएम में 49.9 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

डेट रिस्ट्रक्चरिंग प्रोसेस 25 फरवरी को समाप्त होगी

यह निवेश इक्विटी/प्रेफरेंस शेयर/कर्ज या किसी और माध्यम से किया जाएगा। निवेश के तरीके पर समय के साथ फैसला लिया जा सकता है। केटीएम की डेट रिस्ट्रक्चरिंग प्रोसेस 25 फरवरी को समाप्त हो रही है। 13 नवंबर 2024 को पियरर मोबिलिटी ने केटीएम एजी में पुनर्गठन और अतिरिक्त लिक्विडिटी की जरूरतों की घोषणा की थी।

दोनों कंपनी फाइनेंशियल रिस्ट्रक्चरिंग पर सहमत

पियरर मोबिलिटी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा था, 'बोर्ड वर्तमान में केटीएम- एजी के फाइनेंस को सुरक्षित करने पर काम कर रहा है। इसके लिए मुख्य शेयरहोल्डर पियरर बजाज एजी और मौजूदा वित्तीय लेनदारों दोनों के साथ चर्चा चल रही है। इसका उद्देश्य फाइनेंशियल रिस्ट्रक्चरिंग पर सहमत होना है।'

निवेश करने की मंजूरी मिली

कंपनी ने फाइलिंग में कहा, 'हम निवेशकों को सूचित करना चाहते हैं कि बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 21 फरवरी 2025 को हुई अपनी मीटिंग में बजाज ऑटो इंटरनेशनल होल्डिंग्स बीवी में एक या उससे ज्यादा किस्तों में 150 मिलियन यूरो तक निवेश करने की मंजूरी दी है।'

2024 में किया आवेदन

पियरर बजाज एजी, बजाज ऑटो इंटरनेशनल होल्डिंग्स बीवी और पियरर इंडस्ट्री एजी का एक जॉइंट वेंचर है। पियरर मोबिलिटी एजी में इसकी 74.9 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जिसके पास चीन में केटीएम, गैसगैस, हुस्कवर्ना और एसएफमोट जैसे मोटरसाइकिल ब्रांड हैं। पियरर मोबिलिटी ने 29 नवंबर 2024 को दिवालियापन के लिए आवेदन किया था।

चिंतन

तीन वर्ष से जारी यूक्रेन व रूस युद्ध जल्द खत्म हो

युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है, यह बात अमूमन विश्व के सभी ताकतवर नेता जानते हैं, फिर भी यूक्रेन व रूस के बीच जारी युद्ध को तीन साल हो गए। अमेरिकी शह पर नाटो में शामिल होने की यूक्रेन की जिद के खिलाफ शुरू हुए युद्ध के तीन साल पूरे होने के बाद आज रूस व यूक्रेन तबाही के मंजर पर खड़े हैं। हजारों रूसी व यूक्रेनी सैनिकों की जान गई है। हजारों यूक्रेनी जनता को युद्ध की तबाही झेलनी पड़ी है। जिस अमेरिकी शह पर यूक्रेन युद्ध में कूदा था, आज तीन साल बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की लगभग अकेले खड़े हैं। अमेरिका में सरकार बदलने के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन की ओर से मुंह मोड़ लिया है, उसके बाद जेलेंस्की के लिए युद्ध जारी रखना केवल यूरोप के भरोसे भारी पड़ रहा है। इस युद्ध को समाप्त कराने के लिए अमेरिका व रूस के प्रतिनिधि के बीच सऊदी अरब में वार्ता चल रही है। बड़ा सबक यह है कि जो देश दूसरे के भरोसे युद्ध में कूदते हैं और दूसरी की दुश्मनी निभाने का माध्यम बनते हैं, उसको हमेशा शिकस्त ही खानी पड़ती है या नुकसान अधिक उठाना पड़ता है। यूक्रेन ने कभी नहीं सोचा कि उसकी जड़ें यूएसएसआर (पूर्व के सोवियत संघ) में हैं, पश्चिम में नहीं। पश्चिम ने कभी भी रूसी संस्कृति, रूसी अस्मिता और पहचान को मान्यता नहीं दी है। अमेरिका व यूरोप के अधिकांश देशों की रूस से अदावत रही है। यूक्रेनी राष्ट्रपति को अपने आवाम की संरचना, संस्कृति और जरूरत को पहले देखना चाहिए। केवल नाटो में शामिल हो जाने से यूक्रेन अभेद्य नहीं बन सकता था, दूसरा कि यूक्रेन को यह पता होना चाहिए था कि अमेरिका कितनी दूर तक उसका साथ देगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने सत्ता संभालते ही नाटो के विचार को ही तिलांजलि दे दी, अमेरिका रूस के साथ नरम हो गया। सोमवार को यूरोप और कनाडा के कई नेता यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे हैं। इस दौरे से युद्धरत राष्ट्र के प्रति समर्थन प्रदर्शित किया गया है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो विदेशी आगंतुकों में शामिल हैं। केवल भौगोलिक रूप से यूरोप में होने के चलते यूक्रेन को अमेरिकी मदद अनवरत जारी रहने का मुगालता नहीं रहना चाहिए था। अमेरिका ने यूक्रेन का भ्रम तोड़ दिया है, साथ ही ट्रंप ने यूरोप को भी संदेश दिया है कि अमेरिकी जरूरत के बाद ही यूरोप की आकांक्षा है। कनाडा को लेकर ट्रंप का विवादित बयान चर्चा में है, कनाडा इसलिए भी यूक्रेन के साथ खड़ा हुआ है। अमेरिकी नीति में बदलाव के बाद कहा जा रहा है कि अस्तित्व की इस लड़ाई में, केवल यूक्रेन का ही नहीं बल्कि पूरे यूरोप का भविष्य दांव पर लगा है। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा, उत्तरी यूरोपीय देशों के प्रधानमंत्रियों सहित कई नेता युद्ध की वर्षगांठ से जुड़ी बैठकों में भाग लेने और यूक्रेन को समर्थन देने पर चर्चा करेंगे। छह मार्च को ब्रसेल्स में यूरोपीय संघ के 27 नेताओं की एक आपातकालीन बैठक होगी, जिसमें यूक्रेन बातचीत के एजेंडे पर शीर्ष में होगा। राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की युद्ध के प्रति अमेरिकी नजरिये में राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा किए गए बदलावों के कारण तेजी से बदलते अंतरराष्ट्रीय माहौल को देख रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने युद्ध को जल्दी खत्म करने के अपने चुनावी वादों को पूरा करने की कोशिश शुरू की है, इस कोशिश के तरीकों ने यूक्रेन और यूरोप में कई लोगों को चिंतित कर दिया है, जो मानते हैं कि उनका दृष्टिकोण समझौतावादी है। भारत ने वार्ता की हमेशा वकालत की, उस पर रूस व यूक्रेन अमल करें और युद्ध को तुरंत खत्म करें।

छोटे निवेशकों के भरोसे को बचाना होगा

बैंकिंग
सतीश सिंह

यूं तो भारतीय बैंकिंग प्रणाली अभी भी मजबूत और स्थिर है। न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक या पीएमसी या दूसरे बैंक में हुए घोटाले के आधार पर पूरी बैंकिंग प्रणाली को त्रुटिपूर्ण मानना गलत होगा। मौजूदा समय में बैंकिंग इंडस्ट्री जमा या डिपॉजिट की समस्या से जूझ रही है। ऐसे में अगर निवेशकों का भरोसा बैंकिंग प्रणाली पर से कम होगा तो बैंकों के लिए जमा जुटाने में और भी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। अब तक रिजर्व बैंक ने 27 सहकारी बैंकों को घोटालों या परिचालन में गड़बड़ी या अनियमतता के कारण अपने नियंत्रण में लिया है। रिजर्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के अनुसार पिछले 2 दशकों में शहरी सहकारी बैंकों की संख्या 1,926 से घटकर 1,472 रह गई है।

हाल ही मुंबई के न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक में 122 करोड़ रुपये की नकदी की घटना सामने आई थी, जिसकी वजह से यह बैंक अभी गंभीर तरलता के संकट से जूझ रहा है। तदुपरांत, भारतीय रिजर्व बैंक ने स्थिति को संभालने के लिए तात्कालिक रूप से बैंक से निकासी पर रोक लगा दी, जिसके कारण ग्राहकों को अपने पैसों की निकासी में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे माहौल में ग्राहकों के मन में भय और संशय की स्थिति बनी हुई है। कुछ साल पहले पंजाब एवं महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक (पीएमसी), यस बैंक और लक्ष्मी विलास बैंक (एलवीबी) में हुए घोटाले की वजह से भी ग्राहकों को अपने पैसों की निकासी में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। सहकारी बैंकों में अनियमितताओं और दिवालिया होने की घटनाएँ अब आम हो गई हैं, जिससे छोटे निवेशकों के मन में बैंकिंग प्रणाली के प्रति भरोसा कम हो रहा है। इसलिए, उनके भरोसे को अक्षुण्ण रखने के लिए केंद्र सरकार डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन एक्ट (डीआईसीजीसी) के तहत मिलने वाले मौजूदा 5 लाख रुपये के बीमा कवर को बढ़ाने पर विचार कर रही है।

मौजूदा समय में बैंकिंग इंडस्ट्री जमा या डिपॉजिट की समस्या से जूझ रही है। ऐसे में अगर निवेशकों का भरोसा बैंकिंग प्रणाली पर से कम होगा तो बैंकों के लिए जमा जुटाने में और भी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि सस्ती दर पर बैंक जमा में वृद्धि होने पर ही बैंक जरूरतमंदों और कारोबारियों को कर्ज देने में समर्थ हो सकेंगे, क्योंकि पूँजी की उपलब्धता रहने पर ही कारोबार में निवेश किया जा सकता है और निवेश में इजाफा होने पर आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि हो सकती है। डीआईसीजीसी, भारतीय रिजर्व बैंक की स्वामित्व वाली एक संस्था है, जो बैंक डिपॉजिट पर बीमा कवर मुहैया कराती है। बीमा कवर के प्रीमियम का भुगतान ग्राहक की जगह बैंक डीआईसीजीसी को करते हैं। भारत में कार्यरत विदेशी बैंकों की शाखाओं, स्थानीय क्षेत्रीय बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित सभी कॉमर्शियल बैंकों का बीमा डीआईसीजीसी द्वारा किया जाता है। मामले में बैंकों के पंजीकरण के बाद डीआईसीजीसी उन्हें बीमा का विवरण साझा करती है, ताकि ग्राहकों को बीमा के बारे में सुमुचित सूचना दी जा सके।

फिलवक्त, बैंक के बंद या दिवालिया होने पर डीआईसीजीसी ग्राहकों को 5 लाख रुपये तक की बीमित राशि का भुगतान करता है। बैंक के डूबने या बंद होने के 90 दिनों के अंदर ग्राहकों को उनके जमा पैसा का भुगतान किया जाता है। प्रभावित बैंक को 45 दिनों में डीआईसीजीसी को खाताधारकों का ब्योरा देना होता है। उसके बाद, शेष बचे हुए 45 दिनों में वह खाताधारकों को पैसे लौटाता है। यदि किसी जमाकर्ता का बैंक में 10 लाख रुपये जमा है और बैंक डूब जाता है तो जमाकर्ता को सिर्फ 5 लाख रुपये के बीमित राशि का ही भुगतान किया जायेगा और ग्राहक के 5 लाख रुपये डूब जाएंगे। ऐसे प्रावधान से निवेशक डरे हुए हैं। अस्तु, माना जा रहा है कि बीमा की राशि बढ़ाने पर निवेशक बैंकों में बीमित राशि तक पैसा जमा कराने से परहेज नहीं करेंगे और इससे बैंकों की साख में इजाफा होगा।

सहकारी बैंक का गठन एवं कार्यकलाप सहकारिता के

आधार पर होता है। विश्व के अधिकांश देशों में सहकारी बैंक हैं, जो जमा लेने और उधार देने का काम करते हैं। इनकी स्थापना का मुख्य उद्देश्य कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराना और वित्तीय समावेशन की संकल्पना को साकार करना है। सामान्यतः इनकी शाखाएं एक राज्य तक सीमित होती है, लेकिन इसके अपवाद भी हैं। भारत में 4 तरह के सहकारी बैंक, पहला, प्राथमिक सहकारी साख समितियां, दूसरा केंद्रीय अथवा जिला सहकारी बैंक, तीसरा राज्य सहकारी बैंक और चौथा भूमि विकास बैंक होता है। सहकारी बैंक सहकारी साख संगठन की सर्वोच्च संस्था है। जिस प्रकार से साख समितियों का नियंत्रण जिले में अवस्थित केंद्रीय बैंक करता है, उसी प्रकार राज्य भर में फैले हुए समस्त केंद्रीय बैंकों को राज्य सहकारी बैंक संगठित करता है। इसतरह, यह बैंक राज्य भर में फैली हुई कृषि सहकारी संस्थाओं की शीर्ष संस्था है।

सहकारी बैंकों में अनियमितता या घोटाले का एक बड़ा कारण रिजर्व बैंक और रजिस्ट्रार को-ऑपरेटिव की दोहरी नियंत्रण व्यवस्था को माना जा रहा है। सहकारी बैंकों की स्थापना राज्य सहकारी समिति अधिनियम के अनुसार की जाती है। इनका पंजीकरण "रजिस्ट्रार ऑफ को-ऑपरेटिव सोसाइटी के पास किया जाता है, जिनका नियमन राज्य सरकार तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा आंशिक रूप से किया जाता है। इस बैंक की कार्यप्रणाली में केंद्र सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होता है। इस तरह के बैंकों पर निगरानी रखने का कार्य मुख्य तौर पर राज्य सरकार करती है, जिसके निदेशक सतारूढ़ दल के नेता होते हैं। मामले में नियामक के तौर पर रिजर्व बैंक की भूमिका सीमित होती है।

अब तक रिजर्व बैंक ने 27 सहकारी बैंकों को घोटालों या परिचालन में गड़बड़ी या अनियमतता के कारण अपने नियंत्रण में लिया है। भारतीय रिजर्व बैंक की भारत में बैंकिंग की प्रवृति और प्रगति पर रिपोर्ट के अनुसार पिछले 2 दशकों में शहरी सहकारी बैंकों की संख्या 1,926 से घटकर 1,472 रह गई है। इस तरह, वित्त वर्ष 2004-05 से लेकर अब तक 156 शहरी सहकारी बैंकों का विलय हुआ है, जिनमें 6 शहरी सहकारी बैंकों का विलय 2023 में हुआ है। बीते सालों में भारतीय रिजर्व बैंक ने कई शहरी को-ऑपरेटिव बैंकों को लाइसेंस दिये हैं, जिससे इनकी संख्या में बढ़ोतरी हुई है। हालाँकि, बाद में इनका विलय भी हुआ है, लेकिन उनकी संख्या न्यून है।

को-ऑपरेटिव गृह समितियों या आम जनता द्वारा सहकारी बैंकों में पैसा रखने के पीछे एक बड़ा कारण सहकारी बैंकों द्वारा बैंक जमा पर ज्यादा ब्याज देने की पेशकश करना है। इस वजह से निवेशक लालच में आ जाते हैं। न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक और पीएमसी बैंक भी जमा पर ज्यादा ब्याज दे रहे थे, जो अन्य कई सहकारी बैंकों से भी ज्यादा थे। इसी लालच की वजह से फर्जी और पोंजी कम्पनियाँ भी देश में अरबों-खरबों का कारोबार कर रहे हैं। वैसे, भारतीय बैंकिंग प्रणाली अभी भी मजबूत और स्थिर है। न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक या पीएमसी या दूसरे बैंक में हुए घोटाले के आधार पर पूरी बैंकिंग प्रणाली को त्रुटिपूर्ण मानना गलत होगा। यह सच भी है, लेकिन देश में सहकारी बैंकों के संदर्भ में निगरानी तंत्र बहुत ही कमजोर है, जिसे मजबूत बनाने की जरूरत है। साथ ही, खाताधारकों की जमा पूँजी बैंकों में सुरक्षित रहे के लिये बीमा कवर में इजाफा करने की भी जरूरत है। लिहाजा, मामले में सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक को जल्द से जल्द सुधारात्मक उपायों को मूर्त रूप देने की दिशा में अग्रत्तर कार्रवाई करने की आवश्यकता है। बैंकिंग सिस्टम को दुरुस्त करना आवश्यक है।

लेखक स्तंभकार व आर्थिक जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

मुद्दा
प्रमोद भार्गव

कठिन है अश्लीलता पर रोक की डगर

ऑनलाइन डिजिटल मंचों पर अष्लीलता और हिंसा दिखाए जाने पर अंकुश लगाने के लिए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय कानूनी रास्ते तलाश रहा है। सरकार को यह कदम इसलिए उठाना पड़ रहा है, क्योंकि यूट्यूब पर प्रसारित 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में यूट्यूबर रणवीर इलाहबादिया ने बयान नहीं की जा सकने वाली अत्यंत अशोभनीय टिप्पणियां की हैं। इस कारण उन पर अनेक राज्यों में कई एफआईआर भी दर्ज हुई हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर इस तरह की हरकतें और वार्तालाप इसलिए संभव हो जाते हैं, क्योंकि अश्लीलता को आईटी कानूनों में स्पष्ट रूप में परिभाषित अब तक नहीं किया जा सका है। नतीजतन न्यायाधीश स्वयं के विवेक और दृष्टिकोण पर निर्णय लेते हैं। ज्यादातर इस प्रकृति के निर्णय निंदा एवं चेतावनी देने तक सीमित रहते हैं, फलतः अश्लील सामग्री परोसने वाले बच निकलते हैं। रणवीर की टिप्पणियों के बाद पूरा देश गुस्से में हैं, इसलिए डिजिटल प्लेटफॉर्म अर्थात सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी की मांग उठ रही है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की संसदीय समीति ने भी चिंता जताई है कि अश्लील और हिंसक दृश्य एवं श्रव्य कार्यक्रम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बहाने दिखाए जा रहे हैं, जो संवैधानिक अधिकार का दुरुपयोग है। अतएव इस परिप्रेक्ष्य में कठोर कानून जरूरी है।

'ओवर द टॉप' अर्थात ओटीटी प्लेटफॉर्म पर फिल्म एवं वेब सीरीज पर दिखाई जा रही अश्लीलता चिंता का विषय है, अतएव इस पर नियंत्रण जरूरी है। सर्वोच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अध्यक्षता वाली पीठ पहले भी कह चुकी है कि 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बहुसंख्यक लोगों के धार्मिक स्वतंत्रता का हनन नहीं कर सकती है।' यह बात अदालत ने अमेजन प्राइम कमर्शियल की प्रमुख अपर्णा पुरोहित की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कही थी। दरअसल यह मामला तांडव वेब सीरीज से जुड़ा था। अदालत ने कहा था, 'अश्लीलता दिखाने वाले सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की जांच होनी चाहिए। इन पर नियंत्रण तो जरूरी है ही, एक बोर्ड का भी गठन किया जाए, जो इन पर नियंत्रण के उपाय सुझाए।' हालांकि अब ओटीटी पर नियंत्रण के लिए ऐसी व्यवस्था होगी, जिससे पालक अपने बच्चों के लिए ऐसी सीरीज प्रतिबंधित कर सकेंगे, जिनमें अश्लीलता परोसी जा रही है। आयु वर्ग के हिसाब से भी इन्हें बालक, किशोर एवं वयस्क श्रेणियों में बांटा जाएगा। जिससे जरूरत के हिसाब से इन पर नियमन संभव हो। हालांकि अभी तक कुछ किया नहीं जा सका है। इस बाबत दुविधा ये है कि मानव-मस्तिष्क को विकृत और दूषित करने वाली अश्लील सामग्री किसे माना जाए? क्योंकि साहित्य और कला के क्षेत्र में ऐसे हजारों पृष्ठ और कलाकृतियां एवं मूर्तियां हैं, जिन्हें अश्लीलता की परिभाषा में लाना आसान नहीं होता। मोबाइल व कंप्यूटर पर इंटरनेट की घातकता का दायरा निरंतर बढ़ रहा है। इंस्टाग्राम हो या फेसबुक या फिर गूगल ये सब विदेशी कंपनियां अकूत धन कमाने की तृष्णा में सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से भारतीय बच्चों, किशोरों व युवकों को पोर्नोग्राफी के जाल में फंसाकर उनका न केवल भविष्य बर्बाद कर रहे हैं, बल्कि साइबर अपराधी बनाकर उनके पूरे जीवन पर ही कालिख पोतने का काम कर रही हैं। ये सब कंपनियां ऑनलाइन चाइल्ड सेक्स ट्रेफिकिंग को बढ़ावा दे रही हैं। इसका दुर्भाग्यपूर्ण पहलू यह है कि किशोरों को अश्लील फिल्में दिखाकर बच्चे और सगे-संबंधी नाबालिग ही इनकी करतूतों का शिकार हो रहे हैं। लंदन के पास बसे शहर सोहो में इस तरह की वीडियो क्लीपिंग बनाने का धंधा खुलेआम चल रहा है।

आज सूचना तकनीक की जरूरत इस हद तक बढ़ गई है कि समाज का कोई भी क्षेत्र इससे अछूता नहीं रह गया है। भारत में इंटरनेट डेटा की खपत इसके सस्ते होने की वजह से भी बढ़ रही है। पिछले चार साल में डेटा की खपत 56 गुना बढ़ी है, वहीं दरों में कमी 99 प्रतिशत हुई है। इकोनॉमिक सर्वेक्षण के अनुसार 2016 में डेटा की दरें 200 रुपए प्रति जीबी थी, जो 2019 में घटकर 12 रुपए प्रति जीबी तक आ गई हैं। दुनिया में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली एक पोर्न वेबसाइट ने बताया है कि भारत में 2018 में औसतन 8.23 मिनट पोर्न वीडियो देखे गए, वहीं 2019 में यह अवधि बढ़कर 9.51 मिनट हो गई। यह आंकड़ा सिर्फ एक वेबसाइट का है, जबकि दुनिया में पोर्न संबंधी 150 करोड़ वेब पेज सक्रिय हैं। इनमें 28 करोड़ वीडियो लिंक हैं। ये पोर्न वेबसाइट जिन 20 देषों में सबसे ज्यादा देखी गईं, उनमें भारत का स्थान तीसरा है। आज इस पर लगाम लगाने की जरूरत है।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार व स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

ईश्वर की प्राप्ति ही तो जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य

संकलित
दर्शन

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने ईश्वर प्राप्ति के तीन -ज्ञान, कर्म तथा भक्ति मार्ग बताए हैं। ज्ञान मार्ग में सांख्य की सहायता से मनुष्य तर्क-वितर्क द्वारा तत्व ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करता है, परंतु अक्सर तर्क-वितर्क में वह अपने मार्ग से भटक जाता है। कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। इन तीनों मार्गों पर चलकर सफल होने के लिए मनुष्य को अष्टांग योग के पहले दो चरणों को जीवन में अपनाना जरूरी है। यह हैं यम और नियम। यम में सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह आते हैं। सत्य शब्द से तात्पर्य है सत्यता का जीवन में हर समय पालन करना। अहिंसा केवल जीव हिंसा से ही संबंधित नहीं है, इसमें दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं करना भी आता है। अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना और अपरिग्रह से तात्पर्य है कि आवश्यकता से ज्यादा किसी वस्तु या धन का संग्रह न करना। वहीं नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्राणिधान आते हैं। शौच से मतलब मन की सफाई होता है। इसके लिए मनुष्य को स्वाध्याय को अपनाना चाहिए।

समर्पित भक्त का वास वैकुन्ठ में

संकलित
प्रेरणा

एक ब्राह्मण था तथा महान भक्त था, वह मंदिर की पूजा में बहुत शानदार सेवा पेश करना चाहता था, लेकिन उसके पास धन नहीं था। एक दिन की बात है वह एक भागवत पाठ में बैठा हुआ था और उसने सुना कि नारायण मन में भी पूजे जा सकते हैं। उसने इस अवसर का लाभ उठाया क्योंकि वह एक लंबे समय से सोच रहा था कि कैसे बहुत शान से नारायण की पूजा करूं, लेकिन उसके पास धन नहीं था। जब वह यह समझ गया, कि मन के भीतर नारायण की पूजा कर सकते हैं। एक दिन वह गोदावरी नदी में स्नान करने के बाद एक पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। अपने मन के भीतर वह बहुत खूबसूरत सिंहासन का निर्माण कर रहा था, गहनों के साथ लदी और सिंहासन पर भगवान की मूर्ति को रखते हुए, वह भगवान का गंगा, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी नदी के जल के साथ अभिषेक कर रहा था। फिर बहुत ही उत्तम तरह से भगवान का श्रृंगार कर और फूल, माला के साथ पूजा करते हुए, वह मीठे चावल बहुत अच्छी तरह से भोजन के रूप में पका रहा था। वह परखना चाहता था कि भोजन भोग के लिए कहीं गरम तो नहीं हैं। तो ऐसा जानने के लिए उसने भोजन में अपनी उंगली डाली तो उसकी उँगली जल गई। तब उसका ध्यान टूटा क्योंकि वहाँ कुछ भी नहीं था। केवल अपने मन के भीतर वह सब कुछ कर रहा था। लेकिन उसने अपनी उंगली जली हुइ देखी। तो वह चकित रह गया। इस तरह, वैकुन्ठ से नारायण, मुस्कुरा रहे थे। देवी लक्ष्मीजी ने पूछाः आप क्यों मुस्कुरा रहे हैं ?

जुनून

चेन्नई। क्रिकेट प्रशंसक चेन्नई के मरीना बीच पर बड़ी स्क्रीन पर भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी मैच देखने के दौरान का चित्र।

आज की पाती

आवारा मवेशियों की समस्या का हल जरूरी

देशभर में आवारा मवेशियों की समस्या दिनोंदिन विकराल होती जा रही है। जहां एक ओर आवारा मवेशी सड़क हादसों का सबब बन रहे हैं, तो दूसरी ओर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आज शहर हो या गांव, आवारा मवेशियों के आतंक से कोई अछूता नहीं हैं। इनके सर्वत्र घूमने से आमजन का अपने घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है। सड़क हादसों में होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण आवारा मवेशी भी हैं, जो यातायात व्यवस्था को तो बाधित करते ही हैं साथ ही उनके अचानक बीच सड़क पर आ धमकने से सड़क हादसे भी अंजाम लेते हैं। ऐसे में सवाल है कि आखिर कैसे घूम रहे हैं आवारा मवेशी और कौन है इनका असली मालिक? साथ ही इनसे होने वाले नुकसान के लिए कौन जिम्मेदार है। सरकार को इस ओर उचित ध्यान देना चाहिए। *– मानिक मेहता, दुर्ग*

ट्रेंड

महिला शांति रक्षक बढ़े

संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में अधिक संख्या में महिलाओं को शामिल करना जरूरी है क्योंकि वे लैंगिक हिंसा से निपटने, विश्वास कायम करने और संवाद को बढ़ावा देने में ज्यादा सक्षम होती हैं। महिला शांति रक्षकों की स्थानीय समुदायों तक बेहतर पहुंच होती है। **-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

अभियान से मैं खुश हूं

मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मोटापे के खिलाफ शुरू किए गए अभियान से जुड़कर बहुत खुश हूं। मोटापे के कारण हृदय रोग, टाइप 2 मधुमेह, पक्षाघात और सांस लेने की समस्या जैसी कई स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं **-उमर अब्दुल्ला, सीएम, जेएंडके**

प्रधानमंत्री का आभार

मैं प्रधानमंत्री का आभार जताता हूं कि उन्होंने देश को बेहतर स्वास्थ्य के लिए मोटापा के खिलाफ प्रभावशाली जागरूकता अभियान शुरू किया है। मैं इस महत्वपूर्ण संदेश को फैलाने के लिए नामित किए जाने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।
-आर माधवन, अभिनेता

बचने की संभावना कम

दो दिन पहले श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग के निर्माणाधीन खंड के आंशिक रूप से ढहने के बाद उसमें फंस गए आठ लोगों के बचने की संभावना अब "बहुत कम" है, हालांकि उन तक पहुंचने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।
-जुपल्ली कृष्ण राव, मंत्री तेलंगाना

करंट अफेयर

पाक सरकार करेगी मंदिरों और गुरुद्वारों का जीर्णोद्धार

पाकिस्तान सरकार ने देश में मंदिरों और गुरुद्वारों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए एक अरब पाकिस्तानी रुपये की लागत से एक 'मास्टर प्लान' तैयार किया है। यह निर्णय यहां 'इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड' (ईटीपीबी) की बैठक में शनिवार को इसके प्रमुख सैयद अतउर रहमान की अध्यक्षता में लिया गया। रहमान ने कहा, 'मास्टर प्लान के तहत मंदिरों और गुरुद्वारों का जीर्णोद्धार कर उन्हें सजाया जाएगा और एक अरब पाकिस्तानी रुपये के बजट से विकास कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों के पूजा स्थलों की देखभाल पर खासा धन खर्च किया जा रहा है। रहमान ने यह भी कहा कि ईटीपीबी को इस वर्ष एक अरब रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। बैठक में देश भर से हिंदू और सिख समुदायों के सदस्यों के साथ-साथ सरकारी और गैर-सरकारी सदस्यों ने भाग लिया। ईटीपीबी विकास योजना में संशोधन की आवश्यकता के बारे में अपनी बात रख रहे बोर्ड सचिव फरीद इकबाल ने सदस्यों को बताया कि विभाग की आय बढ़ाने के उद्देश्य से योजना में बदलाव करने के बाद अब ट्रस्ट की संपत्तियों को विकास के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है।

ऑफ बीट

पहले गठिया सिर्फ अमीरों की बीमारी थी; अब आम

गठिया 'क्रिस्टल आर्थ्रोपेथी' समूह का एक रोग है, जो जोड़ों और मुलायम ऊतकों में 'क्रिस्टल' जमने के कारण होता है। गठिया तब विकसित होता है, जब खून में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ जाता है और यह जोड़ों में पहुंचकर सुई-नुमा 'क्रिस्टल' का रूप अख्तियार कर लेता है, जिससे तीव्र दर्द और सूजन की शिकायत सताती है। यह आमतौर पर पैर के अंगूठे से शुरू होता है और इसमें त्वचा पर हल्का-सा स्पर्श भी अक्सर असहनीय लगता है। गठिया के कुछ मरीज अपने पैर के ऊपर एक विशेष पिंजरा रखकर सोते हैं, जिससे चादर सीधे उनके पैर पर नहीं पड़ती, क्योंकि वे प्रभावित जोड़ों पर चादर का भार भी सहन करने की स्थिति में नहीं होते। गठिया अन्य जोड़ों को भी प्रभावित कर सकता है। यह 'टोफी' (नरम ऊतकों या जोड़ों के पास की हड्डियों में मोनोसोडियम यूरेट का पत्थर जैसा जमाव) विकसित होने का कारण बन सकता है। गठिया का निदान असहनीय दर्द, प्रभावित जोड़ों में और उनके आसपास सूजन तथा लालिमा जैसे आम लक्षणों पर आधारित है। सूजे हुए जोड़ से लिए गए तरल पदार्थ की माइक्रोस्कोप से जांच किए जाने के दौरान 'क्रिस्टल' दिखाई दे सकते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



'हिटः द थर्ड केस' का टीजर जारी...

नई दिल्ली। साउथ के नेचुरल स्टार नानी की आगामी फिल्म 'हिटः द थर्ड केस' का टीजर जारी हुआ है। फिल्म के टीजर में नानी का हिंसक पक्ष दिखाया गया है। साथ ही अभिनेता का एक्शन अवतार देखने को मिला। नानी ने अपने चौंकाने वाले परिवर्तन से दर्शकों को चौंका दिया। फिल्म में नानी ने एक क्रूर पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई है, जो अपराधियों पर कोई दया नहीं दिखाता। कश्मीर की भयावह पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म अर्जुन सरकार (नानी द्वारा अभिनीत) की कहानी बयां करता है, जो एक उग्र और निर्दयी अधिकारी है, जिसे एक सीरियल किलर का शिकार करने के लिए बुलाया जाता है।

लाइफ Style

उर्वशी

ओरी संग शादी को लेकर हो रही बात

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'डाकू महाराज' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस फिल्म को लेकर उर्वशी लगातार विवादों में रहीं। यही नहीं, फिल्म से एक्ट्रेस के सभी सीन्स को डिलीट करने की खबरें भी सामने आई है बटोर रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उर्वशी प्रोफेशनल लाइफ के साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरी हैं। उनका नाम क्रिकेटर ऋषभ पंत संग खूब चर्चा में रहा। इसी बीच अब उर्वशी का नाम एक फेमस इन्फ्लुएंसर संग जुड़ता नजर आ रहा है। यही नहीं, इनकी शादी की भी चर्चा हो रही है। डाकू महाराज एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला का दिल किसी और पर नहीं, बल्कि बॉलीवुड के फेमस इन्फ्लुएंसर ओरहान अवात्रामणि यानी ओरी पर आया है। जी हां, आपने सही सुना ये ओरी ही हैं। सोशल मीडिया पर खबर आ रही है कि उर्वशी, ओरी से शादी करने वाली हैं। ओरी का नाम सुनते ही हर किसी को तगड़ा झटका लगा है। सोशल मीडिया पर दोनों के बीच कुछ कमेंट्स एक्सचेंज हुए हैं, जिससे फैंस इस बात का अंदाजा लगा रहे हैं कि वो शादी करने वाले हैं। बता दें कि बीते दिनों ओरी आदर जैन और अलेखा की शादी में गए थे। इस दौरान ओरी ने रेड कुर्ता और पायजामा में कई सारी फोटो क्लिक कराई, जिसे उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। ओरी की इसी तस्वीर पर उर्वशी ने कमेंट किया। इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए उर्वशी ने लिखा- इंतजार नहीं कर पा रही हूं, तुम्हारी शादी अटेंड करने का। इस पर ओरी ने कमेंट किया- मेरी या हमारी शादी?

हॉलीवुड मसाला

जैस्मीन वालिया पर टिकी नजरें

मुंबई। इंडियन क्रिकेटर हार्दिक पांड्या का तलाक हो चुका है। उनकी चार साल की शादी टूट चुकी है। उनका और एक्स वाइफ नताशा स्टेनकोविक का एक बेटा भी है। इस बीच उनका नाम ब्रिटिश सिंगर जैस्मीन वालिया के साथ जोड़ा जा रहा है। भारत और पाकिस्तान के मैच के दौरान जैस्मीन स्टेडियम में ही मौजूद थीं। उनका वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें वो फ्लाइंग किस दे रही हैं। अब एक बार फिर हार्दिक और जैस्मीन की डेटिंग की अफवाह उड़ रही है।

सेफ फील करते हैं प्रियंका के साथ...

लॉस एंजिल्स। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की शादी को 6 साल हो चुके हैं, और उनका ये रिश्ता वक्त के साथ और भी मजबूत होता जा रहा है। हाल ही निक ने बताया कि जब वह काम से थके-हारे घर वापस बीवी के पास लौटते हैं, तो उन्हें कितनी शांति मिलती है। उन्होंने प्रियंका चोपड़ा को अपना 'रीचार्ज' बताया। साथ ही कहा कि प्रियंका उनकी सिर्फ पार्टनर नहीं हैं, बल्कि वो स्पेस हैं, जहां वह सुरक्षित महसूस करते हैं। निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा हर कदम, हर मोड़ पर एक-दूसरे के साथ खड़े नजर आते हैं, और सपोर्ट भी करते हैं। प्रियंका और निक आज ग्लोबल लेवल पर न सिर्फ पॉपुलर कपल बन चुके हैं, बल्कि उनके रिश्ते को भी एक मिसाल के तौर पर देखा जाता है।

कैटरीना ने खुद को माना भाग्यशाली

प्रयागराज। महाकुंभ 2025 समाप्ति की ओर है। इस बीच बॉलिवुड सिलेब्रिटीज का प्रयागराज पहुंचना लगा हुआ है। कुछ वक्त पहले छावा एक्टर विकी कौशल संगम में स्नान करने पहुंचे थे। अब उनकी मां अपनी बहू कैटरीना को लेकर त्रिवेणी में डुबकी लगाने पहुंचीं। कटरीना ने मीडिया को बताया कि वह पूरा दिन प्रयागराज में रुकेंगी। परमार्थ निकेतन में स्वामीजी से बातें करेंगी और इसके महत्व के बारे में चर्चा करेंगी। कटरीना ने महाकुंभ में आने के अनुभव के बारे में मीडिया से कहा, 'मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि इस वक्त यहां आ सकी। मैं बहुत खुश हूं। मैं आभारी हूं कि यहां आ सकी। यह बहुत सुंदर जगह है। मैं इस वक्त स्वामीजी के साथ हूं। उनसे बातें कर रही हूं, उनका आशीर्वाद ले रही हूं।

'मेरे ढोलना' गाने के दौरान हुई थी गलती

मुंबई। सोनू निगम देश के सबसे अच्छे गायकों में शुमार होते हैं। अपने एक दशक के कॅरियर में सोनू निगम ने बहुत सारे यादगार गाने गाए हैं। हाल ही में सोनू निगम बेंगलुरु में एक लाइव परफॉर्मेंस दे रहे थे, तभी वह अपने गाने 'मेरे ढोलना' पर रोने लगे। इसके बाद उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करके बताया कि वह इस तरह से स्टेज पर रोना नहीं चाहते थे। सोनू निगम ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो में बताया है कि वह कैसे 'मेरे ढोलना' पर रोने लगे। उन्होंने कहा 'कुछ ऐसा माहौल बनता है कि लोग भी उससे जुड़ जाते हैं। आज पहली बार 'मेरे ढोलना' गाया। इसके बाद ऐसा माहौल बना कि बहुत एमोशनल हो गया। रोना आ रहा था! लेकिन सोचा कि चांस लेता हूं। गा ही नहीं पा रहा था। स्टेज पर कभी इतना नहीं रोया हूं।

टीवी मसाला

एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं गौतम और प्रेम..?

नई दिल्ली। टीवी सीरियल अनुपमा का अपकमिंग एपिसोड फुल ऑफ ड्रामा रहने वाला है। राही और गौतम के बीच जोरदार झगड़ा होगा और बात हाथापाई तक पहुंच जाएगी, वहीं अपकमिंग एपिसोड में आप देखेंगे कि राही और प्रेम शादी से पहले अपनी-अपनी बेचलर्स पार्टी एन्जॉय करेंगे। राही जहां अपनी गर्ल गैंग के साथ धमाकेदार सेलिब्रेशन करेगी, वहीं दूसरी तरफ प्रेम अपने घर में बेचलर्स पार्टी करेगा। लेकिन इस बीच कुछ ऐसा होगा जिसके बाद सीरियल में कई नए ट्विस्ट आ सकते हैं। दरअसल, राही और प्रेम अपने-अपने घर पर सेलिब्रेट कर रहे होंगे, लेकिन किसी वजह से राही को प्रेम से मिलने जाना होगा। वह जब प्रेम के यहां पहुंचेगी तो कुछ ऐसा देखेगी कि उसके होश उड़ जाएंगे। दरअसल प्रेम किसी लड़की के साथ काफी इंटीमेट अवतार में नजर आएगा। वह लड़की के काफी करीब होगा और उसके साथ रोमांटिक हो रहा होगा। प्रेम को इस अवतार में देखकर राही के होश उड़ जाएंगे और उसके जेहन में प्रेम को लेकर तमाम तरह के ख्याल आने लगेंगे। लेकिन, क्या वह प्रेम से वहीं पर सवाल करेगी या भाग जाएगी? इसका जवाब हमें अपकमिंग एपिसोड में देखने मिलेगा। क्या राही की नजर में प्रेम को बुरा बनाने के लिए गौतम ने इस लड़की को उसकी बेचलर पार्टी में भेजा है, या फिर प्रेम ने खुद इस लड़की को बुलाया है? ऐसे बहुत से सवाल हैं जिनके जवाब दर्शकों को अपकमिंग एपिसोड में देखने को मिलेंगे।

अभी तक नहीं मिला 50 लाख रुपए

नई दिल्ली। अभिनेता करणवीर मेहरा ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में पहुंचे, जहां उन्होंने बिग बॉस शो को लेकर अपने विचार शेयर किए,

जिसमें करणवीर ने अभी तक प्राइज मनी ना मिलने की बात कही है। हाल ही में करणवीर मेहरा कॉमेडियन भारती सिंह और स्क्रिप्ट राइटर हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में पहुंचे, जहां उनके यूट्यूब चैनल पर उन्होंने बातचीत की। बातचीत के दौरान करणवीर ने कहा कि कलर्स चैनल पर उनका पहला शो 'खतरों का खिलाडी 14' था। जहां से उनको नाम और पहचान मिली। बिग बॉस 18 के बारे में बात करते उन्होंने बताया कि विनर होने के बाद चमचमाती ट्रॉफी के साथ 50 लाख रुपए भी जीते थे, लेकिन प्राइज मनी अभी आना बाकी है। करणवीर मेहरा ने 'खतरों का खिलाड़ी 14' के बारे में बात की। वह इस शो के भी विनर रहे थे। करणवीर ने कहा 'खतरों का खिलाड़ी 14' का उनका पैसा आ गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि शो के दौरान जिस कार को उन्होंने जीता था उसे भी बुक करवा लिया है।

महादेव की भक्ति में लीन दिखीं

प्रयागराज। प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है। बड़ी संख्या में दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालु आ रहे हैं। फिल्मी सितारे भी पीछे नहीं हैं। कई हीरो-हीरोइन भी संगम में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। आज सोमवार को अक्षय कुमार प्रयागराज पहुंचे और उन्होंने संगम स्नान किया। इसके अलावा अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की है, जिसमें उन्होंने महाकुंभ का जिक्र किया है। अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे महादेव की भक्ति में लीन नजर आ रही हैं। माथे पर चंदन लगाए दिख रही हैं। उनके गले में पुष्प माला है। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'सभी रास्ते महाकुंभ की ओर जाते हैं। सत्यम शिवम् सुंदरम्'। उन्होंने हैशटैग में महाकुंभ और प्रयागराज लिखा है। प्रीति जिंटा के इस पोस्ट पर यूजर्स जमकर कमेंट कर रहे हैं और उनकी तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'उत्तर प्रदेश में स्वागत है'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'इसलिए आप हमारी पसंदीदा अभिनेत्री हैं'। कुछ यूजर 'हर हर महादेव' का जयकारा लिख रहे हैं। प्रीति जिंटा ने त्रिवेणी में स्नान किया या नहीं, इसकी जानकारी नहीं दी है। प्रीति जिंटा साल 2013 में भी महाकुंभ में शामिल होने प्रयागराज पहुंची थीं। प्रीति जिंटा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे बॉलीवुड फिल्म 'लाहौर 1947' में नजर आएंगी। इसमें वे सनी देओल के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी।

पॉपुलर एक्ट्रेस के साथ फिल्म करके भी फ्लॉप रहे, फिर गायकी से बनाया नाम...

नई दिल्ली। 1950-60 के दशक का वह शख्स, जिसकी मखमली और रोमांटिक आवाज लोगों को मदहोश कर देती थी। गायकी ही नहीं, अभिनय की दुनिया में भी अपने कमाल के लिए जाने वाले तलत महमूद किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। संगीत की दुनिया में तलत महमूद एक ऐसा नाम है, जिनके गानें आज भी लोगों के जुबां पर हैं। संगीत के लिए इन्होंने परिवार तक को छोड़ दिया था। नूतन, सुरैया जैसे तमाम बड़े अभिनेत्रियों के साथ अभिनय की दुनिया में भी काम किया।

संगीत का घोर विरोधी था इनका परिवारः यूपी राज्य के नवाबों के शहर लखनऊ में तलत महमूद का जन्म 24 फरवरी 1924 को हुआ। इनके परिवार वाले पुराने विचारों वाले थे, जो संगीत को बहुत खराब शौक मानते थे। तलत साहब का बचपन से ही संगीत में खास रूझान था, इस कारण उन्होंने अपने परिवार वालों को भी छोड़ दिया। संगीत करियर की शुरुआत महमूद साहब ने ऑल इंडिया रेडियो से की, जहां वह गजलों को गाया करते थे। मात्र 17 वर्ष की उम्र में तलक ने 1941 में अपना पहला गाना रिकॉर्ड किया था, जो एक बंगाली गीत था 'सब दिन एक समान नहीं'।

50-60 के दशक में बॉलीवुड में लाई क्रांति

तलत महमूद ने 1944 में एक गाना गाया 'तस्वीर तेरी दिल मेरा बहला ना सकेगी', इस गाने ने तलत साहब को मशहूर कर दिया था। इसके बाद उन्होंने अपनी नाजुक और भावुक आवाज से बॉलीवुड के संगीत की दुनिया में क्रांति लाने का काम किया। महमूद साहब ने कई हिट्स गाने दिए जिसमें जाएं तो जाएं कहां, शाम-ए-गम की कस, हवा ये रात ये चांदन, फिर वही शाम वही गम, जैसे गानें शामिल हैं। उनकी आवाज में एक ठहराव था, एक गहराई थी, जो सीधे दिल को छू जाती थी। महमूद साहब ने सभी भाषाओं में कुल मिलाकर 750 गाने गाए।

पद्म भूषण जैसे सम्मान किए हासिल : महमूद साहब ने सभी भाषाओं में कुल मिलाकर 750 गाने गाए। इस अमूल्य योगदान के लिए उन्हें कई पुरस्कारों से नवाजा गया। जिसमें पद्म भूषण, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, लता मंगेशकर अवॉर्ड जैसे अवार्ड इन्होंने अपने नाम किए। तलत महमूद नौ मई 1998 को इस दुनिया को अलविदा कह गए।

असली पहचान से ज्यादा अपने किरदार के नाम से लोगों में हो गई मशहूर

रामायण की 'मंथरा' का नाम गिनीज बुक में दर्ज, एक थप्पड़ से बदली जिंदगी

नई दिल्ली। सिनेमा की दुनिया के कुछ कलाकार अपनी अदाकारी से हमारे जेहन में इस कदर बस जाते हैं कि उन्हें भूल पाना मुश्किल होता है। हिंदी सिनेमा के कई ऐसे नाम हैं, जिन्होंने पर्दे पर इतने उम्दा तरीके से अपने किरदार को निभाया कि वह अपनी असली पहचान से ज्यादा अपने किरदार के नाम से लोगों में मशहूर हो गए। एक ऐसा ही किरदार है रामानंद सागर की 'रामायण' का, जिसके नाम से ही लोगों का नफरत है। वह किरदार है महारानी कैकेयी की दासी 'मंथरा'का, जिसने षड्यंत्र रच के श्रीराम को वनवास भेज दिया था। इस किरदार को पर्दे पर अभिनेत्री ललिता पवार ने जीवंत किया और उनकी छवि लोगों के बीच में 'मंथरा' की बनकर रह गई।

700 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

ललिता पवार कि गिनती अपने समय की टॉप एक्ट्रेस में होती है। 700 से ज्यादा फिल्में करने के लिए उनका नाम गिनीज बुक में भी दर्ज है। उन्होंने अपने करियर में लीड एक्ट्रेस के तो किरदार निभाए ही, लेकिन उन्हें असली पहचान उनके निगेटिव किरदारों से मिली। फिल्मी पर्दे पर उन्होंने आततायी सास के ढेरो किरदार निभाए हैं।

बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट सिनेमा में ली थी एंट्री

ललिता पवार का जन्म 18 अप्रैल 1916 को व्यवसायी परिवार में हुआ था। उनके पिता लक्ष्मण राव शगुन एक अमीर रेशम और कपास के व्यापारी थे। अभिनेत्री क जब जन्म हुआ तो उनका नाम अंबा रखा गया था, जिसे बाद में बदलकर ललिता कर दिया गया। उन्हें बचपन से ही अभिनय का शौक था, जिसके चलते महज 9 साल की उम्र में ही उन्होंने अभिनय करना शुरू कर दिया। उनकी पहली फिल्म 'राजा हरिश्चंद्र थी, जिसका निर्देशन वाई.डी. सरपोतदार ने किया था।

तकलीफों से भरी थी निजी जिंदगी

ललिता पवार ने रामानंद सागर की 'रामायण' में मंथरा की भूमिका से ही नहीं, बल्कि 700 से अधिक हिंदी, मराठी और गुजराती फिल्मों में क्रूर सास के किरदार निभाकर भी बड़ी लोकप्रियता हासिल की थी। उन्होंने 'श्री 420', द'हेज', 'नेताजी पालकर' और 'अनाड़ी' जैसी कई सफल फिल्मों और धारावाहिकों में भी काम किया था। उनकी प्रोफेशनल लाइफ के बारे में तो लोग जानते हैं, लेकिन उनकी निजी जिंदगी कितनी तकलीफों से भरी थी, यह बहुत कम लोगों को पता है।

निगेटिव किरदारों से मिली पॉपुलैरिटी

दुर्घटना के बाद ललिता पवार को कैरेक्टर रोल मिलने लगे। उन्होंने हर मौके का पूरा फायदा उठाते हुए सहायक किरदारों से जोरदार वापसी की। इस दौरान उन्होंने कई फिल्मों में क्रूर सास की भूमिकाएं निभाईं, जिससे उनकी एक खलनायक की छवि बन गई। इसके बाद उन्हें निगेटिव रोल मिलने लगे। आगे चलकर रामानंद सागर की रामायण में 'मंथरा'का किरदार मिला, जिसके लिए वह आज भी याद की जाती हैं।

बहन बनी सौतन

मुश्किल परिस्थितियों के बाद भी अभिनेत्री ने अपने कॅरियर को संवारे रखा। इस बीच उनकी निजी जिंदगी उनके हाथों से फिसलने लगी। उन्हें उनकी छोटी बहन ने ही धोखा दे दिया। यह कोई 1930 के दशक के बीच की बात है जब ललिता ने फिल्म निर्माता गणपतराव पवार से शादी की। सब कुछ ठीक चल रहा था कि इस बीच ललिता को पता चला कि उनके पति का अफेयर उनकी ही छोटी बहन के साथ चल रहा था। इसके बाद उन्होंने यह शादी तोड़ दी। इसके बाद उन्होंने फिल्म निर्माता राज कुमार गुप्ता से शादी और उनके एक बेटे जय पवार भी हैं। हालांकि, उनकी मुश्किलें यहीं खत्म नहीं हुईं। दूसरी शादी के बाद अभिनेत्री को पता चला कि उन्हें मुंह का कैंसर है। उनका मानना था कि उनके निगेटिव किरदारों की वजह जो बद्दुआ उन्हें मिली, उसी की वजह से ऐसा हुआ है।

संत निरंकारी मण्डल ने किया स्वच्छ जल, स्वच्छ मन अभियान का आयोजन

आने वाली पीढ़ी को निर्मल जल और स्वस्थ पर्यावरण मिले, इसके लिए किया गया कार्य

जबलपुर।

संत निरंकारी चेरिटेबिल फाउंडेशन के अंतर्गत रविवार को प्रोजेक्ट अमृत के तृतीय चरण स्वच्छ जल स्वच्छ मन का आयोजन किया गया। इस परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, ताकि भावी पीढ़ियों को निर्मल जल और स्वस्थ पर्यावरण का वरदान प्राप्त हो सके। संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह महाराज की प्रेरणादायक शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 से संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से प्रोजेक्ट अमृत का शुभारंभ किया था।

इस दिव्य पहल का उद्देश्य केवल जल स्रोतों को स्वच्छता सुनिश्चित करना ही नहीं, बल्कि जल संरक्षण को जीवन का अभिन्न अंग बनाने की सोच विकसित करना, जिसमें नदियों, झीलों, तालाबों और झरनों जैसे प्रकृतिक जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण का अभियान है। मण्डल के सचिव जोगिंदर सुखिजा ने जानकारी दी की आज ये वृहद अभियान देशभर में 27 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के 900 से अधिक शहरों एवं 1600 स्थानों पर आयोजित किया गया है।

सेवादारों ने किया सेवा कार्य-

संस्कारधानी जबलपुर में भी संत निरंकारी मण्डल की ब्रांच जबलपुर में लगभग 400 भाई, बहिन सेवादार एवं साध संगत ने चार यूनिटों जबलपुर सिटी, अधारताल, लालमाटी व गढ़ा में बंटकर गौरीघाट के उमाघाट नर्मदा नदी के उस पार नावों द्वारा जाकर व जिलहरी घाटों पर प्रातः 08 बजे से 10 बजे तक जल से कीचड़ व चोई निकालकर जल को प्रदूषण मुक्त किया व घाटों पर सेवादारों ने झाड़ू लगाकर साफ सुथरा किया।

होर्डिंग, बेनर व फ्लैक्स के माध्यम से दिया संदेश

अभियान में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर का जबलपुर के नवनीत नागपाल ने दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। प्रोजेक्ट अमृत परियोजना में अनिल बारी, नगर निगम, गौरीघाट पार्षद आदि गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थिति दी तथा जबलपुर फ्लेक्स टीम द्वारा घाटों के मुख्य स्थलों पर फ्लेक्स होर्डिंग स्वच्छ जल स्वच्छ मन जल बचाओ कल बचाओ, प्रदूषित पानी हमारी हानि आदि लगाकर जन जागरण का प्रयास किया।

रक्तदान करने की सेवादारों ने की अपील

साय 6:30 से 9:30 बजे तक संत निरंकारी मण्डल गोलबाजार सत्संग भवन में नागोद के मुखी महात्मा अनूप सुंदरानी के सानिध्य में विशाल आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें सतगुरु बाबा हरदेव सिंह महाराज के मानवता की अनेक कल्याणकारी शिक्षाओं को याद कर उनके संदेशों को धर्म जोड़ता है, तोड़ता नहीं, मानव हो मानव को प्यारा इक दूजे का बने सहारा, प्रदूषण अंदर हो या बाहर दोनों ही हानिकारक है, रक्त नाड़ियों में बहे न कि नालियों में आदि मानवता हितार्थ संदेशों को याद कर उन पर जीवन जीने का आव्हान किया गया।

गायत्री वैदिक गर्भ संस्कार अनुष्ठान आयोजित

आओ गढ़े संस्कारवानवान पीढ़ी अभियान

जबलपुर।

गायत्री परिवार, जबलपुर द्वारा चलाए जा रहे, आओ गढ़े संस्कारवानवान पीढ़ी अभियान के अंतर्गत गायत्री शक्तिपीठ, मनमोहन नगर में 30 से अधिक महिलाओं का गायत्री वैदिक विधि से गर्भ संस्कार संपन्न कराया गया। गर्भ संस्कार 16 संस्कारों में सबसे महत्वपूर्ण संस्कार होता हैं,जिसके पीछे,कई वैज्ञानिक प्रमाण छिपे हुए हैं। गर्भ संस्कार के ज्ञान विज्ञान के बारे में श्रीमती स्नेहलता सावरे व योग ध्यान प्राणायाम के बारे में श्रीमती सरला मिश्रा द्वारा गर्भवती महिलाओं को विशेष जानकारी दी गई। गर्भ संस्कार को समस्त भारत में पहुंचाने वाली एवं गर्भ संस्कार महोत्सव की प्रभारी डॉ अमिता सक्सेना ने अपने विशेष उद्बोधन में बताया कि यह समय बहुत ही नाजुक दौर से गुजर रहा है जिसमें बच्चों को वैदिक विधि विधान भारतीय संस्कृति एवं विज्ञान सम्मत जानकारी देना अति आवश्यक है! गर्भ संस्कार का उद्देश्य यह है कि सुसंस्कारी, धैर्यवान, चरित्रवान शिशु इस धरती पर आए।

इस अवसर पर श्रीमती दीप्ति मिश्रा द्वारा गर्भ संस्कार से संबंधित संगीत प्रस्तुत किये गए। पुष्पेंद्र कोष्टा एवं नीलेश साहू द्वारा गायत्री यज्ञ संपन्न कराया गया एवं श्रीमती इंदू राय श्रीमती,अलका श्रीवास्तव, कु खुशबू रजक, कु कल्पना विश्वकर्मा, मधु नामदेव, श्रीमती कविता तिवारी का विशेष सहयोग रहा।

संग्रहित दुर्लभ वस्तुओं की प्रदर्शनी दीप धरोहर

जबलपुर। एक ही स्थान पर देशी- विदेशी दुर्लभ मुद्रा, मलेशिया, नेपाल के प्लास्टिक के नोट, पुराने संगीत यंत्र, धर्म-संस्कृति से सम्बन्धित वस्तुएं आकर्षण का केन्द्र रही। पाथेय संस्था द्वारा आयोजित दीपचंद विनोदिया के द्वारा संग्रहित दुर्लभ वस्तुओं की एक दिवसीय प्रदर्शनी 'दीप-धरोहर' में और भी महत्वपूर्ण दुर्लभ वस्तुओं को प्रदर्शित किया। प्रदर्शनी का शुभारंभ शर्मीला मुखर्जी, शोभा सिंह, रंजना गुप्ता, अंजना सक्सेना,राजकुमारी नायक,प्रीति मंडल ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि दीपचंद विनोदिया ने अथक परिश्रम करके दुर्लभ सामग्रियों को संग्रहित किया है। यह संग्रह वर्षों की मेहनत का प्रतिफल है। राजेश पाठक प्रवीण एवं श्रीमती रेखा विनोदिया ने संग्रह में शामिल विविध सामग्रियों की संक्षिप्त में जानकारी प्रदान की। संचालन राजेश पाठक प्रवीण एवं आभार यशोवर्धन पाठक ने किया। समारोह में संतोष नेमा, विजय नेमा,आशुतोष तिवारी, राजीव गुप्ता, आलोक पाठक सहित गणमान्यजन उपस्थित थे।

आराध्या तिवारी प्रियम को मिला विप्र बाल विदुषी पुरस्कार

जबलपुर। सनाढ्य संगम एवं सर्व ब्राह्मण समाज की त्रैमासिक पत्रिका सनाढ्य संगम के तत्वावधान में आयोजित समारोह में कक्षा छठवीं की छात्रा कुमारी आराध्या तिवारी प्रियम को कला, साहित्य, संस्कृति एवं पत्रकारिता ज्ञान के लिए विप्र बाल विदुषी पुरस्कार 2024 से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार मौजूद रहे। समारोह में महाकवि आचार्य भगवत दुबे, राजेश पाठक प्रवीण, यशोवर्धन पाठक, अभय तिवारी सहित गणमान्यजन उपस्थित थे।

पायलट बनने की जानकारी देने स्कूल कालेजों में अभियान चलाये सरकार : रजत भार्गव

महाकौशल की पहली महिला पायलट बनी इशिता भार्गव

हरिभूमि, जबलपुर। संस्करधानी की रहने वाली इशिता भार्गव महाकौशल की पहली और इलेक्ट्रॉनिक पर्सनल लाइसेंस हासिल करने वाली भारत की पहली महिला पायलट बनी हैं और इसके साथ ही भारत भी चीन के बाद विमान के चालक दल के लिए ईपीएल लागू करने वाला दुनिया का दूसरा देश भी बन गया है दिल्ली में नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने गुरुवार को पायलट के लिए ईपीएल प्रणाली का शुभारंभ किया जिसमे जबलपुर की इशिता भार्गव को सिविल एविएशन मिनिस्टर के राम मोहन नायडू के द्वारा ईपीएल दिया गया। इशिता ने दिसंबर में उत्तर प्रदेश के अमेठी में

स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी से अपना कमर्शियल पायलट ट्रेनिंग कोर्स पूरा किया था जो कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय का एक स्वायत्त संस्थान है और ईपीएल में एक निजी वाणिज्यिक पायलट की उड़ान का रिकॉर्ड होता है। इसके साथ ही कैप्टन इशिता भार्गव के कमर्शियल पायलट बनने का सफर 19 साल की उम्र में शुरू हो गया था इसके बाद इशिता ने तीन साल तक कठोर उड़ान की ट्रेनिंग ली और लगातार 200 घंटे की आसमान में उड़ान भरी। जिस कड़ी मेहनत के बाद इशिता के सपने साकार हुए और उन्हें कमर्शियल लाइसेंस की प्राप्ति हुई।

महाकौशल और देश की पहली महिला पायलट बनी इशिता भार्गव के पिता रजत भार्गव ने अपनी खुशी जताते हुए कहा कि हमारी बेटी तो पायलट बन गई लेकिन हर माता पिता को भी अपने बेटी को पढा कर आगे बढ़ाना और उसे पायलट बनाने का कदम उठाना चाहिए और सरकार को स्कूल कालेजों में पायलट बनने की इच्छा रखने वाले छात्र छात्राओं को जानकारी देने का एक अभियान चलाने के साथ ही उन्हें बिना ब्याज का लोन देना चाहिए। जिससे की आने वाले समय मे हमारे जबलपुर सहित पूरे भारत देश में रहने वाले गरीब वर्ग के बेटा और बेटियां आसमान की उड़ान भर कर हमारे देश का नाम रौशन कर सकें।

सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान

जबलपुर। सुरक्षित सड़क यातायात का वातावरण बनाने और स्कूल छात्रों को सुरक्षा शिक्षा देने के लिए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने जबलपुर में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान सरकारी मॉडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के लगभग 14 सौ छात्रों और स्टाफ सदस्यों को जिम्मेदार सड़क व्यवहार की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, जिससे वे सड़क सुरक्षा के प्रति अधिक जागरूक बन सकें।जबलपुर में आयोजित इस अभियान में कई इंटरएक्टिव गतिविधियाँ शामिल थीं, जिससे सड़क सुरक्षा शिक्षा को रोचक और जानकारीपूर्ण बनाया जा सके। प्रतिभागियों ने सुरक्षा सवारी पाठ, खतरों की पहचान प्रशिक्षण, सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी, खेल, हेलमेट जागरूकता और राइडिंग ट्रेनर सत्रों में भाग लिया।

श्री गिरिजाशंकर रामलीला मैदान में कलश यात्रा से शिव महापुराण कथा प्रारंभ

जबलपुर। श्री गिरिजाशंकर रामलीला मैदान घमापुर प्रांगण में 24 फरवरी से शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। इस उपलक्ष्य में शिव शक्ति मंदिर घमापुर से कलश यात्रा निकाली गई जो घमापुर, बाई का बगीचा, सरकारी कुंआ, शीतलामाई होते हुए रामलीला मंच पर आकर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर प्रमुख यजमान डॉ. ए.सी. सोनकर, एड. बलराज सोनकर, कथा व्यास पं. सिद्धार्थ पाण्डेय, आचार्य पं. राजेन्द्र पाण्डेय, पं. श्यामचंद तिवारी, डॉ. शिवमणि मिश्रा ने मंच पर शिव महापुराण के महात्म्य, देवी चंचला की कथा, शिवलिंग प्राकट्य एवं शिवलिंग पूजन विधि का महत्व का वर्णन किया। इस अवसर पर रामलीला समिति के पं. कमलेश तिवारी, विष्णु दीक्षित, राजेश सेन, राजेन्द्र सोनकर, मन्टू सोनकर, बाबा सोनकर एवं क्षेत्रीय नागरिकों सहित समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। कथा प्रतिदिन दोपहर दो बजे प्रारंभ होकर सायं 5 बजे तक होगी। क्षेत्रीय नागरिकों, धर्म प्रेमी बंधुओं से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ उठाएं। आयोजन में बाबूशंकर सोनकर, हरीशचंद्र सोनकर, बाबा सोनकर, अरुण द्विवेदी, शशिकांत, बबलू पहलवान, राजे आदे की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

कतिया समाज की बेटियां बनेंगी 'स्मार्ट गर्ल्स'

मेरी बेटी मेरी शान अभियान अंतर्गत अभा कतिया समाज महासंघ की पहल

जबलपुर। अखिल भारतीय कतिया समाज महासंघ ने समाज की बेटियों के उज्जवल भविष्य के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। "मेरी बेटी मेरी शान" के तहत एक विशेष दो दिवसीय स्मार्ट-गर्ल्स प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 13 वर्ष और उससे अधिक उम्र की सभी अविवाहित बेटियों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया जाएगा। कतिया समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एच.एस. महले राजकुमार ने इस पहल को एक अनुपम और स्वागत

योग्य प्रयास बताया। कार्यशाला में बेटियों को उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया जाएगा, जिसमें आत्मसम्मान, आत्मविश्वास, आत्मसुरक्षा, अच्छे मित्रों का चयन, सोशल मीडिया और इंटरनेट के नकारात्मक प्रभाव से बचने के उपाय और जीवन में सही निर्णय लेने की कला सिखाई जाएगी। यह कार्यशाला बेटियों को अपनी शारीरिक और मानसिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के साथ-साथ उन्हें एक सशक्त और प्रेरणादायक जीवन जीने के लिए तैयार करेगी। इसमें पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी, ताकि बेटियां तकनीकी रूप से स्मार्ट और जीवन के हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकें। इस कार्ययोजना में मुख्य रूप से एच.एस. महले, राष्ट्रीय अध्यक्ष जबलपुर, बलराम बेलवंशी, राष्ट्रीय महासचिव सोनभद्र, सेवकराम शिवेदी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सिवनी, आदि उपस्थित रहे।

20% अतिरिक्त पेंशन का लाभ वर्ष 81 से देगी सरकार

जारी आदेश से वरिष्ठ पेंशनर्स में आक्रोश

जबलपुर। प्रमुख पेंशनर्स एसोसियेशन के कार्यवाहक प्रांतीय अध्यक्ष एचपी उरमलिया ने मप्र शासन वित्त मंत्रालय द्वारा जारी आदेश 21.02.2025 के विरोध में मप्र शासन के मुख्य सचिव अनुराग जैन को एक ज्ञापन भेजकर बताया कि मप्र के वरिष्ठ पेंशनर्स को छठे वेतन आयोग की अनुशंसा के आधार पर राज्य के वरिष्ठ पेंशनर्स को केन्द्र शासन के अनुरूप वर्ष 80, 90, 95 और 100 वर्ष से अधिक पर 20 प्रतिशत के आधार पर अतिरिक्त पेंशन दिए जाने के आदेश मप्र शासन वित्त मंत्रालय द्वारा 03.08.2009 को जारी किए गए, किन्तु अब राज्य के पेंशनर्स का शोषण करते हुए सरकार ने एक नया आदेश जारी करके पेंशनर्स को 80 वर्ष से मिलने वाला लाभ अब 81 वर्ष में प्रारंभिक माह से प्रदान करने का आदेश दिया है, जबकि पूर्व आदेश के संबंध में अनेक पेंशनर्स मान. उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय में अपनी याचिकाएं प्रेषित करके न्याय प्राप्त कर चुके हैं, लेकिन राज्य शासन द्वारा उनका पालन नहीं किया गया और 21.02.2025 को नया आदेश जारी कर दिया जिससे राज्य के वरिष्ठ पेंशनर्स में आक्रोश व्याप्त है।

कार्यालय संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक 02
कछपुरा नगर निगम जबलपुर
क्रं./ सं.अ./ 02/ कछपुरा/ 2024/ M/Q-399
जबलपुर दिनांक 22/02/2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संजय रंगवानी पिता स्व. श्री भगवानदास ने मकान EWS-08, वार्ड कमला नेहरू, कुल क्षेत्रफल 440 वर्गफुट भूतल, विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है, जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रं.02 कछपुरा में प्रमाण- पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
स.क्र.02, कछपुरा
नगर निगम जबलपुर

प्राध्यापक संघ द्वारा सम्मान समारोह आयोजित

विद्यार्थियों से है प्राध्यापक की गरिमा

जबलपुर। प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ जबलपुर संभाग के प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय अध्यक्ष, डॉ. रवि कटारे, डॉ. शैलेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा डॉ. अरुण कक्कड़, वरिष्ठ प्राध्यापक, रसायन विज्ञान, शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर का लगभग 40 वर्ष की शासकीय सेवा पूर्ण करने पर पुष्पगुच्छ एवं शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। संभागीय अध्यक्ष प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि डॉ. अरुण कक्कड अपने विद्यार्थियों एवं सहकर्मियों के बीच अपनी सहजता, मिलन सारता एवं हँसमुख स्वभाव के कारण लोकप्रिय है। उन्होनें

विद्यार्थियों को अपने ज्ञान से हमेशा दिशा-दर्शन दिया है और प्राध्यापक की गरिमा एवं प्रतिष्ठा को बनाये रखा। शोधार्थियों को रसायन विज्ञान के क्षेत्र में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही देश-विदेश के विभिन्न संस्थानों में व्याख्यान एवं इनके शोध पत्रों का प्रकाशन हुआ है। प्रो. शुक्ल ने बताया कि प्राध्यापक की गरिमा उनके विद्यार्थियों से है, और इनके विद्यार्थी विभिन्न संस्थानों पर कार्यरत है। इस अवसर पर डॉ.शैलप्रभा कोष्टा, डॉ.राजीव मिश्रा, डॉ. राजेश शामकुंवर, डॉ. मीना केलर, डॉ. देवेन्द्र कोष्टा, डॉ. अवधेश बागरी, डॉ. राहुल पटेल, मानवेन्द यादव, डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, श्रीमती किरण पटेल, डॉ. राहुल झारिया, डॉ. तरुणेन्द्र साकेत, डॉ. शैलेन्द्र भवदिया के साथ उनके शोधार्थी उपस्थित रहें।

डॉ. ईशा त्रिवेदी ब्रांज मैडल से सम्मानित

जबलपुर। नेताजी सुभाषचंद्रबोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर की एमडी की द्वितीय वर्ष की छात्रा डॉ. ईशा त्रिवेदी को दतिया मेडिकल कॉलेज में हुई वार्षिक मध्य प्रदेश **pathocon** 2025 कॉन्फ्रेंस में "माइकोलॉजी फंगल इन्फेक्शन" विषय पर शानदार रिसर्च पोस्टर

प्रस्तुत करने हेतु ब्रॉन्ज मेडल की प्राप्ति हुई। वह अपनी सफलता के लिए गाइड मनीष नागेंद्र व मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु मेडिकल कॉलेज जबलपुर माइक्रो बायोलॉजी विभाग की प्रमुख डॉ. रीति जैन सेठ को श्रेय देती हैं।ऐसा करके उन्होंने जबलपुर शहर व मेडिकल कॉलेज जबलपुर का नाम ऊंचा किया तथा युवाओं के लिए प्रेरणा का कार्य किया। डॉ. ईशा बांग्लादेश युद्ध में शौर्य पुरस्कृत आईपीएस अधिकारी स्व. डॉ. ओमप्रकाश त्रिवेदी और उनके अनुज स्वर्गीय वरिष्ठ अधिवक्ता आदर्शमुनि त्रिवेदी की पौत्री हैं तथा ग्राहक पंचायत स्वर्णजयंती वर्ष समिति के अध्यक्ष रहे सिविल नेवी पायलट कैप्टन आलोक त्रिवेदी व प्रो. सुनीता त्रिवेदी की पुत्री हैं।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/266
दिनांक:- 24/02/2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि डॉ. ली. चन लियाओ पिता श्री टी. टी. लियाओ ने मकान नं. 1329/2,1 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 320 व.फु., प्रथमतल 320 व.फु. गिफ्टडीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/264
दिनांक:- 24/02/2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सतीश कुमार जायसवाल पिता श्री अर्जुन जायसवाल ने मकान नं. 177 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी क्षेत्रफल 427, भूतल 427 व.फु., प्रथमतल 427 व.फु., द्वितीय तल 200 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/263
दिनांक:- 24/02/2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शेख आजम पिता श्री शेख इसराफील ने मकान नं. 8/19 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 201 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार महोदय, अधारताल, जबलपुर (म.प्र.)
रा.प्र.क्र./5106/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक 24/02/2025

आम इश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदकगण श्री अशोक अहिरवार एवं श्री विकास अहिरवार, दोनों के पिता स्व. श्री नन्हेलाल अहिरवार, निवासी शहीद विक्रम स्कूल के पास, करमेता, जबलपुर को ग्राम करमेता, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 248/10, रकबा 2300 वर्गफिट भूमि जरिये पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 25/10/2017 को उनके पिता/वसीयतकर्ता श्री नन्हेलाल अहिरवार पिता स्व. श्री दल्लन अहिरवार से जरिये गवाह रज्जन लाल पिता हब्बी लाल अग्रवाल एवं सुशील पिता बालाप्रसाद, जवलपुर के समक्ष प्राप्त हुई है। वर्तमान राजस्व अभिलेखों में वसीयतकर्ता श्री नन्हेलाल अहिरवार पिता स्व. श्री दल्लन अहिरवार का नाम भूमिस्वामी स्वत्व में दर्ज है। वसीयतकर्ता का निधन दिनांक 30/12/2020 को हो गया है एवं उनकी पत्नि श्रीमति पानबाई का भी निधन दिनांक 30/06/2021 को हो गया है। अतः वसीयतकर्ता के फौत पश्चात उनके पुत्र/वसीयतगृहिता/आवेदकगण के द्वारा राजस्व अभिलेखों में नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 12/03/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-24.02.2025
पेशी दिनांक-12.03.2025
मुद्रा
अतिरिक्त तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर